माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 12, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

यूपी बजट 2024-25

योगी सरकार का महाबजट

लगभग 25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश के लिए उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का वार्षिक मेगा बजट सोमवार को सामने आ गया। लोकसभा चुनाव से पहले 80 संसदीय सीट वाले राज्य के अब तक सबसे बड़े बजट में महिला, युवा, किसान, रोजगार सृजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, धार्मिक स्थलों पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने शेर-ओ-शायरियां करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। प्रस्तुत बजट की व्याख्या एक लाइन में समझें तो इसमें प्राचीनता के साथ आधुनिकता का समावेश कर उप्र. को विकास की दौड़ में आगे लाने की मंशा दिखती है।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बजट के खास पहलुओं को देखें तो पाते हैं कि, लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर लगभग 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित की जायेगी। इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ चार हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है जिसके अन्तर्गत संस्था द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलाजी परियोजना में निवेश किया जायेगा।

वहीं, शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरु किया जा रहा, इसके लिये 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। इसके तहत अपना व्यवसाय शुरु करने के लिए अधिकतम पांच लाख तक की ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

बजट में 195 करोड़ रुपए से खेल सुविधाओं का विकास करने की भी व्यवस्था है। खेल अवस्थापना सुविधाओं के लिए बजट में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए निजी सहभागिता से भी खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं, 1.50 लाख रुपए के मानदेय पर 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की रास्ता खोला गया है।

07 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का बजट पेश

60 साल पूरा करने के बाद महिला-पुरुष किसानों को तीन हजार रुपए पेंशन

25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का बजट

3.46% राजकोषीय घाटा के साथ बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये की नई योजनाएं शामिल

आस्था, अन्त्योदय व अर्थव्यवस्था को समर्पित बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत होने के बाद विधान भवन स्थित तिलक हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बजट आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है। बजट में बढ़ोत्तरी डबल इंजन सरकार की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के विजन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन तथा 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। बीते 7 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

<< बजट पेश करने विधानसभा जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

सपने दिखाने वाला बजट: अखिलेश

विधानसभा में सोमवार को प्रस्तुत 2024-25 के बजट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ये दिल्ली वाले और लखनऊ वाले केवल बड़े-बड़े सपने दिखा रहे हैं। पत्रकारवार्ता करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का ये बजट केवल 10 प्रतिशत लोगों के लिए है। 90 प्रतिशत लोगों को मायूसी हाथ लगी है। उन्होंने कहा, इस बजट से गैर बराबरी बढ़ेगी।

चुनावी हित ज्यादा : मायावती

वर्ष 2024-25 का बजट पार्टी के चुनावी हित का ज्यादा और व्यापक जनहित व जनकल्याण का कम लगता है। विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी जगह, पर क्या विकास सम्बंधी सरकार के पिछले सारे वादे पूरे हो गये हैं, इसका भी मूल्यांकन जरूरी है। सरकार सर्वसमाज के हित, विकास व कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जितने में भी दावे व वादे बजट में करती है, उसका सही से अनुपालन जरूरी है।

बजट में क्या-क्या खास

- युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण
- रोजगार प्रोत्साहन कोष का गठन, जिसमें ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप की व्यवस्था
- वाराणसी में राजकीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना, 2 मेगा राजकीय आईटीआई की स्थापना
- 69 आईटीआई के अपग्रेडेशन, स्पोर्ट साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष की स्थापना, 22 हजार मिनी आंगनवाड़ी केंद्र को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में डेवलप किया जाना
- 46 साल बाद प्रदेश के अंदर नया शहर बनेगा, जो कानपुर और झांसी के बीच होगा
- स्पिरिचुअल टूरिज्म जिसमें अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिष, विंध्याचल, देवीपाटन और बरेली में नाथ कॉरीडोर की थीम पर आधारित इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास
- प्रयागराज में कुंभ संग्रहालय और आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के लिए धनराशि की व्यवस्था
- अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध केंद्र की स्थापना
- कृषि एक प्राथमिक सेक्टर में किसानों के लिए मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, राज्य कृषि योजना भी प्रस्तावित
- निजी नलकूप किसानों को बिजली उपलध कराने के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया
- ग्लोबल वार्मिंग से कृषि को प्रभावित होने से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना
- लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित होगी
- इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधायें रहेंगी
- हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ 4 हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू से नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलॉजी परियोजना में निवेश

मेगा बजट में किस विभाग को क्या और कितना मिला

राज्य सरकार ने 2024-25 के पेश बजट में लगभग हर क्षेत्र के लिए कुछ ना कुछ घोषणाएं की। एक नजर में समझिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा, रोजगार, पर्यटन, उद्योग, महिला बाल विकास आदि क्षेत्र में आम जनता को क्या-कितना मिला है।

575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड को

- सौर ऊर्जा नीति2022 के तहत अगले पांच साल में 22000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य। 2017 में 288 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थीं, जो अब लगभग 2600 मेगावॉट है।
- 2600 करोड़ महाकुम्भ मेला-2025 के लिए, 100 करोड़ अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए
- 575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड विकास निधि में
- डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन देने पर प्रतिबंध हटाए जाने से करीब एक लाख किसानों को मिलेगा सीधे लाभ।
- 14 जिलों में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन। 16 असेवित जिलों में निजी निवेश से मेडिकल कॉलेज बनाया जाना प्रस्तावित।
- राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रामा सेंटर लेवल-2 को ट्रामा सेंटर लेवल-एक में 100 बेड व एपेक्स ट्रामा सेंटर में दो सौ बेड से उच्चीकृत करने के लिए तीन सौ करोड़ की व्यवस्था।
- गर्मी में लगातार बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वर्तमान वर्ष की तुलना मंज 33 प्रतिशत अधिक।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयुष विभाग के तहत गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोनखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा करने तथा अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नए शहर प्रोत्साहन के तहत टाउनशिप विकसित करने के लिए वर्ष 2024-25 को बजट में 3000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित।
- आगरा मेट्रो रेल परियोजना में उप्र के अंश के रूप में 346 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित।
- पीएम आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 2441 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित।
- बुंदेलखंड में नए औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का गठन कर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अनुरूप बुंदेलखंड में भी औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय टाउनशिप विकसित करने की योजना।
- आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में अध्यनरत खिलाड़ियों की ट्रेनिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की डेढ़ लाख रुपए मानदेय की व्यवस्था।
- गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के 2057 करोड़ 76 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो कि वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुने से अधिक है।
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- गत वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19 .2 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी।
- पारेषण तंत्र की कुल क्षमता जो वित्तीय वर्ष 2016-17 में 16,348 मेगावॉट थी, जिसे 2022-23 में बढ़ाकर 28,900 मेगावॉट रही 2023-24 में इसे बढ़ाकर 31,500 मेगवॉट करने का लक्ष्य।
- जल जीवन मिशन के लिए 22 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई प्रस्तावित। इसमें से दो हजार करोड़ रुपये अनुरक्षण मद के लिए निर्धारित।
- अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम की स्थापना व उसके विस्तार के लिए 150 करोड़ की व्यवस्था हुई प्रस्तावित।
- उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के तहत गंभीर अपराधों से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को एक लाख से 10 लाख रुपये तक की दी जाएगी आर्थिक क्षतिपूर्ति।
- महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा को देखते हुए सेफ सिटी परियोजना के तहत महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे तथा लाईट लगवाना। डार्क स्पाट्स-हॉट प्वाइंट्स का चिन्हीकरण, पिंक बूथों की स्थापना, बस व टैक्सियों में पैनिक बटन लगवाने की व्यवस्था।

नगर विकास

2500 करोड़ से होगा महाकुंभ का आयोजन

अगले साल प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने नगर विकास के माध्यम से 2500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस राशि के जरिए नगर विकास विभाग विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगा। इसके अलावा सरकार ने महाकुंभ के आयोजन के लिए संस्कृति विभाग को भी 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है, जिससे महाकुंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

- **विश्वस्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगी सरकार**
- **महाकुंभ में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 100 करोड़ रुपये का भी आवंटन**





युवा उद्यमी विकास अभियान

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था

शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को प्रोत्साहन, पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त कर्ज

नई योजना का आगाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को नया उपहार दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में बताया कि प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नए सूक्ष्म उद्यों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उददेश्य से योगी सरकार द्वारा नई पहल की जा रही है।

वित्त मंत्री ने सदन में बताया कि योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष 1,00,000 इकाइयों-यूनिट्स को वित्त पोषित कर आगामी 10 वर्षों में एक मिलियन यूनिट्स को सीधे लाभान्वित किया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/ डिग्री युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी।

योजना के अंतर्गत प्रथम लोन के भुगतान के बाद इकाई द्वितीय स्टेज वित्तपोषण के लिए पात्र होगी। इसके अंतर्गत पहले स्टेज के लोन के दोगुना, अधिकतम-7.50 लाख तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए भी अनुदान की व्यवस्था की गई है।

01 लाख इकाइयां वित्त पोषित होंगी। आगामी 10 वर्षों में 10 लाख का लक्ष्य

05 लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी

07 लाख पचास हजार तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा

मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना समेत कई योजनाएं होंगी शुरू

कृषि-किसान

लखनऊ, अमृत विचार : कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए नये वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना व राज्य कृषि विकास योजना समेत कई योजनाएं शुरू होंगी। कृषि बजट में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राज्य कृषि विकास योजना, विश्व बैंक सहायतित एग्रीज योजना व प्रदेश के विकास खंडों-ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन-ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की जाएगी। इन योजनाओं के लिए क्रमश: 200-200 करोड़ रुपये व 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल कृषि क्षेत्रफल 241 .70 लाख हेक्टेयर है, जिसमें 160 .95 लाख हेक्टेयर में खेती की जा रही है। सरकार ने प्रदेश में कृषि क्षेत्र की विकास दर 5 .1 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। कृषकों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 2400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

युवाओं के लिए ओडीओपी के अनुरूप कोर्स चलाएगी सरकार

कौशल विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार ने व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के तहत कई प्राविधान किए हैं। इसके तहत व्यावसायिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु व्यावहारिक या वोकेशनल ओरिएंटेशन कार्यक्रम तथा माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए विद्यालयों को हब एवं स्पोक्स मॉडल के रूप में विकसित करते हुए ओडीओपी के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की योजना है।

इसके तहत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से 12वीं उत्तीर्ण करने पर यूपी बोर्ड के प्रमाण-पत्र के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में माध्यमिक स्तर के 804 राजकीय एवं 729 सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रवीण योजना के तहत 301 राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भी कौशल आधारित पाठ्यक्रम के लिए 113 महाविद्यालयों का चयन किया गया है।

150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बनेंगी आधुनिक लैब: विद्यार्थियों के कौशल प्रशिक्षण के क्रेडिट उनके क्रेडिट बैंक में सम्मिलित किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। टाटा टेक्नोलोजीज के सहयोग से 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक कार्यशालाओं एवं कक्षा का निर्माण अंतिम चरण में है।

4 हजार करोड़ रुपये पीएमएवाई के लिए आवंटित। नगर विकास विभाग को बजट में 25,698 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

01 हजार करोड़ से खत्म होगी बाढ़ और जलभराव की समस्या। वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई अमृत 2.0 योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था।

01 अरब रुपये कृषि क्षेत्र में नए कोर्सों के लिए प्रस्तावित। महात्मा बुद्ध कृषि विवि की स्थापना को 100 करोड़ का प्रस्ताव।



1950 करोड़ से रुपये से होगा प्रदेश में खेल सुविधाओं का विकास

खेल बजट

लखनऊ। प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने बजट में अनेक प्राविधान किए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्राविधान विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापनाओं के विकास से जुड़ा है, जिसके लिए 1950 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 67 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त योगी सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना के लिए 12 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों की चोट का समुचित इलाज संभव हो सकेगा।

ऊर्जा: गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ की व्यवस्था

लखनऊ, अमृत विचार : गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बजट में दो हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। पिछले साल की तुलना में यह 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही, निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 1800 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। यह चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। बजट में बिजली के पारेषण तंत्र को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। नये वित्तीय वर्ष में पारेषण तंत्र की क्षमता बढ़ाकर 31,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य है।

परिवहन : बसों का बेड़ा बढ़ाने को 500 करोड़

लखनऊ अमृत विचार : बस यात्रियों को सस्ती एवं गुणवत्ता पूर्ण यात्रा सुलभ कराने के उद्देश्य से सरकार ने बस बेड़ो में वृद्धि के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश की महिला यात्रियों को निगम बसों में नि :शुल्क यात्रा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक 1 .03 करोड़ से अधिक महिला यात्रियों को नि :शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई है। निर्भया योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए 50 वातानुकूलित पिंक सेवाएं संचालित हैं, जिसमें महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु सभी बसों में पैनिक बटन स्थापित है। किसी भी आपदा की स्थिति में यात्रारत महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस की डायल 112 सेवा के निरंतर संपर्क में रहती है।

बेसिक के बच्चों की ड्रेस-बैग के लिए 1000 करोड़

बेसिक शिक्षा

बेसिक शिक्षा के तहत योगी सरकार ने कक्षा- एक से आठ तक अध्ययनरत लगभग 2 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए नि :शुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ तथा स्कूल बैग हेतु 350 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। बेसिक शिक्षा के तहत छात्र/छात्राओं के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिए क्रय प्रक्रिया को बंद करते हुए डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये प्रति बच्चे की दर से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में हस्तान्तरित की जा रही है। इसके अलावा, वंचित एवं दुर्बल वर्ग के 2 लाख से अधिक बच्चों को वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे प्रवेश दिलाए जाने का लक्ष्य है, जिसके लिए 255 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वनटांगिया गांवों में 36 प्राथमिक विद्यालयों के संचालन के 144 पद सृजित किए गए हैं तो गरीबी रेखा से ऊपर के लगभग 30 लाख छात्रों को नि :शुल्क यूनिफार्म वितरण के लिए 168 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

तकनीक पर जोर, निजीकरण को प्रोत्साहन

माध्यमिक शिक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में कई प्राविधानों की घोषणा की। इसमेंमाध्यमिक शिक्षा में आईसीटी लैब की व्यवस्था के साथ उच्च और प्राविधिक शिक्षा के तहत नए विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण की ओर ध्यान दिया गया है। सरकार का जोर तकनीकि के साथ निजाकरण पर ज्यादा दिखा। माध्यमिक शिक्षा के तहत, 2024-2025 तक प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने एवं प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास तथा आईसीटी लैब की व्यवस्था किए जाने के लिए समग्र शिक्षा योजना के तहत 516 .64 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यही नहीं, नए राजकीय संस्कृत विद्यालयों की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रावास एवं मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 .46 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं, सैनिक स्कूल, गोरखपुर के संचालन के लिए 4 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

प्रत्येक राज्य विवि को मिलेगा 51.20 करोड़

उच्च शिक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : उच्च शिक्षा में विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद मंडल मे एक राज्य विश्वविद्यालय तथा देवी पाटन मंडल में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय हेतु 51 .20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 30 करोड़ रुपये , नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना तथा राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण किए जाने के लिए 55 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दूसरी तरफ, प्राविधिक शिक्षा के तहत, प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 169 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

अयोध्या एयरपोर्ट का होगा विस्तार जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी बजट में प्राविधान किये गये हैं। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) तथा राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति के तहत धन खर्च किये जाने हैं। बजट में इस बात का भी उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19 .2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के लिए चयनित एयरपोर्ट्स अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट विकसित तथा म्योरपुर (सोनभद्र) व सरसावा (सहारनपुर) के एयरपोर्ट्स का कार्य गतिमान है। इसके अलावा अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्या धाम' के विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण एवं भूमि अर्जन के लिए 1100 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के जेवर में अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कार्य एवं भूमि क्रय के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था भी बजट में की गई है।

नजरिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति से यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यस्था की ओर

श्रीराम को समर्पित बजट में लोकसभा चुनाव की छाप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति की बदौलत देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश अब वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। बजट का सबसे खास पहलू यह है कि योगी सरकार ने अपना यह बजट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लोकमंगलकारी भावना को समर्पित किया है। स्वाभाविक है कि भगवान राम को समर्पित बजट से योगी के रामराज्य के संकल्प को आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

वैसे आसान भाषा में समझने के लिए वन ट्रिलियन का मतलब दस खरब रुपये और वन ट्रिलियन डॉलर मतलब करीब 830 खरब रुपये की अर्थव्यवस्था से है। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है। शायद इसीलिए योगी सरकार ने बजट में एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सांख्यकीय प्रणालियों

(एसएसएस) की मजबूती एवं ऑनलाइन डेटा स्टोरेज और क्लाउड स्टोरेज की सुविधाओं की स्थापना का ऐलान किया है।

इसमें कोई शक नहीं कि यूपी की अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर होने का संकल्प पूरा होगा। योगी सरकार ने वर्ष-2024-25 का अब तक सबसे बड़ा बजट पेश करके इस दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश सात लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये (7,36,437.71 लाख रुपये) का बजट ऐतिहासिक है।

गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

बजट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के साथ-साथ राज्य के विकास पर फोकस किया गया है। कुछ लोकलुभावन घोषणाओं से बजट में आगामी लोकसभा चुनाव की छाप भी नजर आती है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाओं की बजट में व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से एक ओर जहां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है, वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याण कोष का गठन करके सरकार ने बुजुर्गों की दुआएं हासिल करने की व्यवस्था की हैं।

बजट में अयोध्या, काशी, मथुरा,-वृंदावन के साथ साथ नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, देवापाटन धाम, और नाथ कोरिडोर बरेली में थीम आधारित बुनियादी ढांचे के विकास से यहां श्रद्धालुओं और धार्मिक पर्यटको खासी सुविधाएं मिल सकेंगी। ऐसा करके योगी सरकार ने विकास और धर्म के समन्वय का एजेंडा तैयार कर दिया है। इस तरह की दृढ़ इच्छा योगी सरकार ने कई विकास और धार्मिक योजनाओं में दिखाई है, जिसके बल पर योगी सरकार निश्चित रूप से आगामी वर्षों में वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने सफल हो सकेगी।

माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 12, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड 16

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा 15

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

एक नजर

डीआरडीओ ने किया अभ्यास यान का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) - अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किए गए। ये परीक्षण चार अलग-अलग मिशन उद्देश्यों जैसे बूस्टर की सुरक्षित रिहाई, लॉन्चर क्लीयरेंस और लॉन्च वेग की गति के संबंध में किए गए।

ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि इसके प्रति आम जनता का भरोसा कम हो रहा है। कांग्रेस के सदस्य दिग्विजय सिंह ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम हो रहा है। चुनाव आयोग ने 28 राजनीतिक दलों को मिलने का समय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देश में वोट डालने का मकसद खत्म हो रहा है। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करना चाहिए। वोटर यह अधिकार है।

विपक्ष ने लिया है लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 14 घंटे तक चली चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

कहा-विपक्ष की वर्तमान में जो हालत है इसके लिए कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर देश की बदहाली और भ्रष्टाचार को महिमामंडित करने का आरोप लगाया और कहा कि वह विपक्षी 'नामदारों' के ताने सुनते रहेंगे लेकिन कामदारों के साथ देश को आगे बढ़ाने, भ्रष्टाचार से लड़ने में लगे रहेंगे। मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर करीब 14 घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर प्रहार किए और कटाक्ष किया कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से विश्वास हो गया है कि उसने अरसे तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। मोदी ने यह भी दावा किया कि अगले लोकसभा चुनावों में राजग को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी लेकिन भाजपा को भी 370 सीटें अवश्य प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस की गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है और हम इसे सुधारने के लिए काम करते रहेंगे क्योंकि हमारे लिए 'राष्ट्र प्रथम' है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह बहुत बड़ा अवसर और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।

पूरा देश कह रहा...अबकी बार 400 पार

मोदी ने कहा कि दूसरे कार्यकाल में देश की जनता की बहुत पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। अनुच्छेद 370 को हटते देखा। नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाए। अंतरिक्ष से ओलंपिक तक और सशस्त्र बलों से लेकर संसद तक नारीशक्ति की धूम है। अंग्रेजी सरकार के दंडात्मक कानून खत्म करके न्याय संहिता को लाया गया। अयोध्या में भगवान अपने घर में लौटे हैं। अब हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है... अबकी बार 400 पार।

गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे कांग्रेस : शर्मिष्ठा मुखर्जी

जयपुर। राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। शर्मिष्ठा ने विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है। लेकिन इस उपस्थिति को कैसे मजबूत करना है? ये सवाल है। लेकिन इस पर विचार करना कांग्रेस नेताओं का काम है।

देंगे विकसित भारत के निर्माण को रफ्तार

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के 2014 के अंतरिम बजट के भाषण के हवाले से कहा कि भारत के 11वीं अर्थव्यवस्था बनने पर कांग्रेस को गर्व था लेकिन आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने का मजाक उड़ाती है। दावा किया कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, यह मोदी की गारंटी है। कहा कि तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर के पास हुई दुर्घटना

कानपुर देहात में सड़क हादसा छह की मौत, दो बच्चे घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

▸▸ पलटने के बाद खुले पड़े नाले में गिरी तेज रफ्तार कार

▸▸ इटावा से तिलक चढ़ाकर लौट रहे थे कार सवार लोग

अमृत विचार : सिकंदरा थाना क्षेत्र जगन्नाथपुर गांव के पास सोमवार की भोर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए लोग इटावा में तिलक चढ़ा कर गांव लौट रहे थे।

कानपुर देहात के डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज कुमार की बेटी की शादी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप गांव में तय हुई है। रविवार को परिवार और खास नाते-रिश्तेदार तिलक चढ़ाने के लिए इटावा गए थे। इटावा के गेस्ट हाउस में तिलकोत्सव निपटाने के बाद देर रात सभी लोग गांव लौट रहे थे। सोमवार की भोर में कार सवार लोग सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी तेज रफ्तार डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी।

नाले में कार गिरने से उस पर बैठे सभी लोग दब गए। जब कुछ लोग उधर से गुजरे तो नाले में कार पलटी देख पुलिस को सूचना दी। सिंकदरा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे आठ लोगों को बाहर निकालकर सिकंदरा सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।हादसे में मुर्रा गांव के रहने वाले कार चालक विकास (42), खुशबू (17), प्राची (13), संजय उर्फ संजू (55), प्रतीक (10) और शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरी सवाई निवासी गोलू (16) की मौत हुई है। वहीं मुर्रा गांव के विराट (18) और वैष्णवी (16) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

दुर्घटनास्थल पर जानकारी करते पुलिस अधीक्षक।

गम के माहौल में आज पड़ेंगी भांवरें

घर में शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, इस लिहाज से परिवार ने नियत कार्यक्रम के अनुसार ही शादी करने का फैसला लिया है। मंगलवार को गम के माहौल के बीच सुगम शर्मा की भांवरें पड़ेंगीं। परिवार के लोगों का कहना है कि नाते-रिश्तेदारों और वर पक्ष के लोगों से सलाह-मशविरा करने के बाद छह फरवरी को ही शादी की रस्मे पूरी करने का फैसला लिया गया है। शादी तो होगी, मगर खुशियां दूर-दूर तक नहीं दिखेंगी।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

हम हैरान हैं, यह तो लोकतंत्र का माखौल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश

▸▸ आप के पार्षद ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को कथित तौर पर विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का माखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनावी कार्यवाही का वीडियो देखने के बाद नाराजगी जताई और कहा कि प्रथम दृष्टया, निर्वाचन अधिकारी ने मत पत्रों को विरूपित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह लोकतंत्र का माखौल है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह हत्या नहीं करने देंगे। पीठ ने आदेश दिया कि मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग संरक्षित रखी जाए। आप के एक पार्षद ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चंडीगढ़ महापौर चुनाव नए सिरे से कराने के पार्टी के अनुरोध पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 वोट मिले थे। वहीं, आठ वोट को अवैध घोषित कर दिया गया था।

न्याय की मांग को लेकर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने मेयर चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि इस मामले में न्याय मिलने तक पार्टी भूख हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ. सनी अहलूवालिया ने कहा कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर एक बार फिर बल प्रयोग किया और प्रदर्शन खत्म कराने के लिए आप नेताओं को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि वे हमें डरा नहीं सकते। वे हमें हमारे लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि हमने प्रशासन से अनुरोध किया है कि भूख हड़ताल करने वाले हमारे केवल पांच लोग (चार कार्यकर्ता और एक पार्षद) सेक्टर 17 में नगर निगम भवन के सामने बैठेंगे।

5 वर्ष होगा लोकायुक्त व उप लोकायुक्त का कार्यकाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ योगी कैबिनेट ने आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का किया फैसला

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का फैसला किया है। इस संशोधन के लिए विधेयक लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-42, सन् 1975) में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के निर्धारित पांच वर्ष के कार्यकाल को अपरिहार्य विशिष्ट परिस्थितियों तथा कार्यहित में छह जुलाई 2012 की अधिसूचना द्वारा संशोधित करते हुए आठ वर्ष निर्धारित किया गया था। कैबिनेट ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य व कार्यहित को देखते हुए आठ वर्ष का कार्यकाल अत्यधिक होने के कारण इसे लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम-2013 के सामान कार्यकाल पांच वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु जो पहले हो, का प्राविधान करने का फैसला किया। इसके लिए अब उत्तर प्रदेश लोकायुक्त व उप लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक 2024 लाया जाएगा। कैबिनेट ने फैसला लिया कि उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 में संशोधन करने के लिए विधेयक विधान मंडल में प्रस्तुत किया जाएगा।

चार निजी विश्वविद्यालय की स्थापना को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की निजी क्षेत्र में चार विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, बोधिसत्व विश्वविद्यालय बाराबंकी, राधा गोविंद विश्वविद्यालय चंदौसी, संभल और जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के ग्रेटर नोएडा परिसर में दूरस्थ केंद्र की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने को मंजूरी दी।

नए शहरी क्षेत्रों में विद्युतीकरण के लिए 498 करोड़

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक राज्य सरकार ने नए शहरों में विद्युतीकरण के लिए उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन को दूसरी किस्त का 498 करोड़ रुपये देने का फैसला किया है। नगर सृजन योजना के अंतर्गत 346 निकायों में 179 ऐसे हैंजो नए, विस्तार और उच्चीकृत की श्रेणी के नहीं हैं, लेकिन अब इनको भी शामिल करते हुए दूसरी किस्त का पैसा देनेका फैसला किया गया है।

पर्यटन भूमि लीज के लिए बनेगी नीति : कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा गया कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित सरकारी भूमि बैंक के भू-भाग को बाधामुक्त पट्टे की सुविधा के लिए यह नीति बनेगी। एक अन्य प्रस्ताव के तहत सिंचाई व जल संसाधन विभाग के निष्प्रयोज्य डाक बंगले निरीक्षण भवन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का फैसला लिया गया है।

राज्यों को सिमी पर प्रतिबंध लगाने का मिला अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना

केंद्र ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आतंकवादी समूह 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) को आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित करने का अधिकार दे दिया। केंद्र सरकार ने 29 जनवरी को सिमी पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था। आतंकी संगठन पर प्रतिबंध को विस्तारित करते हुए सरकार ने कहा था कि समूह देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति एवं सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार निर्देश देती है कि धारा 7 और 8 के तहत उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों का इस्तेमाल राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा भी गैरकानूनी संगठन सिमी के संबंध में किया जाएगा। दस राज्य सरकारों- आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश ने यूएपीए के तहत सिमी को गैर कानूनी संगठन घोषित करने के लिए सिफारिश की है।

उपलब्धि | **शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश को संगीत एल्बम के लिए मिला अवार्ड**

ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने दिखायी 'शक्ति', पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तबला वादक जाकिर हुसैन को 3 और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया को दो पुरस्कार

भारत ने संगीत के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 'ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024' में अपना जलवा बिखेरा और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। 'शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मूमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था।

संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट' शक्ति को बधाई। हुसैन को शक्ति के अलावा 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का अवार्ड भी मिला। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत श्रेणी में आठ नामांकन थे जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिखाई दिए हैं।

प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं : हुसैन

महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'पश्तो' और 'एज वी स्पीक' के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते। उस्ताद जाकिर हुसैन ने 'पश्तो' के लिए पुरस्कार लेते वक्त कहा कि प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। कहा कि एकेडमी का शुक्रिया, हमें आज यह खूबसूरत संगीत देने के लिए इन सभी महान संगीतकारों का शुक्रिया।

शंकर महादेवन ने पत्नी को दिया जीत का श्रेय

महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और जाकिर हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा कि हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। राजगोपालन ने इस पुरस्कार के लिए रिकॉर्डिंग एकेडमी का आभार जताया।

'शक्ति' के कलाकारों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर भारत को गर्व है। 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है।

ग्रैमी में भारत पर पुरस्कारों की बारिश : एआर रहमान

स्लमडॉग मिलेनियर के लिए 2008 में दो ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले एआर रहमान ने इंस्टाग्राम पर हुसैन, महादेवन और सेल्वागणेश के साथ एक सेल्फी साझा की। जाने-माने संगीतकार रहमान ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है...ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई।

प्रस्तुत बजट सर्व समावेशी व विकास की राह दिखाने के साथ-साथ रामराज की परिकल्पना साकार करने वाला है। इससे विकास को गति मिलेगी, साथ ही, प्रदेश की आधारभूत संरचनाओं, बेहतर कनेक्टिविटी व युवाओं के लिए कौशल विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।
-आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल

ऐसा है वार्षिक बजट का स्वरूप

उप्र. के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है। इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुये अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है। बजट में राजस्व बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74.147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जो वर्ष के लिये अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

विधान सभा में सोमवार को सत्र के दौरान वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कार्यवाही के दौरान मौजूद विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पक्ष-विपक्ष के अन्य सदस्य। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने बजट का आकार बढ़ाने में बनाया नया रिकॉर्ड

वर्ष 2017-18 से लगातार बढ़ रहा प्रदेश का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ष बजट के आकार में बढ़ोत्तरी हुई है।

योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के पहले साल में ही योगी सरकार ने 2017-18 बजट में कुल 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी। जो कि 10.87 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख चौरासी हजार छह सौ उनसठ करोड़ सतासी लाख रुपये (3,84,659.71) हो गया था। जबकि साल 2018-19 में 11.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बजट चार लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ चौरासी करोड़ बावन लाख रुपये (4,28,384.52) तक हो गया था।

साल 2019-20 में सरकार ने

- **वर्ष 2017-18 के बजट में 10.87 प्रतिशत बढ़ोतरी की थी**
- **वर्ष 2019-20 में बजट में 11.97 प्रतिशत की हुई थी बढ़ोतरी**

बजट में 11.97 प्रतिशत की और बढ़ोतरी की। इस वर्ष सरकार ने चार लाख उन्यासी हजार सात सौ एक करोड़ दस लाख रुपये (4,79,701.10) का बजट पेश किया। साल 2020-21 में महज 6.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ योगी सरकार ने पांच लाख बारह हजार आठ सौ साठ करोड़ बहत्तर लाख रुपये (5,12,860.72) का बजट पेश किया। अगले वर्ष सरकार ने 7.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए पांच लाख पचास हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ अठहत्तर लाख रुपये (5,50,278.78) का बजट प्रस्तुत किया।

योगी आदित्यनाथ दोबारा बहुमत से सत्ता में वापसी के बाद उसी वर्ष 2022-23 बजट में 11.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब उप्र का बजट बढ़कर छह लाख पंद्रह हजार पांच सौ अट्ठारह करोड़ सत्तानवे लाख रुपये (6,15,518.97) हो गया। बजट 2023-24 में 11.85 प्रतिशत रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई और बजट का आकार छह लाख नब्बे हजार दो सौ बयालिस करोड़ तिरालिस लाख रुपये (6,90,242.43) तक पहुंच गया। अब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सोमवार को पेश किए गए 2024-25 के बजट में सरकार ने 6.7 प्रतिशत की बजट में वृद्धि के साथ अब तक यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट वित्त मंत्री ने सात लाख छत्तीस हजार चार सौ सैंतीस करोड़ इकहत्तर लाख रुपये (7,36,437.71) का पेश किया।

आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है...

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: भारी-भरकम बजट प्रस्तुत करने के दौरान सदन का माहौल हल्का फुल्का करने के लिए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शायरी का सहारा लिया। बजट पढ़ते समय उनका शेरो-शायरी के तड़का सुनकर बीच-बीच में सदस्यों ने ठहाके भी लगाए। सुरेश खन्ना की सदन में कही गई चुनिंदा शेरो-शायरी कुछ इस तरह रहीं-

- बजट को उम्मीदें पूरा करने वाला बताते हुए उन्होंने शेर पढ़ा-
- हौसले दिल में जब मचलते हैं, आंधियों में चिराग जलते हैं।
- वहीं, चिकित्सा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- मुक्त हूं कर्तव्य की चिन्ताओं से, दर्द से दुःख से मुझे आराम है।
  हर किसी के वास्ते हर वस्तु है, यह हमारे ऐश्वर्य का पैगाम है।
- बुन्देलखण्ड क्षेत्र औद्योगिक विकास पर बात रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- पैदा नजर-नजर में एक ऐसा मुकाम कर, दुनिया सफर करे तेरे दामन को थाम कर।
- गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को आवासीय सुविधा का जिक्र करने के दौरान उन्होंने कविता पढ़ी-
- आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है,
  ढ़ल गयी है आह भी संगीत में,
  जगमगाता है हृदय का अंधकार,
  कष्ट परिवर्तित हुए हैं गीत में।



विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं हो रहीं उपलब्ध: ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि साल 2017 से पहले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। चिकित्सक अस्पताल जाते नहीं थे। दवाओं का अभाव था और मशीनें चलती नहीं थीं। आज हम विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध करा रहे हैं। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। सपा की मानसिकता दूषित हो चुकी है। उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। यही कारण है कि उन्हें हर काम में नकारात्मकता नजर आती है।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सिर्फ 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। हर मेडिकल कॉलेज में पैरा मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों की क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से ग्रेडिंग कराई जा रही है। प्रदेश में 25 हजार से अधिक सब सेंटर हैं। हर दिन सरकारी अस्पतालों में 1.75 लाख मरीजों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है।

पांच हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन होता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अब तक 4.86 करोड़ लाभार्थियों का पंजीयन हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले 774 चिकित्सकों को चिन्हित किया है, उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है।

यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का बजट है

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास में इजाफा करने वाले इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश विकास संबन्धी हर क्षेत्र में नंबर एक की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से हमने गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने में कामयाबी हासिल की है। विपक्ष पूरी तरह से डीरेल है। सपा नेताओं के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनकी मानसिकता दूषित हो चुकी है। हर कार्य में उन्हें नकारात्मकता नजर आती है।

रामराज्य की ओर बढ़ चला प्रदेश: भूपेंद्र चौधरी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेशवासियों के लिए कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ चला है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाये गये रोड मैप की झलक है। बजट में गाँव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं का ख़ास ध्यान रखा है। रोज़गार सृजन के साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और उनको सशक्त बनाने की भी बात बजट में की गई है।

बजट बड़ा पर कुछ नया नहीं: आराधना मिश्रा

नेता कांग्रेस विधानमंडल आराधना मिश्रा ने कहा कि दल बजट बड़ा है, पर महत्वपूर्ण विभागों के लिए कुछ नया नहीं है। बजट का आकार और संख्या बड़ी होना बजट की सफलता की निशानी नहीं है, क्योंकि पिछले बजट को इसी तरह बड़ा बनाया गया था लेकिन 40 प्रतिशत विभागों ने अपना आवंटित बजट खर्च नहीं किया, जब पिछले बजट का आवंटन विभाग खर्च नहीं कर पाए तो बजट को खर्च किए बिना प्रदेश का विकास कैसे हो सकता है। बजट को सबसे बड़ा बढ़कर कीर्तिमान रचने की बात की जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश बजट में अधिकांश आवंटन सिर्फ पुरानी योजनाओं को लेकर ही है।

उम्मीद रहित यथास्थितिवादी बजट:अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश का बजट उम्मीद रहित यथास्थितिवादी है। बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शब्दों और जुमलों की बाजीगरी करता हुआ यह बजट प्रदेश के युवाओं को भ्रमित, पिछड़ों और अनुसूचित वर्गों से साथ छलावा, महिलाओं को निराश व किसानों को हताश करने वाला है।उन्होंने कहा कि किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार का सच यह है कि प्रदेश की कृषक गृह (एग्रीकल्चर हाउसहोल्ड) की औसत मासिक आय 6668 है जो राष्ट्रीय औसत आय 8931 से 35 प्रतिशत कम है।

आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा: अनुप्रिया

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट प्रदेश के अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के सामाजिक व आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश के बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों के कल्याण की व्यवस्था की गई है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि 7.36 लाख करोड़ रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानो के कल्याण की व्यवस्था की गई है।

महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले ही पेश हुए बजट में हर वर्ग को साधने की कोशिश**

अमृत विचार: रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पूरी दुनिया में चर्चित हुई अयोध्या के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में विशेष व्यवस्था की गई है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के चलते पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के मद्देनजर तीन पहुंच मार्गों का चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण जारी है। 6 स्थानों पर पार्किंग एवं जन सुविधाओं का विकास भी किया जा रहा है। इसी बीच वहां महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम की स्थापना एवं विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के लिए भी 10 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।

2500 करोड़ से विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ प्रयागराज महाकुंभ का भी भव्य आयोजन किया जाना है। महाकुंभ में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसी कड़ी में वाराणसी मंडल तथा विन्ध्य क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपए की धनराशि प्रावधानित की गई। वाराणसी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 400 करोड़ रुपए, रोपवे व अवस्थापना परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की स्थापना के लिए भूमि क्रय के लिए 150 करोड़ रुपए का बजट जारी किया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए भी सरकार ने 13 हजार करोड़ से अधिक का बजट रखा है। पुष्टाहार कार्यक्रम के लिए 5129 करोड़ की व्यवस्था के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय भुगतान के लिए 971 करोड़ रुपए निकले गए हैं। योगी सरकार ने अधिवक्ताओं का भी ध्यान रखते हुए अधिवक्ता कल्याण निधि 200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए किया है। अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में अनुमन्य सहायता की अधिकतम सीमा 1.50 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने के साथ प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रु. की व्यवस्था और जनपद न्यायालयों के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट में प्रस्ताव रखा गया है।

योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को 27,086 करोड़ का भारी भरकम बजट आवंटित किया है। इस बजट से जहां एक ओर राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को रफ्तार मिलेगी, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में हेल्थ वेलनेस सेंटर केयर यूनिट को नयी गति मिलेगी।

राज्य को उद्योग प्रदेश बनाने की नजर से भी सरकार ने खजाना खोला है। ऐसे में एफडीआई, ग्लोबल फॉर्च्यून 500 और इंडिया फॉर्च्यून 500 कंपनियों को निवेश के लिए 250 करोड़ की व्यवस्था की गई है। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग में 40 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य है।

बजट से विकास को मिलेगी रफ्तार: नरेन्द्र कश्यप

दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि बजट में अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के लिए 2475 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। अन्य पिछड़ा वर्ग पुत्रियों की शादी अनुदान योजना में 200 करोड़ रुपयों का प्रावधान है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। छात्रावास निर्माण में लगभग 22 करोड़ रुपयों का प्रावधान है। इसी तरह दिव्यांग पेंशन योजना हेतु 1170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है।

आकार में बड़ा लेकिन जनता के लिए छोटा बजट : अनिल

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि यह बजट केवल आकार में बड़ा है लेकिन किसानों, नौजवानों एवं आम जनता के लिए बहुत ही छोटा है। प्रदेश के किसान, नौजवान और आम नागरिक इस बजट में अपनी खुशियां ढूंढ रहे हैं लेकिन इस बजट में खुशियों की जगह सिर्फ निराशा ही मिली है। राज्य सरकार आज तक नहीं समझ पाई है कि युवाओं और बेरोजगारों को क्या चाहिये। दरअसल भाजपा सरकार की रीति नीति जनविरोधी है, वह पूंजीपतियों के लिए 90 प्रतिशत बजट का प्रावधान करती है और बजट का कुल 10 प्रतिशत आम जनमानस के लिए होता है।

बजट सत्र में भाग लेने के लिए साईकिल से पहुंचे सपा विधायक जाहिद बेग।

राम का नाम लेकर अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में रखी नए अध्याय की नींव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हजारों वर्षों से भारत और विश्व को महत्तर जीवन आदर्शों की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करता रहा है। पिता के वचन का मान रखने के लिये समस्त राजसी वैभव को निःसंकोच त्याग कर वनवास के लिये प्रस्थान करना और दुष्टों और अधर्मियों का दृढ़तापूर्वक दलन करना ऐसे राजधर्म का अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।'

इन्ही शब्दों और भावों से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने श्रीराम का नाम लेकर न केवल योगी सरकार ने बजट 2024-25 को विधानसभा में पेश किया, बल्कि पूरे भाषण के दौरान बार-बार प्रभु श्रीराम और अयोध्या का उल्लेख होता रहा। नव्य-भव्य व दिव्य अयोध्या धाम के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने का कार्य कर रही योगी सरकार ने संपूर्ण प्रदेश में विकास के नए अध्याय की नींव बजट भाषण में रखी। योगी सरकार द्वारा वार्षिक बजट 2024-25 में अयोध्या धाम समेत पूरे मंडल के विकास का जो खाका खींचा गया है उसके केंद्र में अयोध्या में पहुंच मार्गों के विस्तार व सौंदर्यीकरण, पर्यटक-जन सुविधाओं के विकास जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल रहीं।

ये कार्य होंगे

- जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के दृष्टिगत पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के दृष्टिगत 03 पहुंच मार्गों का चैड़ीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं 6 स्थानों पर पार्किंग तथा जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है।
- अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम' का विकास कराया गया है। अयोध्या में एयरपोर्ट की स्थापना एवं विस्तार हेतु 150 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रूपये प्रस्तावित है।
- अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं।

निजी नलकूप पर किसानों को नहीं मिलेगी मुफ्त बिजली

अमृत विचार: नये वित्तीय वर्ष में भी निजी नलकूप पर किसानों को मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को पेश किये गये ऊर्जा विभाग के बजट में नलकूपों की बिजली पर छूट का उल्लेख नहीं है, बल्कि नलकूप पर रियायती बिजली का जिक्र किया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने भाषणों में किसानों को मुफ्त बिजली देने की बात कही थी, पर वर्तमान में किसानों को नलकूपों पर केवल पचास प्रतिशत छूट दी जा रही है।उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बजट में ऊर्जा क्षेत्र को लेकर भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में ऊर्जा क्षेत्र में किसानों के लिए 50 प्रतिशत छूट लागू की गई। कहा गया था कि वर्ष 2023-24 में किसानों को 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। पर नये वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में यह लिखा गया है कि किसानों के निजी नलकूप के लिए रियायती दरों पर बिजली के लिए 1800 करोड रुपये की व्यवस्था की गई है।

ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सहायक

- उप्र 2024 के बजट के आकार को विगत वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ाया गया है, जो महत्वपूर्ण है। योगी सरकार के इस बजट के पूंजीगत परिव्यय का आकार पूरे बजट का 28 फीसद है। यूपी के जंबो बजट में कृषि क्षेत्र, युवा, ऊर्जा, महिला तथा पर्यावरण आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसीलिए बजट में करीब 25 हजार करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। व्यय पर नियंत्रण एवं धन के दुरुपयोग पर कार्य किये जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र को 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रदान करने के लिए कई तरह के प्रयास इस बजट में दिखाई पड़ रहे हैं। वो चाहे विपणन की रणनीति हो या फिर उत्पादन प्रणाली में सरकार का सहयोग हो। यह रणनीति प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में सहायक होगा।

टेक्सटाइल हब से औद्योगिक गतिविधियों को

प्रतिक्रिया

प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल
अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

बढ़ावा: प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। इसीलिए जहां एक ओर जहां एक ओर टेक्सटाइल हब बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ओडीओपी को भी सशक्त किया जा रहा है। कई रणनीतियां बनती हुईं इस बजट में नजर आती हैं।

धार्मिक पर्यटन और ओडीओपी को बढ़ावा: विकास की दर प्रदेश के नए विकास इंजन के रूप में देखी जा रही है। यह विकास इंजन कृषि, धार्मिक पर्यटन, ओडीओपी, डेटा सेण्टर आदि के रूप में देखा जा सकता है। विकास को दीर्घकालीन एवं समावेशी बनाने के अनवरत प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये जा रहे हैं।

युवाओं और महिलाओं के विकास पर फोकस

योगी सरकार लगातार अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ विकास करने के लिए प्रयत्नशील है। वो चाहे सड़क हो, एयरपोर्ट हो, सौर ऊर्जा हो, सिचाई हो या फिर भण्डारण क्षमता का विकास हो। इसी के साथ युवाओं और महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विकास एवं संवृद्धि को और अधिक गतिशील किया जा रहा है।

निर्धनता के ग्राफ में आई है कमी

प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास आदि पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। जिससे युवाओं और महिलाओं की और अधिक भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे प्रत्यक्ष प्रमाण निर्धनों की संख्या में तीव्र कमीं, मातृत्व मृत्यु दर में कमीं और लिंग अनुपात में तीव्र सुधार के रूप में मिलने लगे हैं।

एक नजर

20 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए फतेहपुर पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 20 लीटर शराब बरामद करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस के मुताबिक सोमवार को गुड्डू निवासी ग्राम देवरिया विवेकपुर थाना रामपुर मथुरा सीतापुर हालपता- ग्राम मदनपुर थाना फतेहपुर व गिरजाशंकर निवासी हसनपुर पहाड़पुर थाना मसौली को गिरफ्तार किया गया।

38 आरोपियों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले में संदिग्ध व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में 38 लोगों के खिलाफ शांति कार्रवाई की। एक आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृत युवती को बरामद किया। पुलिस के मुताबिक थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा अपहृता को सकुशल बरामद कर वांछित अमीन निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना कोठी को नई सड़क जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : कोठी थाने की पुलिस ने सोमवार को एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा उप्र चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था अधिनियम 2013 से सम्बन्धित आरोपीसोनू पुत्र जगजीवन निवासी जरगावां थाना कोठी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी।

फिर निराश हुआ बाराबंकी, किसी योजना को नहीं आवंटित हुआ बजट

फिर अयोध्या व राजधानी लखनऊ के बीच ही झूलता रह गया जिला, न पर्यटन के प्रस्ताव को मिली हरी झंडी न औद्योगिक निवेश का प्रस्ताव

बजट-2024-25

- बाराबंकी विकास प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव एक दशक से फाइलों में फांक रहा है धूल
- रामसनेहीघाट व हैदरगढ़ में औद्योगिक गलियारा बनाने का प्रस्ताव है, बजट में इसका नहीं हुआ जिक्र
- महादेवा कॉरिडोर की भी चर्चा बजट में नहीं की गई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : घोषणा तो थी बाराबंकी को नोएडा के तर्ज पर विकसित करने की। जिले को उद्योगों का हब बनाने की, विकास प्राधिकरण के भी गठन का प्रस्ताव था। दो औद्योगिक गलियारे भी प्रस्तावित थे। धार्मिक स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना थी। लेकिन सोमवार को जब प्रदेश सरकार ने विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया तो बाराबंकी का कोई जिक्र नहीं था। उन योजनाओं की भी चर्चा नहीं हुई जिसकी मुख्यमंत्री स्वयं घोषणा कर गए थे।

रामसनेहीघाट में रामकथा संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव काफी समय से विचाराधीन है। उम्मीद थी कि इस बार बजट में उसके लिए प्रावधान कर दिया जाएगा। बाराबंकी विकास प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव पिछले एक दशक से फाइलों में धूल फांक रहा है।

रामसनेहीघाट और हैदरगढ़ में औद्योगिक गलियारा बनाने का प्रस्ताव है। जमीन चिह्नित की जा चुकी है। बजट में इसका भी जिक्र नहीं हुआ। महादेवा कॉरिडोर की भी चर्चा बजट में नहीं की गई। जिन जिलों में राजकीय मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रस्ताव है उनमें भी बाराबंकी शामिल नहीं दिखा। अटल आवासीय विद्यालय की श्रेणी में भी बाराबंकी का जिक्र नहीं है। पड़ोसी जिले अयोध्या और राजधानी लखनऊ के साथ-साथ गोंडा के विकास पर भी बजट में आवंटन किया गया। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधि बजट में जिले के लिए कोई भी प्रावधान कराने में असफल रहे।

बुढ़वल चीनी मिल के लिए नहीं मिला बजट

बुढ़वल चीनी मिल का जर्जर मुख्य द्वार। अमृत विचार

बुढ़वल चीनी मिल का लगा बोर्ड।

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : बुढ़वल चीनी मिल का पुनर्निर्माण कर इसे चलाने की घोषणा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने खुद की थी। 40 करोड़ रुपए आवंटित होने की जनप्रतिनिधियों ने फर्जी दावे भी किये। जन सूचना के जरिए जब इस सच्चाई का पता लगाने की कोशिश की गई तो पता चला कि सारे दावे फर्जी थे। उम्मीद थी कि इस बार बजट में जरूर इसके लिए प्रावधान किया जाएगा लेकिन जिले के किसानों को इस बार भी निराशा ही हाथ लगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव 2017 में बुढ़वल चीनी मिल शुरू कराने के वादे पर खरे नहीं उतर पाए। लेकिन पुन: विधानसभा चुनाव 2022 में चुनावी जनसभा के दौरान वादा किया था कि भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनते ही बुढ़वल चीनी मिल की चिमनी से धुआं निकलेगा। इसके बाद 2023 के बजट में चीनी मिल शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 करोड़ की राशि मुहैया करा दी थी, धनराशि मिलते ही एसडीएम रामनगर की ओर से चीनी मिल की जमीनों से अवैध कब्जा हटवाकर जमीन सुरक्षित कर ली गई। इसके साथ ही चारों तरफ लोहे के एंगल लगाकर तारों से बैरिकेडिंग भी करा दी गई। मिल की भूमि सुरक्षित करने के बाद इसका कार्य ठप हो गया। जब इसकी जानकारी सोशल एक्टिविस्ट ने जनसूचना के अधिकार में मांगी तो इसका कोई भी बजट न मिलने का जवाब दिया गया।

सत्ता पक्ष ने ऐतिहासिक तो विपक्ष ने बताया छलावा

प्रतिक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। इसे प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट बताया जा रहा है। बजट को सत्तापक्ष ने ऐतिहासिक तो विपक्ष ने छलावा करार दिया है।

योगी सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है लेकिन इस बजट में जिले को अलग से ऐसी कोई सौगात नहीं मिली है जिससे जिलेवासी गौरवान्वित हो सकें। इस बार भी बुढ़वल चीनी मिल शुरू करने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसके साथ पुरानी पेंशन बहाली पर कोई घोषणा नहीं होने की चर्चा भी लोगों में हैं। इस बजट को लेकर जहां कुछ लोगों ने शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के लिए अच्छा बजट बताया है। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि केंद्रीय बजट के बाद यूपी बजट से भी जिले को झुनझुना मिला है। इससे आमजन को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। यूपी बजट को लेकर अमृत विचार की टीम ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से इस मुद्दे पर उनकी प्रतिक्रिया जानी।

कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाने वाला है बजट



बजट ऐतिहासिक और कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाने वाला है। 60 वर्ष से अधिक आयु वाले किसानों को 3000 रुपए प्रतिमाह की पेंशन एक ऐतिहासिक कदम है। बजट में ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

-**दिनेश रावत**, विधायक भाजपा

किसान, नौजवान व श्रमिक होंगे लाभान्वित



बजट से किसान, नौजवान व श्रमिक सभी लाभान्वित होंगे। रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। शहरों के साथ गांवें में भी विकास होग। समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होंगे। किसानों को उनकी उपज के लिए बाजार और दाम दोनों मिल सकेगा।

-साकेंद्र प्रताप वर्मा, भाजपा विधायक

पीडीए वर्ग के लिए निराशाजनक है बजट

प्रदेश की जनता को सरकार ने फिर निराश किया है। पिछड़े, गरीब, किसान और नौजवानों के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। व्यापारियों का कारोबार बंद हो रहा है। बाराबंकी के लिए कुछ नहीं किया गया है। सबसे अधिक पीडीए निराश हुआ है।

-**अरविंद कुमार सिंह गोप**, सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री

उच्च वर्ग को लाभ, गरीबों को निराश करने वाला है बजट

बजट हर वर्ग के लिए निराशाजनक है। इससे महंगाई बढ़ेगी। महिलाओं और छात्र-छात्राओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बजट में विकास की झलक नहीं दिख रही है। इससे उच्च वर्ग को ही फायदा होगा वहीं गरीबों के हाथ सिर्फ निराशा लगी है।

-**शिवशंकर शुक्ला**, वरिष्ठ नेता कांग्रेस

पुरानी पेंशन बहाली पर देना चाहिए था ध्यान

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी समाज की यह मांग लंबे समय से चल रही है। यह उनके बुढ़ापे का ही सहारा है। सरकार को इस पर ध्यान देने की जरूरत थी ताकि रिटायरमेंट के बाद बुजुर्ग अपना जीवन आराम से गुजार सकें।

-**मुस्तफा खान**, अध्यक्ष, विकास भवन कर्मचारी परिषद।

मोदी की तरह योगी सरकार का बजट भी खोखला



मोदी सरकार की तरह ही योगी सरकार का बजट भी खोखला है। इससे किसी वर्ग का भला नहीं होने वाला है। बजट में अपराध व भयमुक्त वातावरण की जो बात कही गई है, वह भी झूठी है। विकास के क्षेत्र में कागजी कार्रवाई हुई है।

-धर्मवीर सिंह, जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी।

प्रदेश सरकार के बजट से व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

228 युवा उद्यमियों और सूक्ष्म लघु उद्योग सेक्टर को बढ़ावा देने से व्यापारियों को भी लाभ होगा। हथकरघा और टेक्सटाइल के नए हब बनने एवं पावरलूम को बढ़ावा देने से भी ओडीओपी व्यापारियों को इसका सीधा लाभ पहुंचेगा।

-**प्रदीप जैन**, जिलाध्यक्ष, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल

एक्सप्रेस-वे जुड़ने से बढ़ेगा व्यापार का दायरा

आगरा एक्सप्रेस वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को जोड़ने से यातायात की सुगमता बढ़ेगी। इसका लाभ व्यापारियों को भी मिलेगा। फ्लाईओवर व राजमार्गों, रेल पुल बनने से विकास होगा। अयोध्या के धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित होने से व्यापार बढ़ेगा। -**रविनन खजांची**, महामंत्री, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल

महिला, किसान व युवा बोले-बजट से बेहतर होगा भविष्य

- बजट में शिक्षा, पेंशन और आवास के प्रावधान पर जताई खुशी

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने बजट में महिलाओं, पिछड़ों और दलितों की सेहत, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर खास ध्यान देते हुए धनराशि की व्यवस्था की है। इसमें पीएम आवास, बच्चों की शिक्षा के साथ 60 वर्ष से अधिक आयु वाले किसानों को पेंशन देने की घोषणा के साथ बजट की व्यवस्था करने को लेकर महिला, किसान और छात्र-छात्राओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने उनके इस कदम को सराहनीय बताया है। लोगों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पेश किये गये बजट से उनका भविष्य बेहतर होगा। महिलाओं जहां पीएम आवास का लाभ मिलने पर सरकार का मजबूत कदम बताया है वहीं छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्ट क्लॉस, आईसीटी लैब के निर्माण को लेकर कहा है कि इससे युवाओं के भविष्य को मजबूती मिलेगी। वहीं 60 वर्ष से अधिक आयु वाले किसानों को प्रति माह तीन हजार रुपये पेंशन देने की व्यवस्था को किसानों ने अच्छा फैसला बताया है।

छात्रवृत्ति से गरीब बच्चों की शिक्षा में नहीं आएगी अड़चन

शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने जो बजट का प्रावधान किया है इससे हम जैसे शिक्षा ग्रहण कर रहे युवाओं के भविष्य को मजबूती मिलेगी। स्कूलों कॉलेजों में स्मार्ट क्लास होने के साथ आईटीसी लैब की व्यवस्था होने से नई-नई जानकारियां हासिल होंगी। वहीं छात्रवृत्ति मिलने से गरीब बच्चे भी आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

-**संदीप कुमार**, छात्र, कक्षा-9

भविष्य संवारने में छात्र-छात्राओं को होगी आसानी

बेसिक, उच्च, माध्यमिक व प्राविधिक शिक्षा में सरकार ने जो बजट की व्यवस्था की है उससे छात्र और छात्राओं को काफी सहूलियत मिलेगी। नए विश्वविद्यालय, कॉलेज के निर्माण के साथ बेसिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ड्रेस, जूता, मोजा आदि के लिए धनराशि की व्यवस्था होने से उनके भविष्य को संवारने में आसानी होगी।

-**अनुष्का गुप्ता, छात्रा**, कक्षा-12

सीएम युवा उद्यमी योजना से व्यापार को मिलेगा मुकाम

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की शुरुआत के साथ एक हजार करोड़ के बजट की व्यवस्था से युवा उद्यमियों के लिए व्यापार के क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल होगा। इसके साथ ही पूर्व से चल रही सीएम सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना में पांच लाख रुपये तक वित्तीय सहायता देना भी एक अच्छा कदम दिख रहा है।

-**अशरफ**, व्यापारी

वृद्ध किसानों को पेंशन मिलने से मिलेगी राहत

सरकार द्वारा 60 वर्ष से ऊपर वाले किसानों को प्रतिमाह तीन हजार रुपये पेंशन देने की बात जो प्रदेश सरकार के बजट में कही गई है उससे जिले के लाखों किसानों को लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही खेती करने में भी यह पैसा कुछ हद तक काम आएगा। भविष्य में यदि सरकार पेंशन राशि बढ़ाने पर भी विचार करे तो और अच्छा रहेगा।

-**कल्लू प्रसाद**, किसान

निराश्रित महिलाओं की पेंशन राशि में वृद्धि, अच्छा कदम

निराश्रित महिला पेंशन की राशि में बढ़ोतरी होने से हम महिलाओं का काफी राहत मिली है। सरकार ने यह पेंशन 1500 रुपये प्रतिमाह करने की जो बात कही थी उसे भी जल्द लागू किया जाता तो और अच्छा होता। वहीं महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा व शिक्षा पर बजट की व्यवस्था होने से आधी आबादी को मजबूती मिलेगी।

-**शिवमती गुप्ता**

आम चुनाव में होगी भाजपा की विदाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: भाजपा की इमारत झूठ और जुमले के ताने-बाने पर बनी है। कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। हम झूठ फरेब की राजनीति नहीं करते है। आज देश की सबसे बडी समस्या बेरोजगारी है लेकिन अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय अन्तरिम बजट में रोजगार की तलाश में भटक रहे युवाओं के बारे में कोई बात नहीं की। कांग्रेसजन अपने बूथों पर निकलकर अवाम को भाजपा की हकीकत से रूबरू कराएं। 2024 के आमचुनाव में भाजपा की विदाई होगी और कांग्रेस की अगुवाई में सरकार बनेगी।

जनता से संवाद करते पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया। अमृत विचार

ये बातें प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया ने विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के बरौलिया स्थित हाजी वारिस अली शाह महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित न्याय पंचायत स्तर के संवाद कार्यक्रम में कांग्रेसजनों के बीच कही। अध्यक्षता अमरनाथ मिश्रा तथा संचालन नेकचन्द्र त्रिपाठी ने किया। वहीं पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहसिन के साथ हरख ब्लॉक के ग्राम इब्राहिमाबाद में सहभागिता निभाई। डॉ.पीएल पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार का गरीब, किसान, मजदूर से कोई लेना-देना नहीं है वह सिर्फ नागरिकों की भावनाओं को भड़काकर उनका वोट लेना जानती है। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार: मौसम की सटीक जानकारी के लिए पुराने तहसील परिसर में आटोमेटिक वेदर स्टेशन का निर्माण शुरू हो गया। इस स्टेशन से मौसम से जुड़ी सारी जानकारियां उपलब्ध हो सकेंगी।

मौसम की पूर्व चेतावनी के लिए आटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित किये जा रहे है। इसका निर्माण कार्य पुराने तहसील परिसर में किया जा रहा है। 10 मीटर लम्बे व 10 मीटर चौढ़सई की परिधि में इसका निर्माण होना है। हवा की दिशा को बताने के लिए मास्ट लगाया जायेगा। इससे हवा कितनी रफ्तार से और किस दिशा से चल रही है, इस बात की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस मशीन को 30 फिट की ऊंचाई पर लगाया जायेगा। इस कार्य की देखरेख कर रहे प्रशान्त कुमार ने बताया कि ऑटोमेटिक वेदर मशीन हर तहसील व नगर पंचायत में लगनी है। वहीं ब्लॉक में आटोमेटिक रेनगेज को भी लगाया जायेगा। इसके लिए भूमि चिह्नित की जा रही है।

व्यवस्था 3074 विद्यार्थी देंगे इम्तिहान, तैयारी पूरी, 13 से 21 फरवरी तक 11 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

सीसीटीवी की निगरानी में होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार : मदरसा शिक्षा परिषद की वर्ष 2024 की मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) व आलिम, कामिल व फाजिल (सीनियर सेकेंडरी) की कक्षाओं की बोर्ड की परीक्षाएं 13 से 21 फरवरी तक चलेंगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सुबह आठ बजे से 11 बजे तक पहली पाली और दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक दूसरी पाली की परीक्षाएं होंगी। परीक्षाओं को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सभी तैयारियां पूरी करने में लगा हुआ है।

जिले के मदरसों में 13 फरवरी से वार्षिक परीक्षा शुरू होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद ने विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। 21 फरवरी तक दो पालियों में परीक्षाएं होंगी। सुबह आठ से 11 और दोपहर दो से शाम पांच बजे तक परीक्षाएं होंगी। मौलवी व मुंशी (सेकेंडरी) की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह आठ से 11 बजे तो आलिम (सीनियर सेकेंडरी), कामिल एवं फाजिल की परीक्षा दूसरी पाली दोपहर दो बजे से पांच बजे के बीच होगी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की देखरेख में होने वाली इन परीक्षाओं को लेकर विभिन्न तैयारियां पूरी की जा रही हैं। यूपी बोर्ड की तरह यह परीक्षाएं भी सीसीटीवी की निगरानी में कराई जाएंगी।

मदरसा बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा कार्यक्रम की सूची व समय सारिणी सभी मदरसों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों को भेज दी गई है। इसके अलावा मदरसा बोर्ड की वेबसाइट madarsaboard.upsdc.gov.in में भी समय सारिणी अपलोड कर दी गई है। इस बार परीक्षा के लिए जिले में 11 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर पंजीकृत 3 हजार 74 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। इनमें एक हजार 531 छात्र तो एक हजार 543 छात्राएं शामिल हैं।

नकलविहीन परीक्षा को सेक्टर मजिस्ट्रेट किए गए तैनात

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरह ही मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी तरह नकलविहीन और शुचितापूर्ण कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी तैनात किया गया है। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से सीधे इसकी मॉनीटरिंग की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण भी करेंगे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर करीब आधा दर्जन सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

नौ दिन चलेंगी परीक्षाएं

मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं नौ दिन चलेंगी। इसके लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षाएं शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराई जाएंगी। इस संबंध में संबंधित मदरसों के प्रधानाचार्यों व प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

-**बालेंदु द्विवेदी**, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

शटर तोड़कर दुकान से 50 हजार की नकदी व सामान उठा ले गए चोर

सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिसिया गश्त को धता बताते हुए सुबेहा क्षेत्र में चोरों ने रविवार की रात शटर तोड़कर दुकान में रखी 50 हजार की नकदी और हजारों की नमकीन व रिफाइंड आयल उठा ले गए। पीड़ित दुकानदार ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। आदर्श नगर पंचायत सुबेहा के बादल का पुरवा वार्ड निवासी विनोद उर्फ दद्दू वैश्य की दुकान का शटर तोड़कर चोर 50 हजार रुपये व दुकान में रखी नमकीन, रिफाइंड ऑयल आदि उठा ले गये।

सार-संक्षेप

पूर्व में पंजीकृत सभी फर्मों का पंजीकरण निरस्त

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र पंचायत प्रशासनिक समिति की बैठक में पूर्व पंजीकृत सभी फर्मों का पंजीकरण निरस्त किया गया। सोमवार को विकास खंड सिरौलीगौसपुर में ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा की अध्यक्षता एवं प्रभारी बीडीओ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल के संयोजन में प्रशासनिक समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र पंचायत की पूर्व बैठक में सर्वसम्मति से पंजीकृत फर्मों के निरस्तीकरण को लेकर पारित प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इसके बाद क्षेत्र पंचायत में कार्य करने के लिए पूर्व पंजीकृत सभी फर्मों को निरस्त कर दिया गया। इस सम्बन्ध में प्रभारी बीडीओ नेहा ब्याडवाल ने बताया कि क्षेत्र पंचायत की पूर्व में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के तहत पूर्व पंजीकृत सभी फर्मों को निरस्त कर नए सिरे कार्य किया जाएगा। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव, अमित कुमार, सुन्दरी देवी, नूरुल हसन, सुधांशु वर्मा, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

सोलर पंप योजना में फर्जी कॉलों से रहें सावधान

बाराबंकी, अमृत विचार : जालसाज सोलर पंप योजना के लिए आवेदन करने वाले किसानों को कॉल कर किस्तों में धनराशि जमा करने का झांसा दे रहे हैं। किसान ऐसे जालसाजों के झांसे में न आएं। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने किसानों को अवगत कराया है कि जिन कृषकों ने सोलर पम्प के लिए आवेदन किया, के पास जालसाजों द्वारा फोन किया जा रहा है कि सोलर पम्प का पैसा किस्तों में जमा किया जा सकता है आप हमसे सम्पर्क करें। ऐसे में आप सभी को चौकन्ना रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सोलर पम्प के लिए कृषकों के चयन एवं टोकन कन्फर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था है, जो पूरी तरह से पारदर्शी है। इसके अलावा टोकन कन्फर्म करने के पश्चात् कृषि विभाग के पोर्टल पर उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बरों पर मैसेज कृषि विभाग की तरफ से जाता है। इसलिए उक्त प्रकार के किसी भी फोन कॉल से झांसे में न आयें एवं किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय में सम्पर्क करें।

स्थानांतरित बीडीओ को दी विदाई, नवागत का स्वागत

हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार : विकासखंड सभागार में सोमवार को विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस अवसर पर जहां स्थानांतरित खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव को विदाई दी गई वहीं नवागत बीडीओ संजीव गुप्ता का स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख हैदरगढ़, खंड विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज अदिति श्रीवास्तव, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजनारायण तिवारी राजकरण रावत, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व कर्मचारी मौजूद रहे।

बिज्जू को मारने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

बाराबंकी, अमृत विचार : वन विभाग ने जंगली जानवर बिज्जू को मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। डीएफओ आकाश बधावन ने बताया कि रामनगर रेंज के ग्राम अमरादेवी पोस्ट मधवापुर थाना बदोसरांय में एक जंगली बिज्जू को मारने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उपरोक्त गांव के निवासी राममिलन को गिरफ्तार किया। उसे सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वन विभाग की टीम में क्षेत्रीय वनाधिकारी फतेहपुर रेंज प्रमोद मिश्र, वन दरोगा रामनगर तुषार कुमार व वन रक्षक रामनगर सत्येंद्र कुमार शामिल रहे।

घर से लापता हुए दो बच्चे, 3 घंटे बाद पुलिस ने किये बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : मसौली थाना क्षेत्र से दो बच्चे सोमवार को अचानक लापता हो गए। परिजनों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बाद जब बच्चे नहीं मिले तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने तीन घंटे में ही लापता बच्चों को बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक चन्दन पाल निवासी ग्राम व पोस्ट बांसा थाना मसौली ने थाना मसौली पर सूचना दी कि उनकी पुत्री श्रद्धा (8) वर्ष तथा पुत्र कार्तिक (11) को मां द्वारा डांटा-फटकारा गया था। इस बात से क्षुब्ध होकर दोनों बच्चे बिना बताए घर से कहीं चले गए। परिवारवालों ने दोनों की आस-पास काफी खोजबीन की किन्तु दोनों का पता नहीं चला। परिजनों ने इसकी सूचना थाना मसौली को दी। पुलिस ने बच्चों की बरामदगी के लिए तीन टीमों का गठन कर त्वरित कार्रवाई की। इसके परिणामस्वरूप मात्र तीन घण्टे के अन्दर दोनों बच्चों को हनुमान मंदिर ग्राम चक थाना सफदरगंज से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामद बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

शिव पुराण कथा सुनने से मिलती है पापों से मुक्ति: वेदांती

खरगुपुर, गोंडा, अमृत विचार : विकासखंड इटियाथोक के चतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम महादेवा कला जयप्रभा ग्राम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा व्यास पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती ने व्यास पीठ से काशी ज्ञानवापी मंदिर में पूजन के आदेश पर काशी के हाईकोर्ट को धन्यवाद दिया। कहा कि प्रभु रामलला अपने दिव्य भवन में विराजमान हो गए, जल्द ही काशी व मथुरा में अपने महल में विराजमान होंगे, यह विश्वास है। हम सभी को करोड़ों शिव भक्त बहुत ही हर्षित है। शिव पुराण कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि ऐसा कहा गया है कि शिव पुराण को महज सुनने मात्र से ही व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं।

एक नजर

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : कुर्सी के इटौंजा मार्ग पर मदारपुर पुलिया के निकट ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सीएचसी देवा में भर्ती कराया गया। जहां से दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। लखनऊ के इंदारा गांव निवासी अमित गौतम (26) सोमवार दोपहर अपने साथी सुखराम (40) के साथ कुर्सी आया था। शाम को लौटते समय कुर्सी- इटौंजा मार्ग पर ईदगाह के निकट ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी देवा में भर्ती कराया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया।

रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : सोमवार की सुबह अयोध्या-लखनऊ रेल मार्ग पर एक युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। दरियाबाद-सैदखानपुर रेलवे स्टेशन के बीच पड़ने वाले नेवली पुल के पास 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा देख जा ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की जेब से बीते 31 जनवरी का मुरियारी जंक्शन से दीमापुर व दीमापुर से गुवाहाटी का 1 फरवरी का रेलवे टिकट व सौ रुपये मिले हैं। ग्रामीण युवक की मौत का अनुमान ट्रेन से गिरने के कारण लगा रहे हैं।

कलश यात्रा के साथ श्रीरामकथा की शुरुआत

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : सैदार स्थित गांव बेहड मजरे खिझना में पांच दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन सोमवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ने विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। यात्रा कन्हाई पुरवा, भदेसिया, दीनपनाह, बजगहनी, चौधरी पुर, ढखौली होते हुए धननाग तीर्थ स्थान पर पहुंची। महिलाओं ने कलश में जल भरा। नैमिष धाम से पधारे आचार्य बनवारी लाल ने विधि विधान से पूजन कराया। पूजन के बाद महिलाएं सिर पर कलश रखकर वापस यज्ञ मंडप के लिए रवाना हो गईं। गांवों में लोगों ने जय श्री राम के नारे के साथ कलश यात्रा का स्वागत किया एवं फूलों की वर्षा की। आयोजक बिंद्रा प्रसाद यादव ने बताया कि नैमिष धाम से पधारे कथा व्यास द्वारिका नंद रामकथा सुनाएंगे। पहले दिन की कथा में व्यासजी ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम ने पृथ्वी पर अत्याचार मिटाने के लिए जन्म लिया था। श्रीराम कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

बेमौसम बारिश से धुलीं किसानों की उम्मीदें

सरसों और आलू की फसल को हुआ व्यापक नुकसान, सोमवार को भी कई क्षेत्रों में हुई बरसात

दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : रविवार को दिन भर रुक रुक कर हुई बारिश का कहर सोमवार की सुबह तक जारी रहा। ऐसे में मौसम की मार किसानों के चेहरे पर साफ झलक रही है। क्षेत्र के दर्जनों किसानों के खेतों मेंसरसों की अगैती फसल कट गई है । बारिश से खेतों में पड़ी फसल के अंकुरित होने का अंदेशा बना हुआ है। ज्यादा तेज हवा के चलने से खड़ी फसलों के गिरने का भय किसानों को सता रहा है। वहीं पिछैती सरसों में बरसात के कारण पुनः सरसों अंकुरित होने से सरसों को नुकसान होगा। इससे सरसों का दाना पतला होगा। साथ ही तेल की मात्रा में भी कमी आ जाएगी।

सोमवार की सुबह कोहरे से ढकी रही। दोपहर बाद बादलों के बीच से सूरज ताकता दिखा। वहीं शाम को पछुवा हवा की गति में आई तेजी ने ठंड बढ़ा दी है। वहीं इन दिनों सब्जियों का राजा आलू भी खेतों में तैयार है। आलू की अगैती फसल पककर तैयार हो गयी है और किसान आलू खोदने की जुगत में है। कई जगहों पर खोदाई शुरू भी हो गई है। लेकिन ऐसे में मौसम परिवर्तन के कारण किसान परेशान हैं। किसानों ने बताया और बारिश होगी तो आलू की फसल खेतों में सड़ जाएगी। पैदावार घटने से सब्जियों के राजा आलू के दाम आसमान छू सकते हैं। इसका असर आम आदमी पर पड़ेगा। वहीं सोमवार को भी धूप न निकलने से ठंड बढ़ गई है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने के कारण मैदानी इलाकों में गलन में इजाफा हुआ है।

बारिश के कारण बर्बाद हुई खेत में कटी पड़ी सरसों की फसल। अमृत विचार

सड़क के किनारे हुआ जलभराव।

बरसात से गेहूं की फसल को होगा फायदा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : रविवार रात को हुई बरसात से गेहूं के किसान खुश हैं तो वहीं दलहनी फसलों के किसान नुकसान के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में रविवार की रात को काफी बरसात हुई। सोमवार को सुबह से लेकर शाम तक बादल छाए रहे किन्तु बारिश नहीं हुई। जिससे सरसों, अरहर, आलू के किसानों को राहत मिली।

मामूली बारिश में ही कई मोहल्लों में हुआ जलभराव

फतेहपुर, बाराबंकी : बारिश के चलते कई मोहल्लों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसके कारण मोहल्ले वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार की सुबह बारिश होने से नगर पंचायत फतेहपुर के मोहल्ला पचघरा, काजीपुर, ब्राम्हणी टोला, बस स्टॉप के निकट जल भराव की स्थित हो गई। वार्डो में पेयजल की आपूर्ति के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न किए जाने से जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। मार्गो की मरम्मत करा दी गयी होती तो यह समस्या न उत्पन्न होती।

दलहनी-तिलहनी फसलों को हुआ नुकसान

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में अचानक शुरू हुई बारिश से दलहनी और तिलहनी फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं गेहूं की फसल को अत्यधिक फायदा हुआ है। सब्जी की खेती को भी नुकसान हुआ है। रविवार की सुबह से शुरू हुई बूंदाबांदी दोपहर के बाद रुक-रुककर होती रही। दूसरे दिन सोमवार तक बूंदाबांदी हुई । बारिश से सड़को पर कीचड़ फैलने से चलना दुश्वार हो गया। नगर पंचायत के सुमेरगंज और भिटरिया के सड़क किनारे जलभराव हो गया जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन का प्रयास, 7 गिरफ्तार

देवा/माती, बाराबंकी

अमृत विचार : देवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक चर्च में प्रार्थना सभा के नाम पर लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना पाकर एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने चर्च का घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चर्च के फादर सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

देवा के चकहार मजरे रेंदुआ पल्हरी में सेण्ट मैथ्यू कॉलेज है। इसी के पास स्थित नवीनता प्रेयर सेण्टर/चर्च में सोमवार को फादर डोमिनिक पिंटो की देखरेख में धर्मान्तरण हेतु 100 से अधिक लोग प्रार्थना सभा में मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना सभा में लोगों को रोग ठीक करने एवं पैसे का लालच देकर बस में लाया गया था। रास्ते में धार्मिक साहित्य देकर धर्मान्तरण का प्रयास किया जा रहा था। प्रार्थना सभा की अनुमति नहीं ली गयी थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता आदित्य सिंह, जिपंस डॉ. अवधेश वर्मा, बृजेश मौर्य, श्यामू सैनी, विपिन सिंह दर्जनों भाजपा और संघ कार्यकताओं ने कॉलेज का घेराव व नारेबाजी की। एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और मौजूद लोगों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार सौ लोगों को प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। इस मामले में कालेज के प्रबंधक निदेशक डोमनिक निवासी मंगलौर कर्नाटक, अयोध्या निवासी राहुल, सूरज, रामजन्म, सरजू, पवन सिंह, घनश्याम, जगन्नाथ, सुनील और धर्मेंद्र को हिरासत में लिया गया। सीओ बीनू सिंह ने बताया कि अस्पताल के नाम पर भवन का रजिस्ट्रेशन कराया गया था जहां पर चर्च बना लिया गया।

अयोध्या में बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन की थी योजना

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी अमृत विचार : अयोध्या से तीन सौ लोग धर्म परिवर्तन के लिए लिए लाए गए थे। ईसाई मिशनरी इनके जरिए अयोध्या में अपना संजाल फैलाना चाह रही थीं। इसके पहले हैदरगढ़ में भी ऐसा ही मामला सामने आया था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही विदेशी ताकतों व ईसाई मिशनरियों की निगाह भी अयोध्या पर टिकी हुई है। गिरफ्तार किए गए लोगों में अधिकांश अयोध्या के ही रहने वाले हैं। जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि ईसाई मिशनरियां अयोध्या में अपना संजाल फैला चुकी है। पुलिस सूत्रों की माने तो कॉलेज के पास जो आलीशान इमारत खड़ी की गई है। वह भी बिना अनुमति निर्मित की गई है। पुलिस का कहना है कि अनुमति सिर्फ अस्पताल के लिए ही ली गई थी। पुलिस ने अब पकड़े गए लोगों से मैथ्यू कॉलेज और इससे जुड़े लोगों के खिलाफ जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

हर विद्यालय में मनाया जाना चाहिए हैप्पी पीरियड डे : बीएसए

पीरियड डे पर छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली (ऊपर) तथा स्वच्छता का महत्व बताती शिक्षिका।

जहांगीराबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : जहांगीराबाद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वात्सल्य द्वारा आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से हैप्पी पीरियड डे मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीएसए संतोष देव पांडेय ने किया। इस दौरान विद्यालय में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर पोस्टर, निबंध, क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बीएसए ने कहा कि पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे ही इस चुप्पी को तोड़ेंगे। हैप्पी पीरियड डे हर विद्यालय में मनाया जाना चाहिए। इस मौके पर छात्राओं को माहवारी के विषय में जानकारी न होने पर लड़कियों एवं महिलाओं में प्रजनन तंत्र का संक्रमण हो सकता है। वार्डन पूनम मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सार-संक्षेप

पीयर एजुकेटर एवं आशाओं के प्रशिक्षण का समापन

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे ब्लॉक स्तरीय पीयर एजुकेटर एवं आशाओं के प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हुआ। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम किशोर-किशोरियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने करियर के साथ खिलवाड़ न करें। अपनी पढ़ाई के बारे में ध्यान दें, जो कार्य आपको दिया जाए, उसे ईमानदारी से करें। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य में सुधार, नशावृत्ति से बचाव, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, गैर संचारी रोगों से बचाव एवं प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लिंग आधारित हिंसा से किशोर किशोरियों को जागरूक करना है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि किशोर-किशोरियों को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ साफ-सफाई पर भी ध्यान रखना है। जो बच्चा स्वस्थ रहेगा वही आगे चलकर अपने मां-बाप की सेवा के साथ-साथ देश का भी विकास कर सकेगा। कार्यक्रम का संचालन डीपी यादव ने किया। इस मौके पर डॉ. जितेंद्र सोनी मेडिकल ऑफिसर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी पीयर एजुकेटर एवं आशाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर रितु सिंह, अर्चना, बिंदु समेत कई लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मनायी गयी जन्म शताब्दी

स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा के समक्ष केक काटते परिजन। अमृत विचार

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीराम वर्मा की जन्म शताब्दी बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर उनकी प्रतिमा के सम्मुख ध्वजारोहण कर केक काटा गया। क्षेत्र के ग्राम साढ़ेमऊ मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीराम वर्मा के नाम से वाटिका है। जहां पर सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परपौत्री पलक, कुहू, बेटू, शुभ, ओम, जानू, किस्सू वासु द्वारा केक काट कर बाबा को याद किया गया। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जागरूकता हेतु गोष्ठी का आयोजन हुआ। उनके संघर्ष पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. संदीप, डॉ. समीर, डॉ. अशोक, आदर्श, मनीष सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में सेनानियों के बलिदान को याद किया। इस दौरान राम चंद्र वर्मा, रामकांति देवी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के अमरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, दिनेश वर्मा, नागेंद्र, राजकुमार के साथ डॉ. सुधीर कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया। गोष्ठी का संचालन कवि मनीष बैसवार द्वारा किया गया। समारोह मे ग्राम पीढ़, हरख, कतुरी कला के काफी लोग समलित हुए।

पहलवान ज्ञानेंद्र दास ने राकेश को चटाई धूल

प्रतियोगिता में दांव आजमाते पहलवान।

कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार : ग्राम पंचायत कोठी में तीन दिवसीय विराट दंगल का आयोजन सोमवार से शुरू किया गया है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कस्बा कोठी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने तीन दिवसीय अखिल भारतीय विराट दंगल के आयोजन में बाबर हरियाणा और अनूप मध्य प्रदेश के बीच कुश्ती हुई। इसमें बाबर जीते। वहीं रवि शंकर गोरखपुर, दिनेश झांसी के बीच कुश्ती हुई में रवि शंकर ने जीत हासिल की। इसी तरह बाबा ज्ञानेंद्र दास हनुमानगढ़ी और राकेश राजस्थान के बीच कुश्ती में बाबा ज्ञानेंद्र दास ने पटखनी दी। आयोजक संतोष सिंह व संचालक संदीप ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण पहले दिन देर से दंगल शुरू हो सका। मंगलवार को गैर प्रांत के पहलवान बड़ी संख्या में दंगल में भाग लेने आएंगे।

हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला एवं सत्र न्यायालय ने सोमवार को हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने उस पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि 6 जनवरी 2020 को रामनरेश निवासी भिलवल थाना लोनीकटरा ने थाना लोनीकटरा पर अपने पुत्र की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें अरमान खान को नामजद किया गया था। विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया । अरमान खान को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई ।

ऑपरेशन कनविक्शन में जिले को प्रदेश में मिला तीसरा स्थान

सम्मानित किए गए लोक अभियोजक। फोटो : अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियुक्तों को सजा दिलाने में बाराबंकी पुलिस प्रदेश में तीसरे नंबर पर रही। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइन में समारोहपूर्वक अभियोजन अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिन अधिकारियों को सम्मानित किया गया है उनमें संयुक्त निदेशक नागेश कुमार दीक्षित, अभियोजन अधिकारी नीतू सिंह गौतम, एसपीओ अनार सिंह, एडीजीसी रामजस सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुनील दुबे, अमित कुमार एपीओ प्रभाकर दुबे, आकाश चित्रांश, जाह्नवी कुमार पाण्डेय, राजीव, अकरम सिद्दीकी, योगेन्द्र सिंह तथा विशेष लोक अभियोजन अधिकारी मनीषा झा, अनूप कुमार मिश्र, अजय कुमार सिंह लव त्रिपाठी, पुरुषोत्तम मिश्रा, कृपाशंकर तिवारी रमाकान्त द्विवेदी आदि शामिल हैं।

घुड़की देने पर दो युवकों ने बंदर को मार डाला, एक बंदी

दरियाबाद बाराबंकी

निर्दयता

▸▸ **दरियाबाद इलाके में हुई घटना, आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

अमृत विचार : । बंदर द्वारा घुड़की देने दो युवक शैतान बन गए। उन्होंने ईट से हमला कर बंदर को मार डाला । एक महिला के आरोप पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

दरियाबाद कस्बा के बरवारी मोहल्ला में बंदर को मार डालने की सूचना पर दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंदर के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय दरियाबाद भेज दिया है । उर्मिला पत्नी राम सिंह ने कस्बा के बरवारी निवासी मेराज पुत्र अंसार सहित दो लोगो पर बंदर को मार डालने का आरोप लगाया है । थाना अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि कस्बा निवासी उर्मिला की तहरीर पर एक ज्ञात व दो अज्ञात लोगो के खिलाफ पूछताछ जांच कर पुलिस अभियोग पंजीकृत करेगी । मेराज की माता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बंदर को उसके बेटे मेराज द्वारा भगाया गया था । लेकिन मार डालने की जानकारी नहीं है। आरोप लगाने वाली महिला की खेल कूद को लेकर कई बार उसके बेटे से बहस हुई थी इस कारण महिला उसे फंसा रही है। वहीं उर्मिला का कहना है कि दो महिलाओं ने बताया कि दो युवकों ने बंदर को मारा व कुत्ते से नोचवा दिया।

समस्या हाईट गेज में फंस कर आफत में रहती है जान

हादसों को दावत दे रहे गन्ना लदे ओवरलोड वाहन

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: क्रय केंद्रों से गन्ने को लेकर जा रहे ओवरलोड ट्रक हादसों को दावत दे रहे हैं। परिवहन व पुलिस विभाग जानकर भी अंजान बना हुआ है। ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र रामनगर में हैदरगढ़ व रौजा गांव चीनी मिलों के दर्जनों गन्ना क्रय केंद्र संचालित हैं। इन क्रय केंद्रों से नित्य प्रति सैकड़ों ट्रक गन्ना चीनी मिलों को जाता है। ज्यादा कमाई करने के चक्कर में इन ट्रकों पर क्षमता से कई गुना ज्यादा तथा अधिक ऊंचाई में गन्नालादकर ट्रक चीनी मिलों के लिए फर्राटा भरते हैं।

रेलवे क्रॉसिंग के पास से गुजरता ओवरलोड ट्रक। फोटो : अमृत विचार

ट्रकों पर लदे गन्ने की ऊंचाई अधिक व मानक से काफी ज्यादा वजन होने के चलते जरा सा संतुलन बिगड़ने पर यह ट्रक असंतुलित होकर पलट जाते हैं। इसके चलते आए दिन सड़क जाम व दुर्घटनाएं घटित हुआ करती हैं।

यही नहीं, केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास लगे हाइट गेज में आए दिन अधिक ऊंचाई तक लदे ट्रक फंस जाते हैं। इसके चलते तमाम गन्ना सड़क पर ही गिर जाता है। इससे आवागमन तो बाधित होता ही है इसकी चपेट में आकर राहगीर भी चोटिल हो जाते हैं। ऐसा नहीं कि परिवहन व पुलिस विभाग को इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक ने कहा कि शीघ्र ही इसकी जांच कराकर ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने खोला विकास का पिटारा, कोई खुश तो कोई निराश

बजट- 2024

- अमृत 2.0 में बजट आवंटन से सीवर और पेयजल के तेजी से होंगे कार्य, ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर खेल सुविधाएं

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को लेकर लोगों में मिलीजुली प्रतिक्रिया है। सरकार की ओर से बजट में धार्मिक स्थलों के लिए पिटारा खोले जाने का सभी ने स्वागत किया है। वहीं शहरी क्षेत्र में विकास को लेकर किए गए फोकस के कारण धनाभाव के कारण सुस्त गति से चल रहे कार्यों में भी तेजी आने की उम्मीद बढ़ गई है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और कृषि पर सबसे अधिक जोर दिया गया है। लोकसभा चुनाव का भी असर साफ देखने को मिला। बजट के माध्यम से सरकार ने महिलाओं, किसानों से लेकर बुजुर्गों तक पहुंचने की कोशिश की है। सत्ताधारी पक्ष बजट को संपूर्ण और सबके हितकारी वाला बताया है। वहीं विपक्षी दल निराशा से भरा बताया है।

उत्तर प्रदेश का बजट किसान और मजदूर विरोधी है। इसमें छात्रों, बेरोजगारों व महिलाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पूरे बजट में सिर्फ भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। इससे राज्य और न ही लोगों का कोई भला होगा।

-इं. वीरेंद्र यादव सपा जिलाध्यक्ष

प्रदेश सरकार ने एक बार फिर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर जोर दिया है। योगी सरकार की ओर से तमाम जिलों को इस बजट में विकास और प्रगति की राह दिखाई गई है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी द्वारा पेश किए गए बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। बजट सर्व समावेशी है।

-बुद्धिलाल पासी, जिलाध्यक्ष, भाजपा

सरकार ने धार्मिक शहरों के लिए भरपूर बजट दिया है। इनके संवरने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में अयोध्या और वाराणसी में अब पहले की अपेक्षा अधिक लोग पहुंचने लगे हैं। इसका प्रभाव स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों पर भी पड़ता है। यह एक संपूर्ण बजट है।

-शिवेंद्र सिंह जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा

प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, रोजगार, उद्योग सभी का ध्यान दिया गया है। इससे राज्य आर्थिक रूप मजबूत होगा। साथ ही युवाओं के रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। शहरी क्षेत्रों में अमृत 2.0 के लिए बजट आवंटन होने से विकास कार्य तेजी से होंगे।

-सरोज गौतम

सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। 736437 करोड़ रुपये का यह बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर विकास को धरातल पर लाने का पूरा प्रयास किया गया है। इसका लाभ किसी एक वर्ग नहीं बल्कि सबको मिलेगा।

-अरविंद श्रीवास्तव अधिवक्ता

मुख्यमंत्री ने कल्याणकारी और विकासशील सरकार की परिभाषा को प्रतिपादित किया है। यह बजट विकसित प्रदेश के निर्माण और जन-जन के कल्याण को परिलक्षित करने वाला वजट है।

-अनूप पांडेय

प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं के हितों को प्रमुखता से ध्यान दिया गया है। बजट में महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन की धनराशि 500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह करने से अब उन्हें आर्थिक संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं को छह विभिन्न श्रेणियों में 15000 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है।

-पूनम सिंह, प्रधान डिडौली

सरकार की ओर से युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तमाम योजनाओं की घोषणा बजट में की है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अब शहर की ओर नहीं रूख करना पड़ेगा। प्रदेश में 124 ग्रामीण स्टेडियम/ मल्टीपरपज हॉल का निर्माण किया गया है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में 53,800 युवक मंगल दल एवं 51,300 महिला मंगल दलों का गठन किया जा चुका है। इनके माध्यम से युवा आगे बढ़ेंगे।

-शिवम सिंह

उत्तर प्रदेश का बजट उत्तम बजट है। हर वर्ग को साधने की कोशिश की गई है। सरकार मंशा के अनुरूप सबको साथ लेकर चल रही है। आने वाले समय में बेहतर परिणाम लोगो को मिलेंगे। हर वर्ग बजट का समर्थन कर रहा है।

-पंकज मुरारका व्यापारी नेता

बजट को विकास परक है। प्रदेश सरकार ने स्वरोजगार के क्षेत्र में बड़ा काम किया है और युवाओं के लिए बजट में करोड़ों रुपये आवंटित कर युवा वर्ग को विशेष स्थान दिया गया है।

-दीप प्रकाश शुक्ला

बजट रोजगार परक एवं आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि से निश्चित रूप से एक मजबूत बजट है। प्रदेश के सभी वर्गों के लिए बजट में योजनाएं बनाई गई है। बजट में युवाओं ,गरीबों ,किसानों एवं महिलाओं का पूरा ध्यान रखा गया है।

-कैलाश बाजपेई समाजसेवी

योगी सरकार का बजट प्रभु श्री राम को समर्पित बजट है। राम राज्य की अवधारणा का बजट है। बजट में सबका ध्यान रखा गया है।

-सुरेंद्र गुप्ता सर्राफा व्यापारी

प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तुत किया गया बजट बेहतर है। इसमें नगरी क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। नगर क्षेत्र के लोगों को पेयजल, सीवर की सुविधा आसानी से मिल सकेगी। खास तौर पर युवाओं को रोजगार शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में भी भरपूर धनराशि की घोषणा की गई है।

-सरला साहू अध्यक्ष नगर पंचायत महराजगंज

पीडब्ल्यूडी ऑफिस में ठेकेदार पर हुआ हमला, गाड़ी में की तोड़फोड़

- टेंडर को लेकर बताया जा रहा विवाद, घटना से कार्यालय में दहशत का माहौल

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। शहर कोतवाली क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी आफिस पर टेंडर को लेकर ठेकेदार पर हमला कर दिया गया। नकाबपोश हमलावरों ने कार में बैठे ठेकेदार पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक सभी फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद हड़कंप मच गया। ठेकदार पर हमले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसी कैमरों खंगाला, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका।

शहर कोतवाली के गोराबाजार स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब कार में बैठे एक ठेकेदार पर नकाबपोश हमलावरों ने डंडों व लोहे की राड से हमला कर दिया। वह जब तक कुछ समझ पाता तब तक उसके ऊपर ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिया। इससे ठेकेदार व उसका एक साथी घायल हो गया। इसके बाद सभी फरार हो गए। हालांकि ठेकेदार और उसके साथ को मामूली चोटें आई हैं।

शहर कोतवाली क्षेत्र के व्यस्ततम इलाके में हुई इस घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की कलई भी खुल गई है। शहर के इंदिरा नगर निवासी आंनद तिवारी पीडब्ल्यूडी में ठेकेदार हैं। वह अपने साथी हैप्पी पांडेय के साथ आफिस गए हुए थे। गेट के पास ही वाहन स्टैंड के सामने उन्होने अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी को खड़ी कर बैठे रहे।

ठेकेदार आनंद तिवारी ने आरोप लगाया है कि इसी दौरान सत्ता पक्ष के नेता के गुर्गों द्वारा उनकी गाड़ी पर हमला किया गया। पीडब्ल्यूडी विभाग में दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद कार्यालय से जहां कर्मचारी बाहर निकाल कर आ गए। इसी दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच इधर उधर हाथ पांव मारने शुरू किये लेकिन कोई सफलता नही मिली है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया है कि टेंडर को लेकर विवाद हुआ है। ठेकेदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्षतिग्रस्त गाड़ी। अमृत विचार

घटना के बाबत पूछताछ करती पुलिस।

पूछताछ करती पुलिस ओर इनसेट में मृतक संगमलाल की फाइल फोटो।

रेलवे कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। थानाक्षेत्र के पहुरावां गांव का रहने वाले रेलवे कर्मचारी को किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इस हादसे में उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के पहुरावां गांव का रहने वाला संगम लाल उम्र (35) पुत्र सत्रोहन सोमवार की सुबह 10 बजे के करीब चारबाग लखनऊ रेलवे के लोको ऑफिस में ड्यूटी के लिए जा रहा था। वह जैसे ही इंडस्ट्रियल एरिया बगाही मोड़ के पास रोड के कट पर पहुंचा, इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। इस हादसे में संगम लाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। संगम लाल की मौत की खबर सुनते ही पहुरावां गांव के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंच गए। संगम की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। मृतक के दो पुत्र और तीन बेटियां हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस बारे में थानाध्यक्ष बिजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया निरीक्षण

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। रविवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक रायबरेली अभिषेक अग्रवाल ने थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिकायती पत्रों के निस्तारण, रजिस्टर की गहनता से छानबीन की। साथ ही पीड़ितों से उनकी संतुष्टि के विषय में बातचीत कर जानकारी भी हासिल की गई।

महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक, बंदीगृह समेत अन्य दस्तावेजों के साथ ही धरातलीय बिंदुओं की भी जांच की। पुलिस अधीक्षक के वाचक सर्वेक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में अफरा तफरी का माहौल रहा। एसपी ने कोतवाली प्रभारी को अराजक तत्वों पर निगरानी और पुलिस गस्त और सघन चेकिंग अभियान के तहत अपराधी प्रवृत्तियों पर विशेष निगरानी के विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि पुलिस अधीक्षक निरीक्षण के दौरान पुलिस की कार्यशैली से संतुष्ट दिखे। उन्होंने दस्तावेजों के साथ मुकदमों की भी समीक्षा की है।

सार-संक्षेप

सड़क पर विवाहिता का शव रखकर ग्रामीणों का हंगामा

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्राह्मणों का नदौरा निवासी रामकुमार शुक्ला की पुत्री ममता तिवारी का विवाह करीब 15 साल पहले सलोन कोतवाली क्षेत्र के गांव पटकापुर मजरे रामपुर कसिहा निवासी बृजेश तिवारी से हुई थी। घटना 3 दिन पहले की है। बताया जाता है कि संदिग्ध परिस्थितियों में ममता की मौत हो गई थी। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि मृतका का पति उसे आए दिन प्रताड़ित करता था। सोमवार को परिजन मृतिका का शव लेकर क्षेत्र के गोकना गंगा घाट अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे। शव यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। शव यात्रा जब क्षेत्र के चड़रई चौराहा से आगे बढ़ी तो अचानक ग्रामीण आक्रोशित हो गए और शव को सड़क पर रखकर हंगामा करना, जिससे आवागमन बाधित हो गया था। पुलिस ने मृतका के परिजनों को आश्वासन दिया है कि मामले में प्राथमिक की दर्ज करके विवेचना की जाएगी।

चोरी की घटना का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

ऊंचाहार, रायबरेली। बीते दिनों हुई चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को दबोचा है। उसके पास से चोरी के सामान बरामद करते हुए जेल भेजा है। मामला क्षेत्र के गढ़ी मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव का है। गांव निवासी बिट्टन देवी के घर में 29 जनवरी की मध्यरात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना में चोरों ने नकदी समेत आभूषण उठा ले गए थे। पीड़िता ने कोतवाली में चोरी का केस दर्ज कराया था, जिसके बाद पुलिस घटना के अनावरण का प्रयास कर रही थी। सोमवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव के ही गोलू को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में उसने चोरी की घटना कारित करने की बात बताई, जिसके बाद पुलिस ने उसके द्वारा चोरी किये गए सात हजार रुपये और आभूषण बरामद किया। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह ने बताया चोरी के मामले में गोलू को जेल भेजा गया है।

कांग्रेस कमेटी कार्यालय में नेत्र शिविर का आयोजन

आंख की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

जगतपुर, रायबरेली। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि इससे बड़ा पुण्य का काम कोई नहीं होता है। यह कार्य जगतपुर में लगातार 11 वर्षों से हो रहा है, जो बहुत ही सराहनीय बात है। शिविर के संयोजक जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि जिन लोगों के जीवन में अंधकार है इस शिविर के जरिए उन लोगों के आंखों से प्रकाश की किरणें मिले वह दुनिया को खुद की आंख से देखे। 11 साल से प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को यह शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। अब तक हजारों लोगों ने लाभ उठाया है। इस कैंप में लगभग 170 लोगों की ओपीडी की गई। ऑपरेशन के लिए 90 मरीज चिन्हित किए गए, जिन्हें लखनऊ के इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय भेजा जाएगा। शिविर में 87 मरीजों को चश्मा बांटे गए। इस अवसर पर कैंप कोऑर्डिनेटर उमाशंकर मिश्रा, राजकुमार पाल, देवनाथ यादव, कन्हैया लाल यादव, छत्रपाल यादव, केके सिंह, सौरभ त्रिवेदी, लल्लन मिश्रा, जगदीश कुरील, पुष्पेंद्र सिंह, अभय शुक्ला, सुभाष यादव, त्रिलोकी सिंह, बाबेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

बुनियादी भाषा एवं गणित का प्रशिक्षण प्रारम्भ

प्रशिक्षण देते एआरपी।

डलमऊ, रायबरेली। विकास क्षेत्र दीनशाह गौरा के बीआरसी में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षक एआरपी अनिल यादव, पूर्णेन्द्रनाथ त्रिवेदी, नीतीश मौर्य, प्रमेश शर्मा व शिप्रा मिश्रा ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण में संदर्भदाताओं ने कक्षा शिक्षण में बुनियादी भाषा को समृद्ध करने के गुर सिखाए। साथ ही अध्यापकों द्वारा गतिविधि के माध्यम से सहज शिक्षण कर पाना पर चर्चा करते हुए समूहवार बिंदुओं पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। शिक्षक श्याम सिंह, शशिकांत त्रिवेदी, चंद्रकांत वर्मा, अखिलेश बाजपेयी, अनुपम मिश्र, यामिनी देवी, अभिषेक बाजपेयी, मोहित, लाल बहादुर, सर्वेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

पेड़ से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त बस। अमृत विचार

गोवंश को बचाने में पेड़ से टकराई जनरथ बस

- तड़के हुआ हादसा, वाराणसी से लखनऊ जा रही थी बस
- चालक सहित तीन घायल

राही, रायबरेली

अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में गोवंश को बचाने के चक्कर में रोडवेज की जनरथ बस एक पेड़ से टकरा गई। घटना के बाद बस का अगला हिस्सा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद आसपास हड़कंप मच गया। चीख पुकार परस्थानीय ग्रामीणों ने पहुंच कर घायलों को बाहर निकाला।

घटना में चालक और कंडक्टर को गंभीर चोटे आई है जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक रविवार रात दस बजे चालक प्रमोद कुमार, कंडक्टर सर्वेश द्विवेदी अपने सह चालक शशांक तिवारी के साथ परिवहन विभाग की जनरथ बस को लेकर वाराणसी से लखनऊ के लिए निकले थे। सोमवार तड़के तीन बजे के करीब जैसे ही उनकी बस थाना क्षेत्र के रायपुर महेरी गांव स्थित फौजी स्टेडियम के निकट पहुंची तभी तेज रफ्तार बस सड़क पर गोवंश को बचाने को लेकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे नींबा के पेड़ से टकरा गई। जिससे चालक प्रमोद कुमार व कंडक्टर सर्वेश कुमार द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत में सुधार नहीं होने से उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर सेंटर रेफर किया गया। एसओ ने बताया कि जानकारी मिलने पर पुलिस ने पहुंच कर सभी घायलों को जिला अस्पताल लेकर गई, जहां गंभीर हालत में उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जांच की जा रही है।

छत्तीसगढ़ से लखनऊ जा रहे पांच करोड़ रुपये के गांजे के साथ दो तस्कर गिफ्तार

- जगतपुर पुलिस और एसओजी के संयुक्त आपरेशन में मिली कामयाबी

जगतपुर, रायबरेली

अमृत विचार। रविवार की रात जगतपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने छत्तीसगढ़ से लखनऊ ले जाई जा रही गांजा की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बरामद किया गया गांजा पांच करोड रुपये कीमत का बताया जा रहा है। पुलिस को यह कामयाबी थाना क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर चांद मऊ तिराहा के पास मिली है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ से एक डीसीएम पर गांजा की बड़ी खेप लखनऊ ले जय जा रही थी।

मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान डीसीएम से कुल करीब पांच क्विंटल गांजा बरामद हुआ है। बरामद गांजा का सही वजन 494 किलोग्राम बताया जा रहा है, जिसकी बाजार में कीमत पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार किए गए लोगों ने बताया कि उन्हें छत्तीसगढ़ में एक व्यक्ति मिला था, जिससे उन्हें यह गांजा प्राप्त हुआ था। बेचने के लिए डीसीएम द्वारा लखनऊ ले जा रहे थे।

पुलिस द्वारा बरामद किया गया गांजा और घटना की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

मछली के आहार में छिपा था गांजा

तस्कर जिस डीसीएम से गांजा की तस्करी कर रहे थे, उसमें मछली का दाना लदा हुआ था। इसी दाने में छिपाकर गांजा रखा गया था। पुलिस ने जब डीसीएम की तलाशी ली तो उन्हें गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने इसके साथ हरीश गुप्ता निवासी गिलौला बाजार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती और मनोज कुमार निवासी चंदरांवा थाना विशेषरगंज जिला बहराइच को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि जगतपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी सफलता हासिल की गई है। जिसमें पांच करोड रुपए की कीमत का गांजा बरामद हुआ है।

गोल्डन कार्ड में लापरवाही 30 कर्मियों का रोका वेतन

- सीएचसी अधीक्षक की कार्रवाई से स्वास्थ्य कर्मियों में मचा हड़कंप

डीह, रायबरेली

अमृत विचार। आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने पर सीएचसी अधीक्षक ने 30 कर्मियों का वेतन रोक दिया है। साथ ही चेतावनी देते हुए निर्धारित समय पर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है। इस कार्रवाई से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा है।

गौरतलब है कि सरकार की ओर से पात्र परिवारों को गोल्डन कार्ड प्रमुखता से बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद इसमें आशानुरूप तेजी नहीं आ रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. तारिक इकबाल ने समीक्षा की तो कई कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ गई। उन्होंने 30 कर्मचारियो का वेतन रोकते हुए चेतावनी दी है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीह शारदा प्रसाद ने बताया कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

इसमें 15 एएनएम, 9 सीएचओ और 6 संगिनी का वेतन रोका गया है। इन कर्मचारियों द्वारा शासन की प्राथमिकता वाले कार्य में लापरवाही बरतने के परिपेक्ष्य में कार्रवाई की गई है। साथ ही चेतावनी की गई है कि भविष्य में ऐसी पुनरावृति न की जाए। जिलाधिकारी के आदेशानुसार उक्त कर्मचारियो को प्रतिदिन कम से कम 20 कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसको पूर्ण न करने पर यह कार्रवाई की गई है।

हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता, रायबरेली

फैसला

- ऑनर किलिंग का मामला

अमृत विचार। कोर्ट ने करीब चार साल पहले सलोन थाना क्षेत्र में हुए ऑनर किलिंग के एक मामले में दोषसिद्ध होने पर आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या एक के अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार यादव ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) दिनेश बहादुर सिंह के मुताबिक मामले की रिपोर्ट सलोन थाना क्षेत्र के इच्छवापुर मजरे गढ़ी इस्लामनगर निवासी संदीप ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वादी ने गांव की अंजू से प्रेम विवाह किया था। जिससे अंजू के परिजन नाराज थे। करीब छह साल बाद वादी पत्नी को लेकर लुधियाना से गांव वापस आया। वादी की पत्नी अंजू दो सितंबर 2019 की शाम नित्यक्रिया के लिए गई थी। इसी दौरान पंकज ने कुछ लोगों के साथ मिलकर अपनी चचेरी बहन अंजू की हत्या कर दी।

पुलिस ने विवेचना के बाद पंकज कुमार वर्मा के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

एक नजर

युवक ने घर में अकेली भाभी से की छेड़छाड़, केस दर्ज

हरदोई, अमृत विचार। शाहजहांपुर में रह रहा देवर भाई के घर पहुंचा, जहां भाभी को अकेला देख छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर देवर धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली शहर के प्रेमनगर की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि तीन फरवरी को वह घर में अकेली थी, उसी बीच उसका देवर धीरज पुत्र बब्बू निवासी बादशाह नगर एसएम साउथ शाहजहांपुर उसके घर पहुंचा और अकेला पा कर उसे पकड़ कर तखत पर गिराते हुए छेड़छाड़ करने लगा। महिला का कहना था कि जब उसने शोर मचाया तो उसका देवर धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। पुलिस ने धीरज के खिलाफ धारा 354/504/506 के तहत केस दर्ज किया है और एसआई विनोद कुमार मिश्रा को जांच सौंपी गई है।

12 दिन बाद भी दोहरे हत्याकांड में सुराग नहीं

हरदोई, अमृत विचार। पड़ोसी ज़िलों की ख़ाक छानने के बाद भी पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम पिहानी कोतवाली के मंसूरनगर में बाग में जिस युवक की जलाकर हत्या की गई थी, उसके बारे में कोई सुराग़ नहीं लगा सकी। युवक कौन था, वह कहां का रहने वाला था और उसकी हत्या किन लोगों ने और क्यों की, 12 दिन बाद भी इन सवालों का जवाब ढूंढ़ रही पुलिस वहीं की वहीं ठिठकी हुई है। हालांकि पूरे दावे के साथ कहा जा रहा है कि उससे जुड़े कुछ खास क्लू हाथ आए हैं, जिनकी गहराई से छानबीन की जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही सारा खुलासा हो जाएगा। बता दें कि बीते 23 जनवरी की सुबह पिहानी कोतवाली के मंसूरनगर में आम के बाग में एक अज्ञात युवक का जला हुआ शव कंटीले तारों से बंधा लटका मिला था।

बिजली की घोषित कटौती से लोग रहे परेशान

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। दो दिन से हो रही बूंदाबांदी के कारण बिजली कटौती उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गई है। अनवरत रूप से उपभोक्ताओं को दो घंटे भी बिजली नहीं मिल सकी। रविवार की सुबह से शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश हो रही है। रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण बिजली कटौती काफी तेज हो गई जिस कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। यही हाल सोमवार को भी रहा। दिन भर में लगभग पचास बार बिजली का आना और जाना हो रहा है। अनवरत रूप से 2 घंटे उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल सकी। बाजार संभा निवासी सोनू त्रिपाठी का कहना है की दो दिन से बिजली न आने की वजह से पानी की काफी किल्लत हुई है क्योंकि अधिकांश घरों में मोटर चला कर पानी को स्टोर करने की व्यवस्था है। लेकिन बिजली की कटौती की वजह से काफी किल्लत हुई। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ी है। लोकल फाल्ट का बहाना बता कर कर्मचारी पल्ला झाड़ लेते हैं और बूंदाबांदी की वजह से लोकल फाल्ट भी नहीं देखते हैं जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश है।

बिलग्राम में 24 घंटे से ब्लैक आउट

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। पिछले 24 घंटों से समूचे नगर में बिजली गुल होने से ब्लैक आउट है। पहले तो काफी देर तक पता नहीं चला कि आखिर कहां से फाल्ट है, लेकिन कुरेदने के बाद बताया गया कि हरदोई के मन्नापुरवा से आने वाली लाइन में तकनीकी खराबी आने से बिजली की सप्लाई नहीं आ पा रही है। नगर के 24 वार्डों की तकरीबन 50 हज़ार से अधिक की आबादी है। डिजिटल इंडिया में सारा कुछ ऑन-लाइन है। लेकिन पिछले 24 घंटों से नगर में बिजली गुल रहने से ऑन-लाइन वाला सारा सिस्टम ऑफ-लाइन हो गया। इतना ही नहीं बिजली न होने से कारोबार भी चौपट हुआ, साथ ही कल-कारखाने भी ठप हो गए। बाज़ारों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया गया कि हरदोई के मन्नापुरवा की लाइन में तकनीकी खराबी आने की वजह बिजली की सप्लाई नहीं आ रही है। इस बारे में जेई विजय कुमार ने बताया कि टेक्निकल टीम काम कर रही है। जल्द ही सप्लाई शुरू हो जाएगी। हालांकि खबर लिखे जाने तक बिलग्राम में बिजली की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी थी। पूरे नगर में ब्लैक आउट जैसा दिखाई दे रहा था।

33 केवी लाइन में फाल्ट के चलते 18 घंटे बाधित रही विद्युत सप्लाई

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। मल्लावां में 33 केवी लाइन में फाल्ट के चलते करीब 18 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही जिसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर में एक गेस्ट हॉउस के पास अंडर ग्राउंड 33 केवी लाइन का केबिल जलने के चलते रात्रि आठ बजे से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। बारिश के बाद सुबह ज़ब काम शुरू किया गया तो साढ़े ग्यारह बजे एक केबिल जोड़ा गया तो उसके बाद टेस्टिंग में केबिल बॉक्स जल गया। उसके बाद केबिल लाइन पुन: जोड़ी गई तो करीब दो बजे विद्युत सप्लाई पुन: बहाल हो सकी। इस संबंध में अवर अभियंता इतिशाम अली ने बताया कि केविल में फाल्ट की वजह से सप्लाई प्रभावित रही जिसे सही कराया गया है।

तालाब के किनारे मिट्टी का टीला गिरने से बच्चे की मौत

हरपालपुर, हरदोई

अमृत विचार। सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के बरसोहिया गांव में तालाब में बालू निकालने से हुए गड्ढे में खेल रहे दो मासूम बच्चों के ऊपर मिट्टी गिरने से वह दब गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया, जहां पर एक बच्चे को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के बरसोहिया गांव निवासी जागेंद्र सिंह का 10 वर्षीय पुत्र सचित अपने साथी धर्मेंद्र 11 वर्ष पुत्र राजकुमार के साथ बालू निकालने से चार फिट हुए गड्ढे में खेल रहा था। जिससे दोनों बच्चों के ऊपर मिट्टी अचानक भरभरा कर गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों बच्चों को निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने सचित को मृत घोषित कर दिया है। मृतक के परिवार में मां नीतू के अलावा एक बहन है। जिसका रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। वही धर्मेंद्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

कई दिन से लापता युवक का शव तालाब में मिला

हरदोई

अमृत विचार। कॉल सेंटर पर नौकरी करने वाले युवक का शव गांव के तालाब में पड़ा मिला। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर ज़रूरी पूछताछ शुरू कर दी है।

पाली थाने के परेली निवासी 26 वर्षीय विवेक कुमार उर्फ टिंकू शाहाबाद के कॉल सेंटर पर नौकरी करता था। 27 जनवरी से वह लापता था। कहीं पता न चलने पर पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई। सोमवार की सुबह गांव के बाहर तालाब में विवेक का शव उतराता हुआ देखा गया। बताया गया है कि कुछ महीने पहले उसके घर बच्ची हुई थी, फिर उसके कुछ दिनों बाद पत्नी शिवांशी अपने मायके चली गई। विवेक कुमार नशे का आदी था। लोगों का कहना है विवेक तालाब में गिर गया होगा और नशे की वजह से निकल नहीं पाया, जिससे उसकी पानी में डूब कर मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी भी तरह का कोई आरोप नहीं है।

एटा के तीन शातिर चोरों को हरदोई पुलिस ने दबोचा

हरदोई

अमृत विचार। कछौना पुलिस ने सण्डीला-बेनीगंज रोड पर घेराबंदी करते हुए 30 जनवरी की रात को कपड़ा कारोबारी की चोरी हुई बोलेरो को बरामद कर एटा के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने इसका खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अभियान के तहत शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की पकड़ में आने वाले चोरों के खिलाफ कई ज़िलों में तमाम मामले दर्ज हैं।

एसपी ने सोमवार को मीडिया के सामने बताया कि 30 जनवरी की रात में कछौना के बालामऊ निवासी योगेन्द्र कुमार के दरवाज़े पर खड़ी उनकी बोलेरो गाड़ी चोरी हुई थी। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए उसकी छानबीन शुरू कर दी। चोरों की कारस्तानी वहां लगे सीसीटीवी में क़ैद हो गई थी। पुलिस उसी के फुटेज खंगालते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत चलाए जा रहे अभियान को और तेज़ कर दिया। रविवार को एसएचओ कछौना राकेश कुमार सिंह अपनी टीम के साथ बेरुआ रोड पर चेकिंग कर रहे थे, उसी बीच मुखबिर से पता चला कि सण्डीला की तरफ से एक बोलेरो और दूसरी वैन पर सवार लोग आ रहे हैं। जिस पर पुलिस ने सण्डीला-बेनीगंज रोड पर सज्जन नगर मोड़ पर घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम को देख कर गाड़ी सवार लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें दौड़ा कर दबोच लिया। पुलिस की पकड़ में आए तीनों एटा ज़िले के रहने वाले हैं और उनके खिलाफ कई ज़िलों में तमाम मामले दर्ज हैं। एसपी श्री गोस्वामी ने आगे बताया कि उनके पास से चोरी की गई बोलेरो के अलावा एक ईको वैन, तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं। एसपी ने गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 10 हज़ार रुपये का ईनाम दिया है। एसपी ने बताया कि कछौना पुलिस की पकड़ में आने वाले शातिर चोरों के खिलाफ एटा के अलावा देवरिया, कासगंज, आगरा, मैनपुरी, गोरखपुर, फतेहगढ़, बरेली, उन्नाव और कन्नौज के थानों में कई मामले दर्ज हैं। सुल्तान सिंह चौहान के खिलाफ 19, अतुल सिंह उर्फ सनी के खिलाफ 6 और राजू यादव के खिलाफ 5 मामले दर्ज हैं।

बरामद तमंचे के साथ पकड़े गए शातिर, जानकारी देते एसपी केसी गोस्वामी।

पकड़े गए अभियुक्त

- सुल्तान सिंह चौहान पुत्र अमलेश सिंह निवासी जैथरा थाना जैथरा ज़िला एटा।
- राजू यादव उर्फ कालीचरण पुत्र श्रवण सिंह निवासी मोहल्ला गोविंद दास थाना अलीगंज ज़िला एटा।
- अतुल सिंह उर्फ सनी पुत्र सत्येन्द्र सिंह निवासी खेरौली थाना जैथरा ज़िला एटा।

प्रतिभावान बच्चों को मिले स्मार्टफोन

हरदोई, अमृत विचार। युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा ने सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित डॉ. राममनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मार्टफोन व टैबलेट प्रदान किए। इस मौके पर महाविद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश भी मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस का संशोधित कार्यक्रम हुआ जारी

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पूर्व में जारी सम्पूर्ण समाधान दिवस के कार्यक्रम में आवश्यक कारणवश कतिपय संशोधन किया है। उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 17 फरवरी को तहसील बिलग्राम में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उनकी अध्यक्षता में, सण्डीला में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तथा सवायजपुर में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।

2 मार्च को शाहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, सवायजपुर में सीडीओ की अध्यक्षता में व सदर में एडीएम की अध्यक्षता में, 16 मार्च को सण्डीला में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, सदर में सीडीओ की अध्यक्षता में व बिलग्राम में एडीएम की अध्यक्षता में, 6 अप्रैल को सवायजपुर में उनकी अध्यक्षता में, बिलग्राम में सीडीओ व शाहाबाद में एडीएम की अध्यक्षता में, 20 अप्रैल को सदर की अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, शाहाबाद में सीडीओ एवं सण्डीला में एडीएम की अध्यक्षता में, 4 मई को बिलग्राम में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, सण्डीला में सीडीओ तथा सवायजपुर में एडीएम की अध्यक्षता में, 18 मई को शाहाबाद में उनकी अध्यक्षता में, सवायजपुर में सीडीओ व सदर में एडीएम की अध्यक्षता में, एक जून को सण्डीला में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, सदर में सीडीओ व बिलग्राम में एडीएम की अध्यक्षता में और 15 जून को सवायजपुर में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में, बिलग्राम में सीडीओ की अध्यक्षता में एवं शाहाबाद में एडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे, सीडीओ तथा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा भाग लिया जायेगा।

अन्नदाताओं पर मुसीबतों की बारिश सरसों, मटर की फसलों को नुकसान

सेमरी, रायबरेली

अमृत विचार। रविवार रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम बरसात से जहां फूलदार फसलों को नुकसान पहुंचा है। वही खेतों में जलजमाव होने के कारण आलू समेत अन्य फसलों के भी प्रभावित होने की आशंका सता रही है। बारिश ने किसानों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। खेतों में सरसो, आलू, मटर सहित अन्य सब्जियों आदि की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने दो दिनों तक ऐसे ही बने रहने के संकेत दिए है। ऐसे में अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की लकीरें साफ झलकने लगी हैं।

रविवार को रात से हो रही झमाझम के बाद सोमवार को भी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। जिले में रात से रुक-रुककर हो रही बारिश एवं तेज हवा ने फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। इस समय सबसे अधिक नुकसान सरसो की फसल को है। पकने की दहलीज पर खड़ी इस फसल की फली हवा के कारण गिरने का खतरा बढ़ गया है। किसानों की माने तो सरसो के साथ ही मटर, अरहर, धनिया, आलू आदि फसलों पर भी बारिश का असर पड़ना तय है। गेंहू फसल को छोड़ कर अन्य फसल तो प्रभावित होने के साथ ही खेत में पानी भरने से आलू की फसल भी सड़ सकती है।

रमुवापुर निवासी किसान रामप्रताप, प्रकाश, ओम प्रकाश, रामगोपाल व रामपियारे ने बताया कि जो खेत नीचे हैं और उनमें पानी भर गया है। ऐसे में पौधों के सड़ने की संभावना है। साथ ही पैदावार प्रभावित होना तय है। बारिश के साथ अगर हवा और ओला पड़े तो सरसो के अलावा खेत में खड़ी सभी फसलों को नुकसान होगा।

बारिश से धनिया को हुआ नुकसान। अमृत विचार

रामप्रताप

प्रकाश

रामगोपाल

रामपियारे

पहले मवेशियों के लिए रतजगा, अब बारिश से जलजमाव की चिंता

किसानों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। खाद, बीज और सिंचाई जैसी समस्याओं से जूझते हुए जैसे तैसे बुआई कर ली। इसके बाद पौधों की बेसहारा मवेशियों बचाने के लिए रतजगा किया। अब बारिश हो गई तो खेतों में पानी भर गया। ऐसे में पौधों को नुकसान पहुंचने की चिंता सताने लगी है।

नेशनल स्तर पर खेलकर परिषदीय विद्यालयों का नाम ऊंचा कर रहे बच्चे: सीडीओ

संवाददाता, रायबरेली। सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता पुलिस लाइंस के मैदान में शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव और डीआईओएस ओमकार राणा ने किया। पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गोला फेंक और लम्बी कूद की प्रतियोगिताएं कराई गई। सीडीओ पूजा यादव ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी बात है कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे आज नेशनल स्तर की प्रतियोगिता में खेलकर विभाग और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। पढ़ाई के साथ ही साथ अब बच्चे शिक्षकों के सहयोग से खेलकूद प्रतियोगिता स्तर पर भी बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। गोला फेंक जूनियर बालक में पहले, दूसरे और तीसरे पर क्रमश: कमल, विशाल, गौरव, आकांक्षा सिंह, तनवी सिंह, आंशिका पाल, ऊंची कूद में सौरभ, दुर्गेश, अरूण, बालिका में मंगला सरोज, काजल व यशी, लम्बी कूद बालक में आदित्य, सौरभ, शैलेन्द्र, बालिका में कामिनी, अंजली सिंह, ज्योया, डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग में स्वाती, अंशी, आकांक्षा सिंह, बालक में शिखर, कमल, प्रियांशु रहे। प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता में लम्बी कूद बालिका वर्ग में शीबा, संध्या, शुभी पटेल, बालक में नागेश, अभिलाष और शनी क्रमश: पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

मोहिनी अवतार और श्रीकृष्ण जन्म की सुनाई कथा

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। विकास खंड सरेनी स्थित ग्राम पूरेचंदू मजरे काल्हीगांव में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के रविवार को भागवत का महत्व समझाया गया। पांचवें दिन गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन के साथ ही प्रभु के मोहिनी अवतार व श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कथावाचक श्री श्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि भगवान से बड़ा कोई साथी नहीं है। भागवत में चार वर्ण हैं। भ अर्थात भक्ति देने वाला, ग अर्थात तप का फल देने वाला, यह महापुराण है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया और झांकी का आनंद उठाया। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए कहा कि गजेंद्र ने अपने पारिवारिक बंधुओं सहित सारा जीवन व्यतीत कर दिया, किंतु अंत समय में ईश्वर के अतिरिक्त किसी ने उसका साथ नहीं दिया। उसी प्रकार लोगों को परिवार में रहते हुए भी ईश्वर स्मरण बनाए रखना चाहिए तभी मुक्ति प्राप्त हो सकती है। देवताओं ने असुरों से मिलकर समुद्र मंथन कर अमूल्य रत्न प्राप्त किए थे।

सार-संक्षेप

मारपीट का केस दर्ज

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के दौतरा गांव निवासी वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की वह अपने पुत्र के साथ अपनी पुश्तैनी जमीन देखने गए थे। तभी पता चला की विपक्षी मेरे बाग में पेड़ काट रहे है। पेड़ काटने से मना किया तो गांव के ही ब्रजराज सिंह, रामेंद्र सिंह, ज्ञानेस्द्र सिंह, दिग्विजय सिंह, शैलेश सिंह व अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मुझे व मेरे बेटे को गाली देते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया की तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

युवक को भेजा जेल

लालगंज, रायबरेली। पुलिस ने मादक पदार्थों के खरीद फरोक्त करने वाले मटेहना निवासी युवराज उर्फ सोनू पुत्र राकेश को जेल भेजा है। उसके पास से 1250 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद हुआ है। उसके खिलाफ पहले से लूट, अवैध असलहा रखने सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। युवराज को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल सहित उपनिरीक्षक मिठाई लाल यादव, सूर्य प्रताप सिंह सिपाही जितेंद्र शामिल रहे।

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का हुआ स्वागत

डलमऊ, रायबरेली। भाजपा जिला इकाई के द्वारा महेंद्र पटेल को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रीय समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। घोषणा होने के बाद से ही बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। रविवार को भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य ने महेंद्र पटेल के आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी।

एचटी लाइन पर गिरा पेड़, दो लाख आबादी में बिजली गुल

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिले में देर रात से शुरू हुई बरसात से जहां किसानों की धड़कने बढ़ी रही। वही शहर के गोराबाजार विद्युत केंद्र की एचटी लाइन पर पेड़ गिर जाने से आसपास की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पेड़ गिरने की हाइवे पर यातायात भी प्रभावित हो गया, लेकिन विभाग के जिम्मेदारों की सतर्कता के कारण जल्द ही रास्ता साफ करा करा कर आवागमन शुरू कराया। बिजली नहीं आने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

कालोनी के लोग तो पीने के पानी के लिए भी तरस गए। देर रात से गुल हुई बिजली दोपहर बाद तक नही आ सकी थी। गुल हुई बिजली के कारण उपकेंद्र से जुड़ी कालोनी और उसके आसपास विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। घंटों आपूर्ति सुचारू नही होने पर घरों में लगे बैटरी-इंवर्टर भी जवाब दे गए। जिसके बाद लोगों ने विद्युत उपकेंद्र फोन करके जानकारी जुटाई। दोपहर तक विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं होने तक लोग पीने के पानी के लिए भी तरस गए। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के करीब दो लाख लोग बिजली आपूर्ति से प्रभावित हुए। एसडीओ विशाल वर्मा ने बताया कि लाइन पर पेड़ गिर गया था। जिसके चलते आपूर्ति प्रभावित हुई थी। जल्द ही आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।

पेड़ गिरने से लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर आवागमन प्रभावित

बलरामपुर ने लखनऊ को हरा कप पर जमाया कब्जा

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र के श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज शिवगढ़ के मैदान में आयोजित 67वीं श्री बरखंडी स्मारक राज्य हाकी प्रतियोगिता का फाइनल स्टार इलेवन बलरामपुर और स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ के बीच खेला गया। बारिश के चलते पेनल्टी स्ट्रोक के द्वारा निर्णय लिया गया। इसमें स्टार इलेवन बलरामपुर ने स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ को 3-1 से पराजित कर कप अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच बलरामपुर टीम के गोल कीपर तल्विजुल रहिमान को दिया गया। वहीं मैन ऑफ़ द सीरीज स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ के दानिश को दिया गया।

इससे पहले फाइनल मैच का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं विद्यापीठ के पूर्व छात्र डॉ.रामकुमार मिश्रा, श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज शिवगढ़ के प्रबंधक एवं शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह, आयोजक कमेटी अध्यक्ष एवं विद्यापीठ के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। रेफरी की भूमिका कवि यादव, मुशीर अहमद, अजहर अब्बास, सुनील चौधरी ने निभाई। स्कोरर की भूमिका अनुराग श्रीवास्तव ने निभाई। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि डा.रामकुमार मिश्रा व विद्यापीठ के प्रबंधक कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह द्वारा विजेता-उपविजेता टीम को कप एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

मनीष की शानदार गेंदबाजी से पूरे दुनियापथ बनी विजेता

सतांव, रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के कोरिहर गांव में चल रही बाबा कोटेश्वर क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को सुल्तानपुर खेड़ा व पूरे दुनियापथ के मध्य खेला गया, जिसमें दुनियापथ की टीम विजयी रही। आठ दिनों से चल रही प्रतियोगिता का फाइनल मैच निर्धारित 15-15 ओवर का खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुल्तानपुर खेड़ा टीम 12.2 ओवर मे 93 रनों के स्कोर पर ही सिमट गई। सुल्तानपुर की तरफ से अंकित सिंह ने सर्वाधिक 26 रन बनाये। पूरे दुनियापथ की टीम ने 13.1 ओवर में तीन विकेट खोकर ही प्राप्त लक्ष्य को हासिल कर लिया। पूरे दुनियापथ की तरफ से सिंपल सिंह ने सर्वाधिक 35 रन बनाएं। मुख्य अतिथि खीरों ब्लॉक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नीरज हंस व विशिष्ट अतिथि सतेश गौतम ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते हुये सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर 'बाबा कोटेश्वर क्रिकेट कमेटी' के पप्पू सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो०: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो०: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

एक नजर

विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर सांड़ की मौत

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते लोहे के पोल में करेंट के चलते एक सांड की मौत हो गई। राघौपुर रोड पर निम्मी तालाब के पास लोहे के पोल उतरे करंट की चपेट में आकर सांड़ की मौत हो गई। आस पड़ोस के लोग छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन सफल न हो सके। बारिश के चलते लोहे के पोल में अक्सर करेंट आने से हादसे होते है। लेकिन विद्युत विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

दुष्कर्म का दूसरा आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

शाहाबाद, हरदोई। दुष्कर्म के एक मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी को भी कोतवाली पुलिस ने अल्लाहपुर तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शाहजहांपुर जनपद के कांट थाना क्षेत्र के रहने वाली एक महिला का निकाह तकरीबन आठ वर्ष पहले लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक के साथ हुआ था। पति से विवाद होने के कारण महिला मायके में रहने लगी। इसी बीच शाहाबाद कोतवाली के एक मोहल्ले के युवक लयीक की जान पहचान हो गई और वह उसे अपने घर ले आया। महिला का आरोप है कि वह उसके साथ निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा और निकाह करने से मना कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने लयीक और उसके साथी जमील रावतपुर कांट जनपद शाहजहांपुर के खिलाफ दूसरा का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने लईक को पहले ही जेल भेज दिया। चार फरवरी को दोपहर पुलिस ने जमील को अल्लाहपुर तिराहे से गिरफ्तार किया।

जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता कार्यक्रम (एससीएसपी) के तहत विकास खण्ड-सुरसा में सोमवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सुरसा, एडीओ (आईएसबी), सुरसा, ग्राम प्रधान फर्दापुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। जागरूकता शिविर में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह एवं बालक राम, सहायक विकास अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।

धूमधाम से निकली राजा राम की बरात

राम-लक्ष्मण व सीता के स्वरूपों की आरती उतारतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व रथों पर सवार सुंदर झांकियां। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। नगर के नुमाइश मैदान में चल रही वार्षिक रामलीला में रामजी की बारात सोमवार को निकाली गई। बारात में हाथी, घोड़े, बैंडबाजा तथा बग्घियों पर रामजी के बाराती सवार थे। बैंडबाजा व डीजे की धुन पर बारातियों ने जमकर डांस किया। बारात में सजी दर्जनों मनोहर झांकियां लोगों को मंत्र मुग्ध कर रही थीं। जगह-जगह बारात का लोगों ने स्वागत किया। नगरवासियों को पूरे वर्ष रामजी की बारात का इंतजार रहता है। सोमवार की दोपहर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, मेला कमेटी के संयोजक रामप्रकाश शुक्ला ने राम-लक्ष्मण की आरती उतार कर मेला मैदान से बारात को रवाना किया। बारात में भगवान के तमाम रूप को दर्शाती हुई झांकियां थीं। बग्घियों पर सवार बाराती सजधज कर निकले। बारात दोपहर को रामलीला मैदान से निकल कर नुमाइश चौराहा, पीडब्ल्यूडी चौराहा, जिंदपीर चौराहा होते रेलवेगंज पहुंची। तत्पश्चात सिनेमा चौराहा, बड़ा चौराहा, छोटे चौराहा व बाबा मंदिर होते हुए देर रात लीला मैदान पहुंची। बारात में कई बैंड कंपनियां भक्तिगीतों का रस घोल रही थीं। बारात में डीजे पर जमकर बारातियों ने डांस किया। जगह-जगह बारात का स्वागत किया गया। लोगों ने राम-लक्ष्मण की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया। लंबी चौड़ी बारात का जगह-जगह लोगों ने स्वल्पाहार कराया। इस बारात का पूरे वर्ष नगरवासियों को इंतजार रहता है। बारात देखने के लिए घंटों लोग सड़क के दोनों ओर खड़े होकर इंतजार करते हैं।

गौशाला से गोवंश बाहर निकले तो तय होगी जवाबदेही

जिलाधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश, कहा- अभियान की नियमित करें निगरानी और संख्या की गणना

हरदोई

अमृत विचार। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गोवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। अभियान की नियमित निगरानी की जाए। गोसंरक्षण के संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी से नियमित रिपोर्ट प्राप्त की जाए। गोशालाओं में संरक्षित पशुओं की संख्या का समय-समय पर सत्यापन कराया जाए। गोशालाओं में गहरी खाई खुदवाने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। अधिक गोवंश वाली गोशालाओं को प्राथमिकता दी जाए। गौशाला में संरक्षित गोवंश के बाहर निकलने पर संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाए। 24 घंटे केयरटेकरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। आवश्यकतानुसार शेड विस्तारीकरण का कार्य कार्य कराया जाए। गोशालाओं की फण्ड रिक्वेस्ट को ऑनलाइन अपलोड शासन द्वारा निर्धारित समय पर कराना सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक भवनों में गोवंश बन्द करने वालों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए। किसानों के साथ होने वाली बैठक में समस्याओं के निदान पर विशेष जोर दिया जाए।

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में डीएम ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कराया जाए। दिव्यांगता हेतु प्राप्त नवीन आवेदनों का सत्यापन कराया जाए। पात्रों के प्रमाण पर जारी कराए जाएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को 18 बिंदुओं से संतृप्त कराया जाए। चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग लैब का कार्य जल्द पूरा कराया जाए। मिशन कायाकल्प के सभी बिंदुओं को संतृप्त कराया जाए। वात्सल्य योजना की स्पांसरशिप स्कीम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का जल्द निस्तारण किया जाए।

उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण में तेजी लायी जाए। शासनादेश के अनुरूप दूसरी व तीसरी किश्त जारी की जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार व सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी एमपी सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुनानी।

डीएम ने की स्वच्छ भारत मिशन की बैठक

हरदोई, अमृत विचार। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में तेजी लायी जाए। प्राप्त नए आवेदनों का जल्द सत्यापन कराया जाए। लक्ष्य के अनुरूप आरआरसी केन्द्रों का निर्माण जल्द कराया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ प्लस के तहत लक्ष्य के अनुरूप ग्रामों को उत्कृष्ट श्रेणी में लाने के गंभीरता से प्रयास किये जायें। उन्होंने ओडीएफ प्लस में खराब प्रदर्शन के लिए मल्लावां, भरखनी, बिलग्राम व हरियावां के खण्ड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समानुपातिक रूप से सभी विकास खण्डों में सेक्रेटरी तैनात किए जाएं। सभी पंचायत भवनों को सक्रिय रखा जाए। निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थलों का कार्य जल्द पूरा किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह, संबंधित अधिकारी व संबंधित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महायज्ञ के पूर्व निमंत्रण यात्रा की तैयारियां तेज

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। अहिरोरी ब्लाक के काईमऊ में महाशिवरात्रि के अवसर पर विख्यात कथा व्यास पंडित अनमोल कृष्ण के निर्देशन व अनमोल गुरुकुलम परिवार मथुरा के तत्वावधान में दो से 10 मार्च तक 108 कुण्डीय विराट लक्ष्मीनारायण महायज्ञ श्रीमद्भागवत कथा एवं रासलीला व मेला महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। बताते चलें कि दशकों से मथुरा में संचालित अनमोल गुरुकुलम चैरिटेबल ट्रस्ट व श्रीकृष्ण भागवत प्रशिक्षण संस्थान के संस्थापक व प्रसिद्ध भागवत व्यास पंडित अनमोल कृष्ण महाराज ने अपनी जन्म स्थली गांव काईमऊ में भव्य मंदिर निर्माण व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सर्व कष्ट निवारणार्थ 108 कुण्डीय विराट यज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का संकल्प लिया। जिस पर अब बड़े स्तर की तैयारियां प्रारम्भ हैं। बीते 5 नवंबर को भूमि पूजन व आमंत्रण पत्र के विमोचन का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

प्रदेश में क्या सस्ता क्या महंगा होगा लोगों ने जाना बजट से

हरदोई, अमृत विचार। प्रदेश सरकार ने सोमवार को बजट जारी किया। प्रदेश में क्या सस्ता होगा क्या होगा महंगा होगा सरकार लोगों के लिए कौन सी नई योजना लाई है। इसको देखने के लिए लोग बेताब हैं। सोमवार को प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए सरकार की तमाम उपलब्धियों को गिनाया। लोगों ने इलेक्ट्रानिक शो रूमों पर लगी बड़ी-बड़ी एलईडी पर बजट की बारीकियों को समझा। बजट को देखने के लिए दुकानों पर बड़ी भीड़ रही है। सोशल मीडिया व अन्य साधनों से प्रदेश के बजट के बारे में जानकारी प्राप्त की। बजट की जहां सत्ता पक्ष के लोगों ने सराहना की, वहीं विपक्ष के लोगों ने इसे चुनावी बजट बताया। बजट को लेकर लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया रहीं।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। युवक ने गांव के बाहर पत्नी की साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह उसका शव देखते ही गांव में हड़कंप मच गया। वहां लोगों की भीड़ लग गई। उसने ऐसा क्यों किया ? पुलिस इस सवाल का जवाब ढूंढ रही है। बेनीगंज कोतवाली के महड़ौरा निवासी जगदीश का पुत्र रिंकू (30) मेहनत-मज़दूरी कर अपनी पत्नी गीता के अलावा दो बेटों और दो बेटियों की परवरिश करता था। रिंकू अपनें दो भाइयों में बड़ा बताया गया। सोमवार की सुबह गांव के कुछ लोग बाहर की तरफ गए, जहां रिंकू का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। इसका पता होते ही गांव में हड़कंप मच गया। रिंकू के घर वालों रोते-बिलखते हुए दौड़ पड़े। उसके पिता जगदीश ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और लोगों से पूछताछ की।

दिनभर रहे बादल, बरसात के डर से सहमे रहे किसान

हरदोई

अमृत विचार। मौसम का रुख लगातार बदल रहा है। सोमवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम को सर्द रखा। सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान 14.5 व अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस रहा। तीन मिलीमीटर वर्षा मौसम वेधशाला में दर्ज की गई। तेज हवा चलने से ठंड का एहसास तो हुआ, लेकिन तापमान में बढ़ोत्तरी हो गई।

बताते चलें कि रविवार को पूरे दिन रुक-रुक कर हुई बारिश के चलते सोमवार को भी किसान बारिश की आशंका से सहमे रहे। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। असमय हुई बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है, वहीं रुक-रुक कर हो रही बारिश से जगह-जगह कीचड़ हो गया। लगातार मौसम का रुख बदल रहा है। सोमवार को भी मौसम वेधशाला में तीन मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। बरसात के कारण हवा चलने से मौसम एक बार फिर सर्द हो गया है। हालांकि न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई है, लेकिन शीत लहर ने कम होने का नाम नहीं लिया।

सार-संक्षेप

अवैध बैनामा पर रोक लगाने की लगाई गुहार

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। कस्बा के मोहल्ला आजाद नगर निवासी एक पीड़ित ने एसडीएम बिलग्राम को दिए शिकायती पत्र में अवैध बैनामा पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। मोहल्ला आजाद नगर निवासी भगवानदास गुप्ता ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह भूमि खण्ड संख्या 532 रकबा 0 .5440 हेक्टेयर ग्राम तेरवा स्थित संक्रमणीय भूमिधर है, जो कि हरदोई-कानपुर मार्ग की सड़क से सटे में स्थित है। जिसके पीछे गोखलेनगर निवासी अनूप कुमार अन्य का ग्राम दौलतयारपुर स्थित भूखण्ड संख्या 507अ है। विपक्षी पीड़ित की जमीन पर अवैध रूप से चौहद्दी दिखाकर सड़क तक जमीन को दबंगों के हाथों बैनामा करना चाहते हैं। आरोप है कि जब जमीन बिक्री की फौरी जानकारी हुई तो विपक्षियों से बात करने पर जमीन को सड़क तक बेंचने की धमकी भी दी। शिकायतकर्ता ने अधेड़ होने का हवाला देते हुए बताया कि मामले को लेकर विपक्षी कई बार वाद विवाद कर चके हैं। पीड़ित ने भूखण्ड संख्या पर गलत तरीके से चौहद्दी दिखाकर अवैध बैनामा पर रोक लगाए जाने की गुहार लगाई है।

साफ-सफाई न होने से गांव में भरा पानी। अमृत विचार

गांव में कई महीनों से नहीं आते सफाई कर्मी

सुरसा, हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड में भाजपा सरकार विकास के नाम पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है और योजना के बारे में भारत संकल्प यात्रा के जरिए सभी गरीबों तक योजना पहुंचने का काम कर रही है, लेकिन विकास खण्ड क्षेत्र के खजुरहरा ग्राम पंचायत के मजरा जगतपुरवा, सथरी व गोदहईया इन गांवों में रोड पर भरा कीचड़ तथा नालियों में भरी गंदगी इधर एक नज़र जगतपुरवा में देखा जाए नाली की सफाई के नाम पर खानापूर्ति हों रही है। गांव में कई महीनों से सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आया, जिसके कारण गांव में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। खास बात यह है कि छोटे -छोटे बच्चे स्कूल में पढ़ने के लिए जाते हैं उनको कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, लेकिन इन दिनों गंदगी के कारण बच्चे रोजाना बीमार हो रहे हैं। इधर सफाई कर्मी प्रधान की चौखट पर रोजाना हाजिरी देता है। इस संबंध में ग्रामीण गंगाराम मनोज कुमार, अमर सिंह व शिवम आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सफाई कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

भारत के कल को संभालना हमारी जिम्मेदारी : शशिबाला

हरदोई, अमृत विचार। भारत के कल को संभालना और संवारना हमारी ज़िम्मेदारी है और इस ज़िम्मेदारी को पूरा करेंगे हम। देश के भविष्य को अन्याय न सहना पड़े, ये सुनिश्चित करेंगे हम। लड़ते रहेंगे - न्याय का हक़ मिलने तक। कछौना ब्लॉक में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि कांग्रेस की ब्लॉक प्रभारी शशिबाला वर्मा ने उक्त बात कही। ब्लाक स्तरीय संवाद एवं कार्यशाला ब्लॉक अध्यक्ष संतराम वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। सण्डीला ब्लॉक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि कांग्रेस भारत बनाने वाले मेहनतकश कामगारों को मज़बूत बनाना चाहती है, लेकिन भाजपा उन्हें चुनिंदा पूंजीपतियों का गुलाम। भारत जोड़ो न्याय यात्रा' हमारे श्रमिक साथियों की आवाज बुलंद कर उन्हें न्याय दिलाने की ओर एक सशक्त कदम है। ब्लॉक सण्डीला में ब्लॉक प्रभारी ओमप्रकाश अर्कवंशी व ब्लॉक अध्यक्ष नसीम वारसी द्वारा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोथावां ब्लॉक संवाद ब्लॉक अध्यक्ष राम औतार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें प्रभारी साधू सिंह मौजूद रहे। टोडरपुर ब्लॉक में संवाद कार्यक्रम ब्लॉक प्रभारी श्यामपाल द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पिहानी चेयरमैन पूर्व प्रत्याशी उस्मान खान शामिल हुए। बेंहदर में ब्लॉक अध्यक्ष मसीहुद्दीन ने आयोजित किया जिसमें प्रभारी देवेंद्र शर्मा शामिल हुए। भरावन में जिला महासचिव नवरत्न द्विवेदी व ब्लॉक अध्यक्ष राम नरेश अर्कवंशी द्वारा आयोजित किया गया।

घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में बेड पर पड़ा मिला युवती का शव

हरदोई, अमृत विचार। युवती का शव उसके कमरे के बेड पर पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही घर-परिवार में हड़कंप मच गया। वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया और पूछताछ की। इस बारे में एसएचओ सवायजपुर शेषनाथ सिंह ने बताया है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस को फिलहाल अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। सारे मामले की जांच की जा रही है। सवायजपुर कोतवाली के मिरगावां गांव निवासी जितेंद्र की शादी करीब आठ महीने पहले विलग्राम कोतवाली के भुलभुलिया पुर की 21 वर्षीय सीमा के साथ हुई थी। रविवार को सीमा के भाई छुन्ना ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन का शव बेड पर पड़ा हुआ है। उसने अपनी बहन की संदिग्ध हालत में हुई मौत का खुलासा करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही। इस पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया और उसके घर वालों से इस बारे में पूछताछ की। हालांकि कोई भी कुछ बता नहीं सका। एसएचओ सवायजपुर शेषनाथ सिंह का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। जांच की जा रही है।

चचेरे देवरों ने भाभी के साथ की धोखाधड़ी

हरदोई

केस दर्ज

- **बैंक से कर्ज़ लेने के लिए गवाही दिलाकर की धोखाधड़ी**

अमृत विचार। चचेरे देवर बैंक से कर्ज़ लेने के लिए गवाही के लिए भाभी को अपने साथ ले गए और वहीं सांठगांठ कर उल्टा भाभी को ही कर्ज़दार बना कर लाखों की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस ने जब कोई सुनवाई नहीं की तो मामला सीजेएम कोर्ट पहुंचा। उसके बाद कोर्ट के आदेश पर कोतवाली शहर पुलिस ने चचेरे देवरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बताया गया है कि कोतवाली शहर के राधानगर की सोनी मिश्रा पत्नी नवीन कुमार ने सीजेएम कोर्ट में दाखिल की अर्ज़ी में कहा था कि उसका पति दिल्ली में काम करता है। 28 जून 2018 को उसके पति के चचेरे भाई सपन अवस्थी पुत्र ध्रुव कुमार अवस्थी निवासी सराय थोक पूर्वी ने अपने भाई तपन अवस्थी के साथ मिल कर आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा जगदीश पुर से क़र्ज़ लेने के लिए उसे बहाने से गवाही के लिए ले गए, जहां उन्होंने सारे अभिलेखों पर सोनी मिश्रा के दस्तखत करा और 2 लाख 90 हज़ार का क़र्ज़ ले लिया।

इतना ही नहीं मकान दिलाने का झांसा देते हुए सोनी से दो बार में 3 लाख 18 हज़ार रुपये हड़प कर लिए। सोनी का कहना था कि जब उसने अपने पैसे मांगे तो दोनों भाइयों ने उसे गाली-गलौज करते हुए धमकाना शुरू कर दिया। उसने डीएम और एसपी से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद उसने कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। कोर्ट ने सोनी मिश्रा की अर्ज़ी पर कोतवाली शहर पुलिस को सपन अवस्थी और उसके भाई तपन अवस्थी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए।जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

निर्माणाधीन मुंसिफ कोर्ट का किया निरीक्षण

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे में मुंसिफ कोर्ट की शुरुआत जल्द होने कवायद शुरू कर दी गई है। कोतवाली से सटी मुंसिफ कोर्ट की भूमि की पैमाइश के बाद निर्माण शुरू करवा दिया गया है। जिला जज राजकुमार सिंह ने सोमवार को निर्माणाधीन मुंसिफ कोर्ट का निरीक्षण कर मानक के अनुसार निर्माण करने के कड़े निर्देश दिए। कई वर्ष पूर्व ही कस्बे में मुंसिफ कोर्ट को मंजूर करवाया गया था उसी समय अदालत के भवन का निर्माण करवा दिया गया था, लेकिन किन्हीं कारणों से भवन में अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका था। पिछले महीने जिला जज के प्रयासों से मुंसिफ कोर्ट की भूमि की सही पैमाइश होने के बाद भवन और बाउंड्रीवॉल का कार्य शुरू कर दिया गया। सोमवार को जिला जज ने सरकारी अमले के साथ आकर निर्माणाधीन मुंसिफ कोर्ट का बारीकी से निरीक्षण किया।

बयान भाजपा के मिश्रिख लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन प्रभारी मंत्री ने किया

यूपी की सभी लोकसभा सीटें जिताने का लिया संकल्प

संडीला, हरदोई

अमृत विचार। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ कर दिया है। उद्घाटन के मौके पर पहुंचे प्रभारी मंत्री सहकारिता विभाग जेपीएस राठौर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का प्रण लिया है और इस बार लोकसभा की 404 सीटों को जीत कर प्रचंड बहुमत की सरकार बनानी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 80 लोकसभा सीटों को जिताने का संकल्प लिया है। जब सभी कार्यकर्ताओं का परिश्रम जुड़ जाएगा तो हम अपने संकल्प को पूर्ण करने में सफल होंगे देश में एक तरफ जहां अमृतकाल में विकास के नए आयाम कर रहा है। वहीं धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में सनातन अपनी स्वर्णिम आभा को छू रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि पहले विपक्ष कहता था कि राम मंदिर बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। अब श्री राम मंदिर भी बन गया। अब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। यदि कांग्रेस की सरकार होती तो कितना बड़ा भ्रष्टाचार होता, जो लोग भ्रष्टाचार कर रहे हैं उनको हमारी सरकार जेल में भेजने का कार्य भी कर रही है। इस अवसर पर जिला प्रभारी हरदोई शंकर लाल लोधी, मिश्रिख लोकसभा प्रभारी रामनिवास यादव, संयोजक अशोक कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सीतापुर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा, संडीला विधायक अलका सिंह अर्कवंशी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता, विशुन दयाल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सिद्ध प्रताप मौर्य, संतोष अस्थाना, विभा सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तथोमैत्री न जीवर्यति॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है, जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

संपादकीय

कदाचार रोकने के लिए

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कदाचार को रोकने के लिए केंद्र ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024, लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया। इसमें प्रश्नपत्र लीक करना, अभ्यर्थियों की सहायता करना, कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ करना, फर्जी वेबसाइट बनाना और बैठने की व्यवस्था में हेरफेर करना शामिल है। विधेयक में न्यूनतम तीन साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। परीक्षा आयोजित करने में लगे सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है और उन्हें भविष्य में जिम्मेदारियों से रोका जा सकता है। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि सरकार युवाओं को लेकर चिंतित है, जिस तरह से परीक्षाओं में अनियमितता हो रही है उसे सरकार गंभीरता से ले रही है। लिहाजा फैसला लिया गया है कि परीक्षा में धांधली को रोकने के लिए नया कानून बनाया जाए। विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं पर एक उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय तकनीकी समिति की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है, जो डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षित करने, फुल प्रूफ आईटी सुरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी लागू करने और बुनियादी ढांचे के लिए राष्ट्रीय मानक तैयार करने के लिए प्रोटोकॉल विकसित करेगी।

गत वर्षों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे परीक्षा को रद करना पड़ता है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2017-2023 तक सात सालों में अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। सख्त कानून न होने से इस पर रोक नहीं लग पा रही। ऐसे में इस तरह का कानून बहुत जरूरी था। प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे-जैसे कदाचार हाईटेक होता जा रहा है दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी बच्चों को मानसिक आघात लग रहा है, वहीं कार्यशैली को लेकर पूरा सिस्टम भी कठघरे में खड़ा हो रहा है। प्रत्येक नौकरी का पहला चरण प्रतियोगी परीक्षा होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टिकी होती है। परंतु सवाल है कि क्या दुनियाभर में सम्मान पाने वाले भारतीय युवा परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों के चलते अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अपेक्षित सम्मान हासिल कर पाएंगे? शिक्षा भले ही समवर्ती सूची का विषय हो और अलग-अलग राज्यों में परीक्षा में कदाचार को लेकर कानून हों लेकिन यदि उससे पूरे देश में व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हों तो केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती। विधेयक आने से परीक्षाओं की शुचिता पर विश्वास बहाल होगा।

यूपी में आर्थिक विस्तार व समृद्धता लाएगा बजट

डॉ. विकास प्रधान
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए।

सोमवार को देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत हुआ जिसने सीधे गत वर्ष के 6.90 लाख करोड़ से 7.36 लाख करोड़ का उछाल किया और उत्तर प्रदेश की पूरी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले सात सालों में दोगुना होकर 25 लाख करोड़ हो गई। निश्चित ही अर्थव्यवस्था का विस्तार सुखद है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रहा है।

वर्ष 2024-25 का बजट वार्षिक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि राजकोषीय अनुशासन वित्तीय अनुशासन बात चौमुखी विकास का अब संरचनात्मक प्रोत्साहन वाला बजट है। कारण है राजकोषीय घाटा एफआरबीएम एक्ट के अनुसार महज 3.46 प्रतिशत रह गया है और साथ ही उत्तर प्रदेश रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र व सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में संतुलित आर्थिक विकास का समीकरण इस बजट में स्पष्ट दिख रहा है। पूरे बजट का लगभग एक तिहाई हिस्सा कैपिटल एक्सपेंडिचर पर होना जिसमें 17 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यय होना।

उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के उज्ज्वल भविष्य का लक्षण है, क्योंकि नए राजमार्गों का विकास, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस वे बनाना, सड़क निर्माण करना, प्रधानमंत्री सड़क योजना को आगे बढ़ाना, 4000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क बनाना, 31500 मेगावाट अधिक बिजली उत्पादन संयंत्रों की स्थापना करना, रेलवे ऊपरगामी पुल निर्माण करना, ग्रामीण स्तर पर सेतुओं का निर्माण करना, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की स्थापना, कानपुर व आगरा में मेट्रो बनाना आदि उत्तर प्रदेश की अवसंरचना को अधिक मजबूत कर रोजगार सृजन करते हुए संतुलित आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री ने कृषि की बुनियादी समस्याओं व आवश्यकताओं को चिन्हित कर दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, नलकूपों की व्यवस्था करना, मत्स्य संपदा योजना को बल देना, सस्ती बिजली दर पर सिंचाई व्यवस्था आदि का बजटीय प्रावधान अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करेगा, क्योंकि कृषि बिना विकास की संभावना होती है। कृषि के भी मजबूत पक्ष को पहचानते हुए वित्त मंत्री ने चीनी मिल निर्माण व पुनर्निर्माण हेतु 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।

> ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए। किंतु ग्रामीण विकास, ग्रामीण बाजार व छोटे हाट पर कोई नीतिगत विवरण आंकड़ागत विकास की बात न होना इन योजनाओं में लीकेज उत्पन्न कर सकता है। केंद्रीय योजना आयोग (वर्तमान में नीति आयोग) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता क्षेत्रीय विकास की अवधारणा, बुंदेलखंड विकास निधि व पूर्वांचल विकास निधि के प्रस्ताव के साथ-साथ केंद्रीय उत्तर प्रदेश के जनपदों लखीमपुर, हरदोई, भदोही, मिर्जापुर आदि में औद्योगीकरण टेक्सटाइल पार्क की स्थापना आदि संतुलित आर्थिक विकास के सिद्धांत पर खरा उतरता है। किंतु इसमें तराई का क्षेत्र व श्री अन्न विकास कहीं छूट गया है। पीलीभीत जनपद के गन्ना किसानों व चीनी मिलों को शायद चीनी मिल निर्माण के 500 करोड़ रुपये में से कुछ अधिक मिले तो अच्छा होगा या पीलीभीत टाइगर रिजर्व व पर्यटन स्थल विकास हेतु आवंटित राशि का अधिक हिस्सा आवश्यक है ताकि बरेली मंडल को नाथ कारिडोर के अतिरिक्त भी कुछ मिल सके।

कन्या सुमंगला योजना में धनराशि बढ़ाना, निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाना, ग्रामीण आवास बनाना, ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं आदि का प्रावधान स्वस्थ उत्तर प्रदेश को जन्म देगा और महिला को आर्थिक रूप से उत्पादकीय बनाएगा जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी ग्रोथ में अपना योगदान दे सकेंगे, लेकिन यहीं पर महिला उद्यमी योजना महिलाओं हेतु सेल्फ हेल्प ग्रुप आदि की आवश्यकता व आकांक्षा थी जो अधूरी रह गई। धार्मिक स्थलों का विकास अब केवल धर्म की बात नहीं है, अब अर्थ की बात बन गई है, जो रोजगार सृजन अवसंरचना विकास पर्यटन आदि से राजस्व प्राप्तियां बढ़ाएंगे और राज्य को रिवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में पुनः स्थापित करेंगे, किंतु रास्तों व सड़कों का निर्माण आवागमन के साधनों व पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विकास के बिना दुर्घटनाओं के रूप घातक सिद्ध हो सकते हैं तथा अर्थव्यवस्था समय विडंबना का शिकार हो सकती है, जो मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकता है, सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

पशु चिकित्सा कॉलेज की आवश्यकता पशुधन संख्या के आधार पर अन्य जनपदों में भी है, जो संभवतः अग्रिम बजट में पूर्ण हो सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना टैबलेट मोबाइल फोन वितरण के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर सकता है, इसे प्रोत्साहन की आवश्यकता है। तुरंत आर्थिक विकास हेतु 400 करोड़ रुपये का प्रावधान, 24000 करोड़ की योजनाएं छात्रवृत्ति हेतु, लगभग 1000 करोड़ का प्रावधान मांग व पूर्ति शक्तियों को प्रबल बाजार व अर्थव्यवस्था के विस्तार में प्रबल भूमिका निभाएंगे और गुणक व विनियोग गुणक मजबूत होगा, किंतु भौतिकवादी प्रवृत्ति विकास व मुद्रास्फीति जैसी आर्थिक बाधाओं को विनियमित करने की भी चुनौती है।

निष्कर्षतः यह उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण बजट है, जो पूर्ण लगता भी है और साथ ही संतुलित व सर्वज्ञ विकास का एक बेहतर दस्तावेज है, जो लागू होने पर आर्थिक विस्तार व समृद्धता दोनों लाएगा।

प्रसंगवश

देर से किया कम दुरुस्त निर्णय

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके बारे में 'देर आयत दुरुस्त आयत' की कहावत अर्द्धसत्य ही होगी। आडवाणी जी का कद राष्ट्रपति बनाए जाने के योग्य था। 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हो गई थी और जुलाई 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव होना था। तब रामनाथ कोविंद को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आडवाणी से खुन्नस मानते थे, क्योंकि मोदी के प्रधानमंत्री बनाए जाने के समय आडवाणी ने उनके रास्ते में कांटे बिछाए थे। इसे मोदी नहीं भूले और पीएम बनने पर उन्हें एकदम महत्वहीन कर दिया। यही नहीं 2017 में ऐन राष्ट्रपति चुनाव से पहले सीबीआई ने बाबरी मस्जिद ध्वंस कांड संबंधित तत्समय 6 साल से सुप्रीम कोर्ट में पड़ी याचिका को जागृत कर दिया और प्रार्थना की कि आडवाणी, जोशी आदि बड़े नेताओं पर षडयंत्र का मामला बनता है। लोग चकित रह गए कि आडवाणी की अपनी ही सरकार की सीबीआई ने ऐसा कर दिया। तब राष्ट्रपति पद हेतु उनके दावे का सवाल ही नहीं रह गया। यहां बता दें कि गोधरा कांड के घटित होने पर उनके गुजरात के मुख्यमंत्री पद को बचाने वाले आडवाणी ही थे, क्योंकि तत्समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उन्हें (मोदी को) पद से हटाना चाहते थे। अयोध्या के नए राम मंदिर प्रकरण में भूमि पूजन से लेकर सद्यः संपन्न प्राण प्रतिष्ठा तक आडवाणी को वहां फटकने तक नहीं दिया गया। बहाना उनके स्वास्थ्य का था। अब 10 साल से मोदी सरकार है। आडवाणी को भारत रत्न देने की याद नहीं आई। उन प्रणव मुखर्जी को यह सम्मान दिया गया, जो कांग्रेस में रहकर हिंदुत्व और सनातन धर्म की जड़ें खोदते रहे। इस वर्ष भी कर्पूरी ठाकुर को यह सम्मान देने की घोषणा के बाद कुछ सोच समझकर आडवाणी के नाम की घोषणा की गई है। क्या कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व आडवाणी जी से विराट था? मेरा ख्याल है कि मंदिर प्रकरण में उन्हें एकदम अलग-थलग रखने से भाजपा का अपना हिंदुत्ववादी वोट बैंक बिखर रहा था और अंदर अंदर पुराने समर्पित लोग क्षुब्ध थे। आरएसएस और भाजपाई कार्यकर्ताओं ने यह अंदरूनी फीडबैक दिया होगा जिससे यह निर्णय लिया गया। जो भी हो उन्हें यह अलंकरण देने से अलंकरण की ही महिमा बढ़ी है।

आरक्षण समानता की गारंटी नहीं

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया।

जाति प्रथा हमारे समाज का कलंक है और उससे भी बड़ा कलंक है पूंजीवाद जो जाति व्यवस्था को बनाए रखना चाहता है। जाति की किसी भी रूप में हिमायत मानवता का अपमान है। दलित हो या गैर दलित हो, या कोई अन्य कैटेगरी की जाति हो। जाति के आधार पर राजनीति, नौकरी, शिक्षा, बैंक कर्ज, जमीन, मकान आदि सबका जिस तरह वितरण हुआ है, उसने जाति को क्रूर और उत्पीड़नकारी बनाया है। जाति प्रथा पहले भी उत्पीड़नकारी थी, आज भी है। बेहतर हो संसदीय जनतंत्र में सबको समान अवसर की बात को ईमानदारी से लागू करें। जातिभेद, जाति आरक्षण, जाति विशेष के लिए विशेष सुविधाओं से तब ही निकल पाएंगे।

बेवकूफ और निकम्मा कर्मचारी, शिक्षक, इंजीनियर, क्लर्क आदि किसी भी जाति का हो सिस्टम के लिए कलंक है। सिस्टम बेहतर ढंग से चले इसके लिए जरुरी है कि निकम्मे, हरामखोर और बेवकूफ को ठिकाने कैसे लगाया जाए। इस पर सोचें, फिलहाल जो व्यवस्था है उसमें एक निकम्मा-बेवकूफ कर्मी अपनी जाति का रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करता है। वह जाति कनेक्शनों और जाति कानूनों का अपनी नाकामी को छिपाने के लिए इस्तेमाल करता है और इस तरह के दुरुपयोग के हजारों मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। हजारों योग्य युवा इस तरह के अक्षम लोगों की कु-क्षमताओं के मारे दर-दर भटक रहे हैं।

आरक्षण किसी भी रूप में समानता की गारंटी नहीं है। समानता की आधारभूत संवैधानिक मान्यताओं को जातिकेन्द्रित आरक्षण ने बाधित किया है। जिस तरह पांच दशक बाद पता चला कि मुसलमानों के साथ कितना बड़ा भेदभाव हुआ, ठीक एक दिन भारत में यह भी सर्वे आएगा कि आरक्षण के कारण कितना बड़ा बौद्धिक-प्रशासनिक-उत्पादन क्षमता का नुकसान हुआ। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर जिस तरह के अक्षम-नाकारा लोगों ने विगत पचहत्तर सालों में कब्जा किया है उनकी जाति का जरूर सर्वे किया जाना चाहिए।

ऑफिसों में जाति विशेष का सदस्य होने के कारण अक्षमता पर सवाल नहीं किए जा सकते। अक्षमों के आधार पर आप देश को चीन की कोटि में खड़ा नहीं कर सकते। हम ध्यान से सोचें विदेशों में प्रतिभा पलायन करके जाने वाले कितने लोग किस जाति के हैं? भारत में ज्ञानियों की स्थिति यह है कि वे जाति विशेष के आग्रहों -दुराग्रहों-पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर जाति समस्या पर विचार करते हैं, जो दलित हैं वे दलित होने के कारण सवर्णों को मनमाने ढंग से गरियाते हैं। यही हाल सवर्णों का है वे भी असवर्णवों को आए दिन गरियाते रहते हैं। जाति न तो प्रेम करने की चीज है और न गरियाने से जाने वाली है। जातिबोध को अंदर से नष्ट करने की जरूरत है। उसकी जगह नागरिक बोध पैदा करें। व्यक्ति को जाति के सदस्य के रूप में न देखकर व्यक्ति के रुप में देखें, नागरिक के रूप में देखें। नागरिक के रूप में सबको समान अधिकार दें, किसी को विशेष अधिकार न दें। हमारे यहां की संवैधानिक व्यवस्थाओं में जाति विशेष के लिए विशेष अधिकारों को संरक्षण दिया गया है। इसके चलते समूचे सिस्टम का असमान विकास हुआ है।

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया। हमें सारी दुनिया में इसके कारण लज्जित होना पड़ता है। हमें अभी भी वह इल्म सीखना है, जो सामाजिक मुक्ति का सपना पैदा करे। आरक्षण का सामाजिक मुक्ति के सपने से सामाजिक बैर है। जातिप्रेम के कारण ही भारत में विगत दो हजार साल में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हो पाई। हम धन्य हैं। हमारा जातिबोध धन्य है और सारी दुनिया हमारे जातिप्रेम पर हंस रही है। जातिदंश किस तरह युवाओं में घृणा का संचार करता है, इसे देखना हो तो विज्ञापित पदों के लिए मांगे गए बैंक ड्राफ्ट आदि पर नजर डालें। आरक्षित जातियों के प्रत्याशी आवेदन शुल्क से मुक्त होते हैं। अन्य को शुल्क देना पड़ता है। जबकि बेकारों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। बेकारों से नौकरी के फार्म के साथ आवेदन शुल्क नहीं लिया जाए चाहे आवेदक किसी भी जाति का हो। जातिप्रेम की यह सबसे घटिया सरकारी नीति है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

सोशल फोरम

निरंतर क्रिया है पलटना

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पलटने में कोई बुराई नहीं। ये जीवित रहने का लक्षण है। पलटना भूमिका है लुढ़कने की। लुढ़कना गंतव्य पर जल्दी पहुंचने में मदद करता है। पलटना आगे बढ़ना है, ऐसे में जब भी मौका मिले आदमी को पलट जाना चाहिए। आप न अलटे न पलटे।

एक ही जगह अंगद का पांव बने जमे रहे तो कोई, क्यों भाव देगा आपको? यदि एक बार आपके बारे में यह धारणा बन जाए कि इसे पूछो या न पूछो, इज्जत दो या न दो इसे कहीं आना जाना नहीं है तो कौन आपसे नमस्ते करेगा। जहां है वहीं पड़े रहेंगे तो न घर वाले पूछेंगे आपको न बाहर वाले, जो अपने विचारों पर स्थिर रहे। एक ही गाना गाते रहे जिंदगी भर उससे ज्यादा बोर आदमी कौन हो सकता है?

अचानक पलट जाने में जो आश्चर्य का भाव है वही तो नमक है जिंदगी का। जीवन में कुछ नया शामिल करने के लिए पलटना जरूरी है। पलटेंगे तभी तो दूसरे पक्ष को जान पाएंगे। पलटेंगे तो तरोताजा बने रहेंगे। बिना पलटे तो रोटी भी जल जाती है। ऐसे में पलटना और अनुकूल समय पर पलटना एक योग्यता है, जो आपको जीवन में सफल होने में मदद करती है। पलटना चरावैती चरावैती वाला दर्शन है। जब भी आप पलटते हैं आगे बढ़ते हैं। नए चेहरे, नए विचार आपको और परिपक्व करते हैं। लगातार पलटते रहने वाला व्यक्ति स्थितप्रज्ञ हो जाता है।

दुनिया को दृष्टा भाव से देखता है वो। वो जानता है कि सब मेरे हैं और कोई मेरा नहीं। वो किसी का नहीं होकर भी सबका होता है। कीचड़ में कमल की तरह निर्लिप्त रहने का यह भाव उसे आदरणीय बनाता है। लगातार पलटना आपके अजातशत्रु और व्यवहार कुशल होने का प्रमाण पत्र है।

जब भी आप पलटते हैं, जिस दिशा से पीठ करते हैं, वो आपको अनादर भाव से ही देखें ये जरूरी नहीं। जिस से भी मुंह फेरते हैं आप वो भी जानता है कि एक न एक दिन आप फिर उसकी और मुंह जरूर करेंगे। ऐसे में सारी दिशाएं आपकी मित्र हो जाती हैं। पलटना निरंतर क्रिया है। जब एक बार पलटते हैं आप दोबारा पलटते ही हैं। पलटना उम्मीदें जगाने वाली क्रिया है और यह दुनिया उम्मीद पर ही टिकी है।

-फेसबुक वॉल से

हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं

देवेन्द्र सिंह
इतिहासकार, उरई

> क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अत: ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता बुंदेलों हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। इसमें ये हरबोले कौन हैं। मित्र हरबोलों को ओरछा के राजा हरदौल से जोड़कर देख रहे थे। पहली बात साफ कर दूं कि हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं है।

हरदौल का जन्म और मृत्यु 1857 की क्रांति से सैकड़ों वर्ष पहले ही हो चुकी थी। सुभद्रा जी 1857 की क्रांति में लक्ष्मी बाई के बारे मे लिख रही हैं। एक बात और सुभद्रा कुमारी चौहान मेरे चाचा वीके चौधरी (एडवोकेट इलाहाबाद) की पत्नी कृष्णा की बुआ थी। उनका लिखा साहित्य और मशहूर ग्रामोफोन रिकार्ड हम लोग बचपन से ही सुनते रहे हैं। अब मुख्य बात हरबोलों की। जब मैं स्वास्थ्य विभाग में सेवारत था तब मेरे एक कुलीग थे जिनके नाम के साथ सरनेम में हरबोला जुड़ा था। उनका पूरा नाम मैं भूल गया हूं। वे उत्तराखंड के निवासी थे। तब मुझे सुभद्रा जी की कविता के हरबोलों की याद और पता चला कि हरबोले एक समुदाय के रूप में उत्तराखंड में रहते हैं।

अब सवाल यह है कि क्रांति के विवरण से इनका क्या संबंध हो सकता है जिसको सुभद्रा कुमारी चौहान ने कविता में पिरोया। उत्तराखंड में जाड़े के दिनों में जब वहां बर्फ जम जाती है तब पुराने समय से वहां के पंडे झुंड के झुंड में मैदानों में अपने यजमानों के यहां आकर दान आदि प्राप्त करते और गर्मी आते-आते फिर वापस लौट जाते और बद्रीनाथ केदारनाथ में अपने पुश्तैनी कार्य में लग जाते। मुझे ये सब कैसे पता चला तो एक घटना सुनता हूं। उरई में मेरे घर के सामने एक प्रिंसिपल साहब रहते हैं। उनके घर में एक जाड़े में बड़ी चहल-पहल देख कर मैंने पूछा कि कि क्या मामला है? उन्होंने बताया कि पिछले साल बद्रीनाथ गया था वहां अपने पंडे जी को पांच कुंटल गेहूं दान करने का संकल्प किया था उसी को लेने के लिए आए हैं।

ऐसा बहुत से लोग करते हैं और उनके आने पर यहां दे देते हैं। अब मेरे मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर इतना गल्ला वे ले कैसे जाते होंगे? तो एक दिन एक पंडे को पकड़ कर इंटरव्यू ले ही लिया। उन्होंने बताया कि गल्ला ले जाना संभव नहीं है। सब यहीं बेचकर नकद ही ले जाते हैं। अब हरबोलों की बात सुनो। हरबोले भी ठंड के मौसम में पहाड़ों से उतरकर मैदानों में आते थे, लेकिन इनके यजमान नहीं होते थे। ये गांव-गांव जाते। आबादी के हिसाब से एक एक गांव में कई-कई दिनों तक किसी धर्म प्रिय के यहां रुकते। फिर सुबह निकलकर हर घर के द्वार पर गए और हरिबोल का उद्घोष किया। घर से कोई निकला और अपने सामर्थ्य के अनुसार इनकी झोली में डाल दिया। वे अगले घर में पहुंचे फिर हरिबोल की आवाज और यही क्रम चलता रहता। जब एक गांव पूरा हो जाता तो फिर अगला गांव। चूंकि ये लोग मांगने के लिए केवल हरिबोल शब्द का ही उच्चारण करते थे। अतः हरबोले कहलाए। अब सुभद्रा जी ने हरबोलों से क्रांति की कहानी सुनने के बारे में जो लिखा उसका स्पष्टीकरण यह कि ये हरबोले जब एक गांव से दूसरे गांव में जाकर नाइट हाल्ट करते तो पिछले गांवों में जहां भी वे रुके थे, वहां के समाचार और घटनाओं के बारे में बतलाते, चर्चा स्वाभाविक रूप से करते। चूंकि वे उत्तर भारत से होकर बुंदेलखंड में आए। अतः उनके पास सूचनाओं का भंडार था।

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

व्यंग्य

वृद्धों के लिए घड़ियाली आंसू भी नहीं

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

भारत का बजट अंतरिम हो या अंतिम, प्रायः शेर-ओ-शायरी के खुशगवार मौसम में ही पेश होता है। पर, इस बार के अंतरिम बजट में शाइ'री-आइ'री कुछ नहीं था। बजट में वृद्धों के लिए एक भी घोषणा नहीं थी। सहूलियत और सुविधाओं के उल्लेख को छोड़िए मुझे संपूर्ण बजट में चश्मा लगाकर भी, 'बुड्ढा' या 'वृद्ध' शब्द पढ़ने को नहीं मिला।

बूढ़ों के प्रति इतनी सहानुभूति केवल सरकार ने ही दिखाई हो ऐसा नहीं है, बल्कि विपक्षियों ने भी इसका कोई जिक्र नहीं किया है। ऐसा लगता है कि ये लोग वृद्धावस्था जैसी कोई चीज ही नहीं मानते हैं। जैसे कुछ वर्षों पूर्व तक 'राम' और 'रामसेतु' का अस्तित्व नहीं मानते थे। जबकि बचपन-युवापन आदि जितने भी जीवन के पन हैं, सब संचारी हैं। केवल वृद्धावस्था ही अपरिहार्य, अपरिवर्तेय और अंत समय तक साथ देने वाला, अंतिम सत्य होता है। किसी तजुर्बेकार ने कहा भी है कि 'यह दुनिया सरायेपानी है, हर चीज यहां की आनी-जानी है।/जो जाके न आए, जवानी देखी, जो आके न जाए, बुढ़ापा देखा'।।

इन लोगों ने निर्धन, महिला, युवा, कृषक, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार आदि सभी वर्गों के प्रति बजट में छींटे छिड़के, पर वृद्धों के लिए एक घड़ियाली आंसू भी नहीं बहाया। संभव है कि सरकार और संपूर्ण विपक्ष का मानना हो कि जब पहले से ही वृद्धों को सरकारी स्तर पर सभी प्रकार के यात्रा-किरायों में छूट आदि की विशेष सुविधाएं दी जा चुकी हैं तो अब उन्हें देने के लिए बचा ही क्या है!

मैं अपने वृद्ध भाइयों, जिन्हें सरकार की चापलूस भाषा में, 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है कि खातिर 'आल इंडिया ओल्ड आर्गेनाइजेशन' का नेतृत्व कर सकता हूं। वे चाहें तो इस मुद्दे पर कुछ करने या धरने के लिए अकिंचन को अपना नेता बना सकते हैं। जहां तक मुद्दे की सच्चाई की बात है तो हंसिया दूर न पड़ोसी की नाक। परसों का अखबार देख लो।

एक नजर

हिन्दू धर्म और राममंदिर पर की अभद्र टिप्पणी

थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार। स्थानीय थाना थानगांव के रंगवा गांव के रहने वाले एक युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से हिन्दू धर्म और राम मंदिर पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कई वीडियो जारी किए हैं। 24 और 26 जनवरी को वीडियो पोस्ट किये गये हैं। जिसमें हिन्दू धर्म और राममंदिर के प्रति अभद्र टिप्पणी की गई है। क्षेत्र में वीडियो वायरल हो रहे हैं। माजिद अली उर्फ मंजनू रंगवा थाना थानगांव का मूल निवासी है जो इस समय सऊदी में रहकर नौकरी कर रहा है। अभी तक किसी ने भी इसके खिलाफ शिकायत नहीं की है। इस बाबत इंस्पेक्टर थानगांव दयाशंकर ने बताया कि वायरल वीडियो के बारे में जानकारी मिली है। वीडियो डालने वाला सऊदी में नौकरी करता है। इसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। दो भाई हैं, दोनों लखनऊ में मजदूरी करते हैं। घर में केवल मां है। छानबीन की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ताला तोड़कर घर में घुसने का आरोप

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला नरोत्तम नगर निवासी शिक्षक कुंज किशोर शुक्ल ने अपनी पत्नी और पुत्र पर विभिन्न न्यायालयों में मुकदमे पंजीकृत होने के बावजूद उन पर दबाव बनाने और घर का ताला तोड़कर घुसने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र में उन्होंने बताया कि उनके और उनकी पत्नी के मध्य विभिन्न अदालतों में वाद चल रहे हैं। उनके दो पुत्र और एक पुत्री पत्नी के साथ ही रहते हैं। इसके बावजूद उनका 22 वर्षीय पुत्र व पत्नी उनके विद्यालय में कार्यरत एक शिक्षिका से फोन पर अभद्र बातचीत कर तरह तरह के आरोप लगाते हैं। चार फरवरी को उपरोक्त लोगों ने कुछ अन्य व्यक्तियों के साथ उनके घर का ताला तोड़कर घुसने की कोशिश की।

आग लगने से दो दुकानों का सामान जलकर खाक

खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला चिल्लाय सरायं चैराहे पर स्थित एक पंचर की दुकान में अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता, आग ने पड़ोस की लकड़ी की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। पंचर की दुकान के मालिक हाशिम पुत्र हामिद ने बताया कि मेरी चिल्लायं सराय चैराहे पर शीबू पंचर वाले के नाम से दुकान है। रात करीब एक बजे दुकान में अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई। जिससे दुकान का सामान जल गया। वहीं पड़ोस के दुकानदार किस्मत ने बताया कि शीबू की दुकान में लगी आग की चपेट में मेरी दुकान में भी आ गई। जिसमें मेरी दुकान में रखी प्लाई और लकड़ी जल गई है। मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज अवधेश कुमार यादव ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

राम का नाम जपने से होगा उद्धार: ऋचा

महमूदाबाद। मां संकटा देवी धाम में श्री राम कथा के आयोजन का द्वितीय दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवी ऋचा मिश्रा ने श्रद्धालुओं को बताया कि सिर्फ भक्ति भाव में रामचरितमानस को सुनना ही प्रभावशाली नहीं है। उसको सुनना और धारण करना ही व्यक्ति को श्रेष्ठता की ओर ले जाता है। किसी भी भाव से यदि किसी ने राम नाम जप लिया या सुना तो उसका उद्धार ही होगा। पायो जी मैंने राम रतन धन पायो भजन के माध्यम से देवी ऋचा ने सभी को भक्ति भाव में जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा धन व्यक्ति की भक्ति है। इस अवसर पर मंदिर सीमित अध्यक्ष रमेश वाजपेई, शरद मिश्रा, सरोज शुक्ल पप्पी मिश्रा, कृतार्थ मिश्रा, रोशन मिश्रा, वागीश दिनकर वाजपेई, आञ्जनेय आशीष सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति रहे।

प्रदेश में बजट से किसानों के खिले चेहरे विपक्षी दलों ने बताया छलावा

शिक्षा पर भी सरकार ने दिया ध्यान, कायाकल्प योजना के लिए जारी किया बजट

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। केंद्र सरकार का बजट पेश होने के बाद सोमवार को योगी सरकार ने अब तक का सबसे बड़ा आम बजट पेश किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 7,36,437 करोड़ का बजट पेश किया है। इस बजट में किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में 24,863 करोड़ रूपये की नई योजनाएं शामिल है। योगी सरकार ने किसानों को साल का सबसे बड़ा तोहफा देते हुए 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके किसानों को पेंशन देने की सौगात दी है।

योगी सरकार के इस बजट में इस बार महंगाई और रसोई को कोई जगह नहीं मिलने से गृहणियों को मायूसी हाथ लगी है। आम बजट में किसानों को पेंशन के रूप में सरकार ने तीन हजार रूपये देने का ऐलान किया है। इसके साथ ही पीएम कुसुम योजना के लिए करोड़ों का बजट जारी किया है। आम बजट में स्वच्छ भारत मिशन, ऑटोमेटिक वेदर मशीन, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना से लोगों को साधने का प्रयास किया है। सरकार ने आम बजट से सभी वर्गों को साधने का प्रयास किया है। हालांकि इस बजट से किसान, शिक्षा और स्वच्छता अभियान को तेजी मिलने वाली है। सरकार के आम बजट पर लोगों ने इस प्रकार प्रतिक्रिया दी।

आम बजट में स्वच्छ भारत मिशन के साथ मौसम के पूर्वानुमान की भी अब मिलेगी सूचना

> सरकार के आम बजट में प्रदेश के किसानों को मुख्य रूप से जोड़ते हुए पेंशन देने की घोषणा जो की गई है उससे किसानों को आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगीद्य भारत एक ग्रामीण अंचल का देश है जिस देश का जमीनी विकास किसानों से ही शुरू होता है। राज्य के प्रत्येक किसान की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
> -जूही जायसवाल, युवा बीजेपी नेता

संतोष प्रजापति, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रजापति समाज योगी सरकार का आम बजट बहुत सराहनीय है। सरकार प्रजापति समाज को भी आम बजट में शामिल करें। महंगाई पर भी सरकार को आम बजट में शामिल करना चाहिए था। जिससे मध्यम वर्ग को अधिक सहूलियतें होती। आम बजट में विकास को जरूर पंख लगेंगे, लेकिन बेरोजगारी बड़ी समस्या बनती जा रही है।

प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक बबिता श्रीवास्तव कहतीं हैं कि सरकार के आम बजट में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी बजट की घोषणा हुई है। सरकार ने शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कायाकल्प योजना की शुरुआत की थी। जिसके लिए आम बजट में एक करोड़ रूपये बजट में शामिल किया गया है। इससे शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। आने वाले समय में सरकारी विद्यालय भी अब कॉन्वेंट को मात देने में तैयार होंगे।

संतोष प्रजापति।

बबिता श्रीवास्तव।

विनीत दीक्षित।

जूही जायसवाल।

विजय बंसल।

नेहा अवस्थी।

वहीं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित का कहना है कि योगी सरकार का आम बजट जुमला साबित हुआ है। किसानों की आय दोगुनी करने वाली सरकार किसानों से पेंशन के नाम पर छलावा कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल के दाम कम होने के बावजूद भी सरकार पेट्रोल डीजल के दामों को कोई कमी नहीं कर रही है। किसानों की डीएपी में 5 किलो का वजन कम कर उसके दामों में बढ़ोत्तरी कर किसानों को पेंशन देकर रिझाने का काम सरकार कर रही है।

व्यापारी नेता विजय बसंल मानते हैं कि सरकार का उद्योग को बढ़ावा देने वाला बजट है। उद्योगपति उन्ही प्रदेशों में उद्योग लगाता है। जहां सुविधाएं मिलती है। सरकार ने अपने बजट में उद्यमियों को विशेष ध्यान दिया है। इसके साथ ही किसानों, गरीबो महिलाओं के लिए काफी योजनाओं पर बजट आवंटित किया है।

नेहा अवस्थी, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद का मत है कि योगी सरकार ने बजट में महिलाओं को मजबूत करने के लिए लखपति दीदी योजना में बजट आवटिंत किया है। इसके साथ ही छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मोबाइल टैबलेट योजना का जारी रखने तथा धार्मिक नगरों को विकिसित करने के सकंल्प को पूरा करने वाला बजट दिया है। सरकार का बजट जनकल्याणकारी है।

प्रदीप कुमार और रामप्रसाद के बीच अध्यक्ष पद की लड़ाई

सिधौली। गौरतलब है कि बार एसोसिएशन, सिधौली के वार्षिक चुनावों में अध्यक्ष पद हेतु पिछले चुनावों के रनर रहे प्रदीप कुमार सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद गौतम ने नामांकन किया है। महामंत्री पद पर नीलकमल मिश्रा, शिवशंकर यादव तथा मेवालाल द्वारा नामांकन किया गया है। कोषाध्यक्ष पद के लिए मधुशंकर मिश्र व मिथिलेश कुमार यादव ने नामांकन किया है। सोमवार को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी का समय दिया गया था परन्तु तीनों पदों के लिए कोई भी नाम वापस नहीं लिया गया अतः इन तीनों पदों के लिए मतदान होना निश्चित हो गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर केवल जीवन कुमार पाण्डेय ने नामांकन किया है, अन्य कोई नामांकन नहीं हुआ है। इसी प्रकार कनिष्ठ उपाध्यक्ष के चार पदों पर चार अधिवक्ताओं- सूर्यकान्त पाण्डेय, रामानुज सिंह, आशीष कुमार यादव, तथा अरविन्द कुमार गौतम ने नामांकन किया है। संयुक्त मंत्री के तीन पदों पर केवल तीन अधिवक्ताओं-अनिल कुमार शुक्ला, आशुतोष अवस्थी व कमल कुमार ने नामांकन किया है। अतः इन सभी पदों पर नामांकन करने वाले अधिवक्ताओं का निर्विरोध निर्वाचन तय है। बार एसोसिएशन, सिधौली के पूर्व महामंत्री संजय कुमार दीक्षित ने बताया कि आने वाली 13 तारीख को बार एसोसिएशन के 163 सदस्य अधिवक्ता अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के दावेदारों के भाग्य का निर्धारण करेंगे।

सार-संक्षेप

विष्णु से क्रोधित हुये नारद मुनि, दे दिया श्राप

पिसावां। बरगावां के दुर्गा मंदिर पर रुद्रमहायज्ञ मेला महोत्सव के दौरान दिन के बेला में वृंदावन के कलाकारों ने नारद मोह का मंचन किया। एक बार देवर्षि नारद को इस बात का घमंड हो गया था कि कामदेव भी उनकी तपस्या व ब्रह्मचर्य भंग नहीं कर पाएगा। देवर्षि नारद ने यह बात भगवान शंकर को बताई, लेकिन महादेव ने कहा कि इस बात को भगवान विष्णु के सामने इतने अभिमान के साथ नहीं कहना। शिव के मना करने के बाद भी नारद मुनि ने यह बात भगवान विष्णु को बताई। ऐसे में अहंकार को खत्म करने के लिए विष्णु ने योजना बनाई। रास्ते में नारद मुनि को एक सुन्दर भवन दिखाई दिया। वहां की राजकुमारी के स्वयंवर का आयोजन हो रहा था। नारद उस जगह पर पहुंच गए और वहां की राजकुमारी विश्वमोहिनी को देखकर उनका तप भंग हो चुका था। जिस कारण उन्होंने इस स्वयंवर में हिस्सा लेने का मन बना लिया। राजकुमारी को पाने की इच्छा में नारद अपने स्वामी भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे और उनसे उनके समान सुंदर रूप पाने की इच्छा जाहिर की। भगवान विष्णु ने नारद की इच्छा अनुसार उन्हें रूप भी दे दिया। हरि रूप लेकर नारद उस स्वयंवर मे पहुंच गए। राजकुमारी ने उन्हें छोड़ भगवान विष्णु के गले में माला डाल दी। नारद के रूप को देखकर जब उनकी हंसी उड़ाई गई तो उन्होंने सरोवर में जाकर अपना चेहरा देखा और उन्हें भगवान विष्णु पर क्रोध आया। क्रोध में नारद जी ने भगवान विष्णु को श्राप दिया कि जैसे मैं स्त्री के लिए व्याकुल था, वैसे ही आप भी मनुष्य रूप में जन्म लेकर स्त्री के वियोग से व्याकुल होकर धरती पर भटकेंगे और उस समय आपकी वानर ही सहायता करेंगे।

रामलीला में राम और सीता के भेष में कलाकार। अमृत विचार

मरम्मत के चलते आज बंद रहेगा इमलिया- हरगांव मार्ग

सीतापुर। हरगांव- इमलिया सुल्तानपुर मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग समपार संख्या 95 पर पटरियों के मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को आवागमन पूर्ण रूप से बाधित रहेगा। रेलवे विभाग ने पत्र जारी कर नोटिफिकेशन जारी किया है। पुलिस ने डायवर्जन मार्ग सहित वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों को भेजने के लिए रुट चार्ज भी तैयार कर दिया है। हरगांव-इमलिया मार्ग पर जाने वाले वाहनों के लिए सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक आवागमन बाधित रहेगा। पुलिस द्वारा जारी डायवर्जन चार्ट के अनुसार हरगांव से काजीकमालपुर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन नैपालापुर, बिजवार, नवीन चैक, मण्डी चैराहा, श्यामनाथ होते हुए काजीकमालपुर जा सकेंगे। इसके साथ ही काजी कमालपुर से हरगांव जाने वाले सभी प्रकार के वाहन श्यामनाथ, मण्डी चैराहा, नवीन चैक से लखनऊ हाईवे होते हुए बिजवार, नैपालापुर से हरगांव जा सकेंगे।

कुएं पर कब्जे की शिकायत लेकर थाने पहुंचे ग्रामीण

शिकायत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

इमलिया सुल्तानपुर। कुएं पर कब्जे को लेकर नौवा महमूदपुर के प्रधान शिवसागर जायसवाल, पूर्व प्रधान यतेश सिंह बब्बू समेत आधा सैकड़ा ग्रामीण थाने पहुंचे और इसकी लिखित तहरीर पुलिस को दी। ग्रामीणों का आरोप है कि नौवा महमूदपुर के मजरा हाता में गांव के ही निवासी अवनीश, आदित्य, राजकुमार, राममोहन पुत्रगण बालकराम द्वारा गांव में स्थित कुएं पर कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कुएं पर सभी हिन्दू रीति-रिवाज के चलते शादी में कुआं पूजन करते हैं। मामले को लेकर सोमवार को थाने पहुंचे आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी लिखित तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस एक्शन में आ गई और मामले में देर न करते हुए एसआई हरीशचन्द्र यादव, आरक्षी पंकज भाटी, राहुल यादव, सोमप्रकाश के साथ गांव पहुँचकर अवैध कब्जे को खाली करा दिया।

आकाशीय बिजली गिरने से 3 झुलसे, मकान भी क्षतिग्रस्त

रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार। थाना रेउसा इलाके में रविवार को देर शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोग झुलस गये। जबकि मकान, मोबाइल, पानी टंकी, एलसीडी इत्यादि भी क्षतिग्रस्त हो गए। पंचायत हरिहरपुर के मजरा नेवादा निवासी राम गोपाल विश्वकर्मा, रहीस, इदरीस, मुकेश के मकान आकाशीय बिजली की चपेट में आए। पैतृक गांव नेवादा में बने मकान पर आकाशीय बिजली के गिरने से मकान की बिजली वायरिंग, छत पर रखी पानी टँकी, रेलिंग समेत मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, रामरानी पत्नी रामगोपाल बाल-बच गईं। गांव के ही सजन्हा पत्नी इदरीस, रहीस पुत्र गुलाम रसूल चपेट में आ गए। रहीस बुरी तरह जख्मी हो गए। जिन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। जबकि अन्य को मामूली रूप से झुलस गये। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि आकाशीय बिजली दैवीय आपदा अंतर्गत आता है, मौके पर लेखपाल को भेजकर जांच कराई जायेगी, 15 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर शासन को रिपोर्ट भेजकर लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, पेश किये बेहतरीन कार्यक्रम

कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

खैराबाद। बीरमपूर स्थित आरजेजे एजुकेशन पॉइंट में वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में ही भारी बारिश ने कार्यक्रम को रोक दिया। ऐसे में बच्चों के चेहरों पर मायूसी छा गई। हालांकि विद्यालय के प्रबंध तंत्र ने निर्णय लिया कि कार्यक्रम आज ही संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम शुरू होने पर बारिश थम गई। ऐसे में बच्चों की बेहतरीन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, सुनीता चैधरी आदि उपस्थित रहे। प्रबंध तंत्र की तरफ से संस्थापक जगदीश जयसवाल, प्रबंधक कुलदीप जयसवाल, प्राचार्य पूनम जयसवाल, कोऑर्डिनेटर अरुणिमा श्रीवास्तव सहित अध्यापक-अध्यापिकाएं व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

मारपीट में घायल महिला की मौत

महोली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र की बड़ागांव पुलिस चौकी अंतर्गत नियाजपुर गांव में सोमवार सुबह नाली का पानी खड़ंजे पर निकालने से मना करने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं को लाठी-डंडों से मारा पीटा। जिसमें चार महिलाएं घायल हो गईं। वहीं गंभीर रूप से घायल एक महिला ने दम तोड़ दिया।

बड़ागांव में खड़ंजे पर नाली का पानी निकालने पर विवाद हो गया। जिसमें इलियास, रफीक, तस्लीम, कलीम व महिलाएं लामबंद होकर घर में घुस गये और शाहजहां 55 वर्ष पत्नी बब्बे को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे शाहजहां गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं बचाने आई बहू आफरीन, बेटी साजिदा व सूबी को पीटा गया। परिजन गंभीर हालत में घायलों को लेकर महोली सीएचसी आए, जहां पर चिकित्सक ने शाहजहां को मृत घोषित कर दिया। वहीं आफरीन, साजिदा व सूबी का इलाज किया गया। शाहजहां के पति बब्बे ने कोतवाली पुलिस को इलियास रफीक, तस्लीम, कलीम व दो अन्य महिलाओं के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजते हुए तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

घटनास्थल पर पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

सीओ ने साफ-सफाई बेहतर करने के दिए निर्देश

सीतापुर, अमृत विचार। सोमवार को शाम कोतवाली का पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मालखाना, कंप्यूटर रूम, महिला हेल्प डेस्क, बैरकों का गहनता से निरीक्षण कर कोतवाली परिसर में बन रहे भवन का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने व विवेचना में तेजी लाने के लिए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने कोतवाली परिसर में समस्त पुलिस कर्मियों की एक बैठक भी आहूत की गई, जिसमें आगामी चुनाव व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी मुकुंद प्रकाश वर्मा सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

पेड़ मालिक व ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

रेउसा। डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह बताया कि कोडरी निवासी मनोहर कश्यप के 27 पेड़ अवैध तरीके से काटने पर वन दरोगा हिमांशू वर्मा ने थाना रेउसा में ठेकेदार कमलाकांत सिकड़िहा, जीतू सिंह, पेड़ मालिक मनोहर पर केस दर्ज कराया। वहीं सेमरा निवासी बाबूजी के 6 पेड़ ठेकेदार अक्षन ने काट लिए।

दुकान और घर से हुई लाखों की चोरी

पहला सीतापुर, अमृत विचार। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत उमरहर ग्राम निवासी श्यामू पुत्र राम नरेश के घर बीती रविवार की रात करीब एक बजे अज्ञात चोर घुस गये और गृहस्वामी को बंधक बना लिया। चोरों ने घर के कमरे में रखी अलमारी के लाकर का ताला तोड़कर 10 हजार रुपए की नकदी, दो जोड़ी झाला, एक जोड़ी सोने के बाला, एक सोने की माला, दो सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी टप्स सोने के, तीन फूल की थाली, एक गेडुआ तथा लोटा चुरा ले गए। वहीं हुसैनपुर पुल पर रखी प्रवेश गुप्ता पुत्र बंगाली की किराने की दुकान से आठ बोरी उड़द दाल, तीन बोरी काला उड़द, एक बोरी मसूर दाल, एक बोरी भुना चना, तीन बोरी उड़द, एक बोरी मलका दाल, पांच गत्ता साबुन लक्स, दो बोरी निरमा व पांच हजार रुपए की नकदी सहित अन्य सामान उठा ले गये। जबकि सरैंया महीपत सिंह निवासी राम नरेश रस्तोगी पुत्र मुन्नू लाल के जाग जाने से चोर असफल रहे। पीड़ितों ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बीएसएनएल के आउटडोर स्टोर में लगी आग

सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली नगर इलाके में बीएसएनएल ऑफिस के स्टोर रूम में अचानक आग लगने से हजारों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया। स्टोर रूम में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। फायर कर्मियों ने भीषण आग पर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

क्षेत्र के हेड पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित बीएसएनएल ऑफिस के आउटडोर स्टोर में सोमवार की दोपहर बाद अचानक आग लग गई। धुएं के उठते गुब्बार को देखकर कर्मचारियों ने मामले की सूचना एसडीओ और फायर ब्रिगेड को दी। आग ने देखते ही देखते स्टोर में रखे प्लास्टिक के सामान को अपने आगोश में लेकर विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक स्टोर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। बीएसएनएल ऑफिस के एसडीओ आशीष रंजन ने बताया कि स्टोर में रखे टेलीफोन सेट, मॉडम, अलमारी, तार सहित करीब 25 हजार रूपये से अधिक कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। कर्मचारी नुकसान का आंकलन कर रहे है। एसडीओ ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया अगर आग पीएलबी पाइप में लगी होती तो भारी नुकसान हो सकता था।

स्टोर में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते फायरकर्मी। अमृत विचार

सुविधा | नोडल अधिकारी व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

मुंशीगंज में खुला नगरीय पीएचसी, बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

सीतापुर, अमृत विचार। नगरीय क्षेत्र के मोहल्ला मुंशीगंज में सोमवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर) का कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजशेखर ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस पीएचसी के शुरू होने से शहरी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं और भी बेहतर होंगी। यहां पर बच्चों और गर्भवती का टीकाकरण किया जाएगा, साथ ही लक्षित दंपति को उनकी मनपसंद की परिवार नियोजन की सेवाएं भी प्रदान की जाएगीं। उन्होंने यह भी बताया कि इस सीएचसी पर एक चिकित्सक के अलावा दो अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई है। इस पीएचसी के शुरू हो जाने से मुंशीगंज सहित आसपास के नगरीय क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को सामान्य उपचार के लिए जिला चिकित्सालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहले ही दिन से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगी हैं। डॉ. राजशेखर ने बताया कि सीतापुर नगरीय क्षेत्र की यह चौथी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। इसके खुलने के बाद अब जिले भर में आठ नगरीय पीएचसी हो गई हैं। इनमें से चार सीतापुर शहर में हैं। इसके अलावा लहरपुर, बिसवां, महमूदाबाद और खैराबाद में एक-एक शहरी पीएचसी हैं।

उन्होंने बताया कि जिले की वर्तमान आबादी करीब 51.95 लाख है। जिसमें से करीब 76.95 प्रतिशत लोग ग्रामीण इलाके में रहते हैं। ग्रामीण इलाके की स्वास्थ्य जरूरतों की पूर्ति के लिए जिले में 19 ब्लॉक सीएचसी, तीन अन्य सीएचसी, 66 पीएचसी, सात शहरी पीएचसी और 446 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैं। इस मौके पर पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. एतेश, जिला मलेरिया अधिकारी मंजूषा, शहरी स्वास्थ्य मिशन की जिला समन्वयक सीता मिश्रा, स्टाफ नर्स रंजना श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट हिमांशु मिश्रा, लैब टेक्नीशियन गौरव मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, आरएस पाल, सोमवती, कंचन निषाद, रमेश निषाद, विकास आदि मौजूद रहे।

मुंशीगंज में पीएचसी में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजशेखर व अन्य चिकित्सक। अमृत विचार

कुष्ठ रोगियों से न करें भेदभाव

सीतापुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तत्वावधान में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत लहरपुर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परसंडी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार के निर्देशन में बीएमडब्ल्यू संजय वर्मा ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को कुष्ठ रोग के लक्षणों एवं इलाज के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने जिलाधिकारी का संदेश पढ़ कर सुनाया और उपस्थित सभी लोगों को कुष्ठ रोग से मुक्त करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिशु मंदिर के प्राचार्य शरद कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार, धीरज सिंह, मनोज कुमार, लाइक राम, रजनीश कुमार, रोशन लाल, अरविंद कुमार, अनिरुद्ध कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन

पहला। विकास खंड पहला अंतर्गत बाबूराम मुन्नी देवी बालिका इंटर कॉलेज में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। साथ ही लेप्रोसी संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला सीतापुर के लेप्रोसी सुपरवाइजर सुक्खन प्रसाद पटेल, जिला न्यूक्लियस टीम डॉ. पीयूष बाजपेई आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

कुष्ठ रोग से मुक्त करने की शपथ दिलाते अधीक्षक। अमृत विचार

एक नजर

दबंगों ने सुरक्षाकर्मी को सरेराह पीटा, जिला अस्पताल में भर्ती

अमेठी। थाना फुरसतगंज क्षेत्र के रायबरेली सुलतानपुर राजमार्ग पर स्थित गांव निगोहां के पास एक फार्च्यूनर और स्कार्पियो की टक्कर में बीच बचाव कर रहे ठेकेदार के गनर को सरहंगों ने जमकर पीटा। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में सीएचसी फुरसतगंज भेजवाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया है। जहां पर ठेकेदार के सुरक्षा कर्मी का उपचार जारी है। वह थाना फुरसतगंज क्षेत्र के निगोहां गांव के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही दो स्कार्पियो और फार्च्यूनर कार की टक्कर हो गई। दोनो वाहनों की टक्कर होने के बाद थोड़ी देर में मामला हाथापाई तक पहुंच गया। जिसके बाद ठेकेदार रुपेश सिंह के सरकारी गनर रणधीर चावड़ा ने बीच बचाव करने की कोशिश की इसी बीच बचाव करने के चक्कर में सरहंगो ने सुरक्षा कर्मी की जमकर पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गये। आनन-फानन में घायल सिपाही को फुरसतगंज सीएचसी पहुंचाया गया।

बेमौसम बारिश ने ईंट भट्ठा संचालकों की तोड़ी कमर

अमेठी। राविवर की रात झमाझम हो रही बेमौसम बारिश ने जिले के ईंट भट्ठा संचालकों की कमर तोड़ दी है। पिछले वर्ष भी चार मई को हुई बारिश में ईंट भट्ठा मालिकों को काफी घाटा उठाना पड़ा था। ज्यादातर भट्ठों पर पकने के लिए तैयार ईंटें पानी में गलकर खराब हो गईं। ईंट भट्ठा संचालकों के अनुसार बारिश के चलते 8 से 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर तो बारिश ने छोटे स्तर पर ईंट भट्ठे लगाने वालों को कहीं का नहीं छोड़ा है। लाखों कच्ची ईंटें बारिश की भेंट चढ़ चुकी हैं।

केंद्रीय मंत्री के प्रयास से खुली बंद ककवा रेलवे क्रॉसिंग

व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी नेताओं ने लड्डू बांटकर खुशी जताई व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का आभार व्यक्त किया

अमेठी

अमृत विचार। नगर के ककवा रोड पर ओवर ब्रिज बनने के बाद बंद की गई रेलवे क्रासिंग सोमवार को डीआरएम के आदेश पर फिर खोल दी गई। रेलवे क्रासिंग से लोगों का आवागमन शुरू हो गया है।

केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने अपने निजी विजय गुप्ता की रिपोर्ट मिलने के बाद रविवार की देर शाम रेल मंत्री से बात कर जनता के आवागमन की समस्यायों को दूर करने के रेलवे क्रासिंग खुलवाने का अनुरोध किया था। जनता की समस्याएं निस्तारित करने के मामले में स्मृति की तत्परता सोमवार को दिन भर चर्चा में रही। दुकानदारों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करते हुए खुशी जताई। रेलवे क्रासिंग खुलवाने के मामले में क्रेडिट लेने के लिए व्यापार मंडल के दो संगठन सोशल मीडिया पर बयान बाजी में लगे हुए हैं। तीन दिन पहले डीआरएम के निर्देश पर ककवा रोड रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिया गया था। क्रांसिग बंद होते ही अमेठी विकास खंड के दक्षिणी क्षेत्र के लोगों के साथ नगर के व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। मामला संज्ञान में आने पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने निजी सचिव विजय गुप्ता को रविवार

- **जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा- दीदी स्मृति ईरानी अमेठी की हर समस्या का 24 घंटे के भीतर करती हैं निस्तारण**

को अमेठी भेजा और लोगों से बातचीत कर वस्तु स्थिति से अवगत कराने के लिए कहा। रविवार की शाम विजय गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद, महामंत्री सुधांशु शुक्ला और भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा और अन्य स्थानीय नेताओं के साथ रेलवे क्रासिंग पर पहुंचे और लोगों की समस्यायों को गंभीरता से सुना। विजय गुप्ता ने केन्द्रीय मंत्री को देर शाम जानकारी दी और कहा कि रेलवे क्रासिंग बंद होने से अमेठी का व्यापक जनहित प्रभावित हुआ है। सोमवार को डीआरएम सच्चेन्द्र मोहन शुक्ला का आदेश स्टेशन अधीक्षक जेपी शुक्ला के पास पहुंचा।

उन्होंने अधीनस्थ कर्मियों के साथ क्रासिंग को खुलवा दिया है। क्रासिंग खुलने के बाद भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी नेताओं ने लड्डू बांटकर खुशी जताई और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का आभार व्यक्त किया। रेलवे क्रासिंग खुलने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की ओर से वीडियो जारी कर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रति आभार जताया गया है। राजेश ने कहा है कि दीदी स्मृति ईरानी अमेठी की हर समस्या का निस्तारण 24 घंटे के भीतर करती हैं।

राजेश के निजी सचिव संजय पाल ने जारी प्रेस बयान में कहा है कि इस समस्या के हल के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि दीदी से मिलने दिल्ली गए थे। उधर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा ने कहा कि दीदी स्मृति ईरानी जैसा जनहित को समर्पित कोई दूसरा सांसद देश में नहीं है।

डीएम ने शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

निर्माणाधीन निरीक्षण भवन का स्थलीय निरीक्षण शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

अमेठी

अमृत विचार। जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को नगर पालिका गौरीगंज स्थित सिंचाई विभाग एवं रोहसी बुजुर्ग में लोक निर्माण विभाग के निर्माणाधीन निरीक्षण भवन का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया एवं शेष कार्य फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण भवन के कमरों में बेड, सोफा एवं अन्य फर्नीचर उच्च गुणवत्ता के लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत कनेक्शन की स्थिति, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पार्किंग आदि की जानकारी ली एवं सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गेस्ट हाउस के पीछे खेलने के लिए बैडमिंटन कोर्ट आदि का भी प्रावधान रखने को कहा।

डीएम ने अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

- **सिंचाई विभाग द्वारा 3 सूट तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा 8 सूट के निरीक्षण भवन का कराया जा रहा निर्माण**
- **एक-एक चीज का डीएम ने बारीकी से किया अवलोकन एवं फर्नीचर का निरीक्षण**

इसके उपरांत उन्होंने रोहसी बुजुर्ग में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया यहां पर भी उन्होंने एक-एक चीज का बारीकी से अवलोकन किया एवं फर्नीचर आदि गुणवत्तापूर्ण लगाने के निर्देश दिए। बताते चलें कि सिंचाई विभाग द्वारा 3 सूट तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा 8 सूट के निरीक्षण भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका आज जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को शेष कार्य गुणवत्तापरक व फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग खंड 41 संजय कुमार, सर्वेश कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में अग्रणी स्थान दिया : सुशील त्रिपाठी

गौरीगंज, अमेठी। सोमवार को गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन अभियान की कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय महामंत्री काशी सुशील त्रिपाठी रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता राम प्रसाद मिश्रा जिलाध्यक्ष भाजपा ने की संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, सम्मान प्रदान किया है। गैस कनेक्शन के लिए उज्जवला, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं में महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में अग्रणी स्थान दिया है। शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से महिला एवं स्वयं सहायता समूह में जो कि क्षेत्र में कार्य करने वाली बहनों को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जाएगा।

सीडीओ ने छात्राओं को बताया मतदाता देश का भाग्य विधाता

आगामी

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत सोमवार को विकासखंड अमेठी के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में सूरज पटेल मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया।

मौके पर रीता सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक अमेठी तथा प्रधानाचार्या अपने अधीनस्थ शिक्षकों, कार्मिकों सहित उपस्थित रहीं। मौके पर उपस्थित छात्राओं तथा जन सामान्य को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाने अथवा मतदान करने एवं अपने आस-पास के जन सामान्य को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने के विषय पर संबोधित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा प्रत्येक छात्राओं से यह भी अपील की गई की कम से कम 8 मतदाताओं को प्रेरित करके उसकी सूची विद्यालय में उपलब्ध करायें। इस बार जनपद अमेठी के मतदान का लक्ष्य 75 फीसदी पार का रखा है। छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया, ज़रीन बेगम के नेतृत्व में छात्राओं के द्वारा बनाई गई रंगोली की मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मतदाता गीत, नृत्य और लघु नाटिका ने कार्यक्रम को अत्यधिक ऊंचाई प्रदान किया। अनीता यादव गाइड प्रभारी एवं शशांक यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट, सचिन शर्मा, निखिल सिंह, शबीना, कोमल शबनूर आदि के नेतृत्व में छात्राओं ने स्काउट के कई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के राम प्रकाश सिंह, विजय कुमार शुक्ल, रामनाथ मिश्र, रुचिका सिंह, यशश्वनी भट्ट, कुमुद सिंह, प्रीती, श्रीनाथ शुक्ल, राजेन्द्र, प्रियांशु, रामबहादुर आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

कलश यात्रा में शामिल किशोरियां। अमृत विचार

बैंड बाजा डीजे की धुन पर बड़े धूमधाम के साथ निकली कलश यात्रा

सिंहपुर, अमेठी। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 के किनारे पवन कुमार गुप्ता की सुजुकी एजेंसी के निकट ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ भुल्लू भैया द्वारा सात दिवसीय संगीत मयी श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत कलश शोभा यात्रा के साथ सोमवार को किया है। जिसके उपलक्ष्य में सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं व युवतियां कलश लेकर जनता विधालय इन्हौना सामने के शिव मंदिर से इन्हौना कस्बे में भ्रमण करते हुए रत्नेश्वर मंदिर होते हुए गोमती नदी नदी के अवशानेश्वर मंदिर पहुंची। जहां मंदिर में पूजा अर्चना कर आदि गंगा गोमती कलश में जल लेकर आने के बाद कलश को शिव मंदिर के यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित किया गया। कलश यात्रा में शामिल कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रही थीं, तो आगे गाजे-बाजे की धुन पर अबीर गुलाल उड़ाते युवा थिरक रहे थे। यात्रा जब गोमती नदी के अवशानेश्वर घाट पर पहुंची तो वृंदावन से पधारे अमित कृष्ण शास्त्री कथा वाचक ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर जल भरवाया कलश यात्रा में हाथी घोड़े और फूलों से सुसज्जित रथ और पालकी पर सभी देवी-देवताओं के प्रतीक चित्र रखें गये थे। इस यात्रा में बैंड बाजा डीजे की धुन पर बज रहे गीतों में नर और नारी नृत्य कर रहे थे। इस कलश यात्रा में राम किशोर त्रिवेदी उर्फ बब्लू भैया, सियाराम दत मिश्रा मांझिल, पवन कुमार वैश्य, किशन कुमार वैश्य, सुमेरीलाल वैश्य, रामशंकर वैश्य, दिनेश सिंह (पिंटू) अध्यक्ष केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, अमरीश गुप्ता, मनीष गुप्ता, तेज नारायण मिश्रा, सुरेश गुप्ता, मनीष त्रिवेदी, बच्चू लाल यादव, ओमप्रकाश जलालपुर प्रधान सुरेंद्र कुमार सिंह सहित भारी संख्या में कलशयात्रा में भगवत प्रेमियो ने उपस्थित दर्ज कराई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से इन्हौना थानाध्यक्ष कंचन सिंह पुलिस बल के सहित मौजूद रही।

खुलेआम चल रहा खनन का खेल

अमेठी

अमृत विचार। फुरसतगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी बेचकर खरा सोना बनाने का कारोबार बिना किसी रोकटोक के खुलेआम चल रहा है। यहां शाम ढलते ही कई जगहों पर गांव के खेतों से जेसीबी से मिट्टी खनन कर ट्रैक्टर ट्राली व डंपर भरकर दौड़ना शुरू हो जाते हैं। देखकर हैरानी होती है कुछ मिट्टी माफिया बेधड़क बिना किसी नियम कानून की परवाह किए अवैध खनन का करोड़ों का कारोबार कर रहे है।

कस्बा व औद्योगिक तालानगरी से लेकर साधू आश्रम एवं जलाली में कई गांव के आसपास खेतों में बने 5 से 10 फीट तक गहरे गड्ढे अवैध खनन की गवाही दे रहे हैं कि ये कारोबार वर्षो से यहां फलफूल रहा है। नाम न छापने की शर्त पर इन गांवों के लोगों ने बताया कि शाम ढलते ही चलकर ट्रैक्टर रातभर मिट्टी भरकर गांवों में होकर दौड़ते हैं, जिससे सोना भी दूभर हो रहा है।

गांवों के रास्ते भी जर्जर हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो रहा है। यदि हिम्मत करके यदि कोई इनकी शिकायत भी करता है तो कार्यवाही से पहले मिट्टी माफिया तक खबर पहुंच जाती है और माफिया को खुलेआम धमकी देने से भी गुरेज नहीं करते, सो लोग दबंग माफिया के डर से मुंह खोलने से डरते है। दबंगई व रसूख के बल पर थाना क्षेत्र में कई जगहों पर धंधा खुलेआम जारी है।

फुरसतगंज थाने में अवैध खनन कर ट्राली से जा रही मिट्टी। अमृत विचार

- **फुरसतगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी बेचकर खरा सोना बनाने का चल रहा कारोबार बिना किसी रोकटोक**

पुलिस प्रशासन की शह पर धड़ल्ले से हो रहा खनन

खनन करके ले जाते टैक्टर डंपरों को आते जाते सैकड़ों लोग देख रहे है। किंतु पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को कोई खबर नहीं है। पुलिस शिकायत होने पर तत्काल कार्यवाही का दावा करती है किंतु मिट्टी माफिया के खिलाफ कार्यवाही करने से मुंह मोड़े है। सूत्रों की मानें तो खनन करने की खुली आजादी पाने को प्रत्येक खनन माफिया को इलाकाई पुलिस को 25 से 30 हजार रुपये हर महीने चुकाने होते हैं। राजस्व जुटाने व खनन पर पैनी निगाह रखने वालों को क्या जाता है ये वो जानें मगर ये सत्य है कि खनन के काले कारोबार से माफिया के हर माह करोड़ों के वारे-न्यारे होते हैं और सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लग रहा है।

परिषदीय स्कूल बना पशुओं का तबेला, प्रशासन की खुली पोल

लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, अमेठी

अमृत विचार। जिले भर में इन दिनों आवारा पशु किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं और सड़कों पर बैठे पशु हादसे का सबब बनते जा रहे हैं। इससे परेशान होकर विकास खण्ड शाहगढ़ के दक्खिन गांव के ग्रामीणों ने करीब करीब 90 आवारा गोवंशीय पशुओं को प्राथमिक विद्यालय में बंद कर ताला डाल दिया। सुबह विद्यालय पहुंचे शिक्षक और बच्चे यह नजारा देखकर हैरान रह गए। बीईओ ममता सरकार ने इसकी सूचना पुलिस और बीडीओ को दी। सूचना पर कुछ देर बाद एडीओ पंचायत और पुलिस स्कूल पहुंची और आवारा पशुओं को वाहन से ले जाकर गौ आश्रय स्थल में छोड़ने का दावा किया।

ग्रामीणों के मुताबिक तहसील क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या काफी बढ़ गर्द है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह समस्या जिले भर की है। आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए ग्रामीण लगातार प्रशासन से गुहार लगाते रहते है, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। इससे परेशान होकर रविवार की रात शाहगढ़ ब्लाक के दक्खिन गांव के रहने वाले ग्रामीणों ने करीब 90 आवारा पशुओं को प्राथमिक विद्यालय दक्खिन गांव परिषर में कैद कर दिया। सुबह जब शिक्षक व बच्चे स्कूल पहुंचे तो नजारा देखकर दंग रह गए। बीईओ ममता सरकार ने इसकी सूचना बीडीओ आरके गुप्ता और पुलिस को दी। बीडीओ ने एडीओ पंचायत और सिक्रेटरी को पुलिस की मदद से स्कूल से आवारा पशुओं को गाड़ी से ले जाकर गौशाला गरथोलिया में संरक्षित करने का निर्देश दिया। पुलिस की मदद से ब्लाक कर्मियों ने पशुओं को वाहन से ले जाकर गौशाला गरथोलिया में संरक्षित करने का दावा किया है। इससे पहले भी ग्रामीण आवारा पशुओं से परेशान होकर विकास खण्ड संग्रामपुर परिषर में कैद कर दिया था। बाद में कर्मचारियों ने गौ आश्रय स्थल में संरक्षित करने का दावा किया था। लेकिन कुछ ही देर में कैद किये गए पशुओं को फिर से खुल्ला छोड़ दिया था।

आये दिन फसलों को नष्ट कर रहे आवारा पशुओं को सरकारी परिषरों में कैद किये जाने से गौ आश्रय स्थल में संरक्षित करने के दावे की पोल खुलती नजर आ रही है। सरकार एक तरफ किसान की आय दो गुनी करने की बात कर रही है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से यहां किसान की लागत निकलना मुश्किल हो जा रहा है।

प्रा.वि. दक्खिन गांव में ग्रामीणों द्वारा कैद किये गए आवारा पशु अमृत विचार

परेशानी

- **ग्रामीणों ने परेशान होकर फसल चट कर रहे मवेशियों को स्कूल परिषर में किया कैद**
- **दिनभर शिक्षण कार्य रहा प्रभावित पुलिस की मदद से पशुओं को संरक्षित करने का किया दावा**

> पुलिस और ब्लाक कर्मचारियों की मदद से ही स्कूल परिषर से पशुओं को निकाला गया है, ग्रामीणों द्वारा स्कूल परिषर में पशुओं को कैद करने की वजह से सोमवार को दिन भर शिक्षण कार्य प्रभावित रहा।
>
> -ममता सरकार, बीईओ शाहगढ़

> एडीओ पंचायत और सिक्रेटरी को स्कूल भेजकर स्कूल परिषर में कैद किये गए आवारा पशुओं को वाहनों से ले जाकर गौ आश्रय स्थल गरथोलिया में संरक्षित करने के निर्देश दिए गए थे।
>
> -आरके गुप्ता, खंड विकास अधिकारी, शाहगढ़

घर में घुसकर दबंग ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

कुलपहाड़ महोबा। मंदिर से पूजा कर घर पहुंचे व्यक्ति को गांव के ही एक दबंग द्वारा गाली गलौज कर मारपीट कर दी, तथा जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के कमालपुरा निवासी रामचंद्र पुत्र जयनारायण तिवारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि जब वह मंदिर से पूजा कर जैसे ही घर पहुंचा था, तभी गांव के एक दबंग ने आकार मेरे साथ बुरी बुरी गाली देने लगा।

सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में गलती से उसका नाम MANASWI दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही व शुद्ध नाम MANASVI TIWARI (मनस्वी तिवारी) है। जो कि सत्य और और सही है। मेरे सेवा पुस्तिका में मेरे पिता का नाम बलराम तिवारी व जन्मतिथि 15.08.1965 अंकित है जो कि अशुद्ध है। मेरे पिता के आधार कार्ड में उनका नाम– बलराम त्रिपाठी व जन्मतिथि– 10.08.1966 अंकित है जो की सत्य और सही है। मेरे सेवा पुस्तिका में मेरे माता का नाम गंगाजली व जन्मतिथि 10.05.1968 दर्ज है। जो कि गलत व अशुद्ध है। माता जी के आधार कार्ड में उनका नाम– शोभावती व जन्मतिथि– 10.08.1970 अंकित है जो कि सत्य व सही है। **शिव नाथ तिवारी पुत्र बलराम त्रिपाठी साकिन इटवा, पोस्ट परसुरामपुर, थाना परसुरामपुर, तहसील हरैया जिला बस्ती उत्तर प्रदेश** का निवासी है।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग

[COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना

गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश

सार-संक्षेप

माघ मेले में फूड कोर्ट व पर्यटन प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

प्रयागराज। अमृत विचार : माघ मेला क्षेत्र में सोमवार को फूड कोर्ट व पर्यटन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन महापौर उमेश चंद गणेश केशरवानी किया। माघ मेला के परेड ग्राउंड के जीटी जवाहर मार्ग में स्थापित फूड कोर्ट में सभी प्रकार के स्थानीय व्यंजन के साथ स्नैक्स आदि की व्यवस्था की गयी हैं। जिससे सभी इसका आनन्द उठा सके। महापौर गणेश केशरवानी ने कहा कि इस प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य मेला क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों से रूबरू कराना है,ताकि आगामी महाकुंभ में पर्यटकों तक इसकी जानकारी दी जा सके। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि इस से पर्यटन स्थलों की जानकारी सभी पर्यटकों तक पहुंचाई जा सकेगी जिससे उत्तर प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं का विस्तार हो सके । यहां का महाकुंभ, अयोध्या का दीपोत्सव, काशी की देव दीपावली, ब्रज की होली ये सभी बड़े उत्सव उत्तर प्रदेश में मनाए जाते है। इस मौके पर क्षेत्रीय पर्यटन आधिकारी अपराजिता सिंह व वरिष्ठ, प्रबंधक, इलावर्त टूरिस्ट बंग्लो के डीपी सिंह उपस्थित रहे ।

फंदा लगाकर वृद्ध ने की खुदकुशी

रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार : फतनपुर थाना क्षेत्र के सेनापुर गांव में समर्सिबल पंप के कमरे में सोमवार सुबह फंदे से लटकते हुए वृद्ध का का शव मिला। सूचना पर फतनपुर पुलिस पहुंची। मृतक के जेब में मिले आधार कार्ड से रामनगर,सुजानगंज जौनपुर निवासी हरिलाल पटेल (60) पुत्र जोखू राम पटेल के रूप में हुई।पुलिस ने सूचना परिजनों को दिया। शव को नीचे उतार कर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ अभिषेक सिरोही ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है,जांच की जा रही है।

दसवीं में पालि विषय की परीक्षा देंगे 191 परीक्षार्थी

प्रतापगढ़। अमृत विचार : भारत की प्राचीन भाषा पालि ईसा पूर्व जनसंवाद की भाषा रही है। बुद्ध और सम्राट अशोक महान के समय में इसका प्रचलन था। इसका उत्थान और आगे हो इसके लिए सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार अरैल प्रयागराज ने पहल की है। जिसमें लोगों को जोड़कर इस भाषा की परीक्षा दिलाने का प्रयास किया गया। नतीजा यह निकला कि इस वर्ष हाईस्कूल में प्रतापगढ़ से 191 लोग पालि भाषा की परीक्षा देंगे।इसके अलावा प्रयागराज से 115, रायबरेली से 14,अयोध्या से 13 छात्र छात्राओं ने प्राइवेट फार्म भरा है। इनको पाठ्यक्रम के बारे में जागरूक करने से उद्देश्य से सम्राट अशोक महान पुस्तकालय पल्टन बाजार परिसर में रविवार को देर शाम एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नीतेश वर्धन ने आचार्य की भूमिका में लोगों को जागरूक किया। बताया कि इसकी परीक्षा 23 फरवरी को होगी। संचालन डा. शिव मूर्ति लाल मौर्य ने किया। जिसमें राकेश कनौजिया, दीपिका मौर्य, दिव्या मौर्य, अवनीश सरोज,कृष्ण सिंह, लीलावती, सालिक राम मौर्य आदि शामिल हुए।

अपर आयुक्त खाद्य एवं औषधि अधिकारी सड़क हादसे में घायल

कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार : जौनपुर आनापुर महाराजगंज निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह (45) पुत्र भवन सिंह लखनऊ में अपर आयुक्त खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी हैं। रविवार की रात करीब 9 :30 बजे वह प्रयागराज से लखनऊ जा रहे थे। कुण्डा कोतवाली के शेखपुरा के पास कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें वह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें उपचार के लिए सीएचसी कुंडा ले आयी। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

सुआट्स कॉलेज में हमीरपुर पुलिस व एसओजी ने की छापेमारी

प्रयागराज/ नैनी। अमृत विचार : शुआट्स कॉलेज में सोमवार को हमीरपुर पुलिस और एसओजी ने भारी फोर्स के साथ कॉलेज कैंपस में छापेमारी की। भारी पुलिस फोर्स देख वहां से शिक्षक भाग निकले। फिलहाल मौके पर टीम को कोई नही मिल सका। मालूम हो कि सुआट्स के कुलपति प्रो. राजेंद्र बी. लाल और उसके भाई विनोद बी लाल सहित 11 लोगों के खिलाफ हमीरपुर के विंवार थाने में बीते 4 नवंबर 2023 को एक महिला ने जबरन धर्म परिवर्तन कराने व सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में केस दर्ज कराया था। जिस मामले में विनोद बी. लाल और आर बी. लाल को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। बाकी अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि हमीरपुर जनपद के विंवार थाने में एक महिला ने जबरन धर्म परिवर्तन कराने और सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को एसीपी राज कमल के नेतृत्व में काफी संख्या में फोर्स और एसओजी टीम शुआट्स कॉलेज में छापेमारी करने पहुंची। जिसके बाद विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। विश्विद्यालय में छापेमारी की भनक पहले से शिक्षकों को लगने के कारण पूरा स्टाफ मौके से भाग निकला। महिला ने जबरन धर्म परिवर्तन कराने व सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरबी लाल, विनोद बी लाल, रेखा पटेल, आईवन दास, इम्तियाज अहमद, रमाकांत दुबे, रानू प्रसाद, जहांनारा अहमद, ओम प्रकाश राठी, डेविड फिलिप और सुनील जॉन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सुआट्स विश्विद्यालय में छापेमारी के दौरान टीम ने लाइब्रेरी और फाइनेंस विभाग में घंटो जांच की। इस दौरान टीम ने वहां से कुछ सीडी और दस्तावेज जुटाया है। टीम ने उसे अपने कब्जे में ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीम कुछ स्टाफ से पूछताछ कर रही है। हलांकि अभी किसी की गिरफ्तारी की बात सामने नहीं आई है।

प्रकाश व्यवस्था में कमी पर बीडीओ मानधाता को डीएम की फटकार

जिलाधिकारी ने जेई आदर्श के निरन्तर अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई का दिया निर्देश

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मानधाता ब्लाक का सोमवार को औचक निरीक्षण किया। बीडीओ कार्यालय के चैम्बर में प्रकाश की व्यवस्था ठीक न मिलने पर बीडीओ मानधाता राजेन्द्र नाथ पाण्डेय को कड़ी फटकार लगायी। सेवा पुस्तिका में कार्यप्रणाली खराब होने की स्थिति दर्ज करने के निर्देश दिये।

ब्लाक परिसर में लगे जनरेटर काफी दिनों से खराब मिलने पर एकाउंटेंट को जनरेटर दुरूस्त कराने के निर्देश दिये गये।उपस्थिति पंजिका में आदर्श कुमार जेई अनुपस्थित पाये गये। जिस पर बीडीओ ने बताया कि कार्यालय में जेई आदर्श कुमार नही आते हैं, इनको वेतन भी बराबर मिल रहा है और इनसे कई बार पत्राचार भी किया गया है। जिस पर डीएम ने निर्देशित किया कि अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को पत्राचार कर इनके विरूद्ध कार्रवाई करायी जाये। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका में दर्ज कर्मचारियों को बुलाकर उनके कार्यो की जानकारी ली जिसमें कर्मचारी प्रकाश चन्द्र अनुपस्थित मिले जिसके सम्बन्ध में बताया गया कि क्षेत्र में भ्रमण के लिये गये है। मनरेगा में कार्यरत कर्मचारियों के पंजिका का भी अवलोकन किया गया। कार्यालय के पटल सहायकों के कार्यो के रजिस्टरों एवं विभिन्न कार्यों के प्रगति की वास्तविक जानकारी ली। निर्देशित किया कि प्रमुखता से तालाब की खुदाई करायी जाये, तालाबों पर जो भी अतिक्रमण है सम्बन्धित एसडीएम को पत्र भेज कर अतिक्रमण हटवाया जाये।

मानधाता ब्लाक में उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करते डीएम संजीव रंजन।

औचक निरीक्षण

पाइप लाइन बिछाने को खोदी जा रही जमीन धंसी, दो मजदूर दबे

संवाददाता, नैनी प्रयागराज।

अमृत विचार: मेजा में सड़क किनारे खोदी जा रही जमीन अचानक धंस गई। इससे वहां काम कर रहे दो मजदूर मिट्टी में दब गए। घटना से वहां हड़कंप मच गया। आनन फानन में दोनों मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मेजा के पकरी गंगा घाट से जल जीवन मिशन के तहत कोहड़ार घाट जा रही पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। सोमवार दोपहर सड़क किनारे खुदाई चल रहा था। उसी दौरान अचानक जमीन धंस गई। इससे दस फिट नीचे मिट्टी के मलबे में दो मजदूर दब गए। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। लोगों ने प्रयास कर मलबे के नीचे दबे एक मजदूर को बाहर निकाल लिया लेकिन दूसरा मजदूर पिंटू घण्टे भर जमीन में धंसा रहा। आनन-फानन में दो-दो जेसीबी द्वारा मलबे की मिट्टी हटाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद घायल मजदूर को बाहर निकाल कर हॉस्पिटल ले जाया गया। कार्य गजा इंजीनियरिंग कंपनी की तरफ से कराया जा रहा है। कंपनी के सहायक प्रबन्धक पवन पांडेय व नीरज कुमार मौके पर पहुंचे थे।

मारपीट के दो दोषियों को तीन वर्ष कारावास

प्रतापगढ़। अमृत विचार : अपर सत्र न्यायाधीश सुमित पवार ने मारपीट के मुकदमे में दोषी पाते हुए नन्हे और बब्बू उर्फ अनवर निवासी रघईपुर थाना अंतू को दोषी पाते हुए प्रत्येक को तीन- तीन वर्ष के कारावास और तीन-तीन हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया।।वादी मुकदमा निजामुद्दीन निवासी ग्राम रघईपुर थाना अंतू ने कोर्ट को बताया कि उसके पिता मोहम्मद इस्लाम 10 नवंबर 2003 को ग्राम भवानीपुर बाग गए थे, वापस आते समय मिर्ची के बाग में उसके गांव के बब्बू, नन्हे ,तथा बाल अपचारी ने उन्हें पकड़ लिया और लाठी डंडा हैंड पाइप के हत्थे से मारा पीटा। जिससे उनके दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई,काफी चोटें भी आईं। दौरान विचारण एक आरोपी को बाल अपचारी पाया गया उसकी पत्रावली अलग कर किशोर न्यायालय भेज दी गई। राज्य की ओर से पैरवी एडीसी अनिल मिश्र ने की।

अयोध्या ने रायबरेली को शिकस्त देकर जीता वालीबॉल मुकाबला

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : शहीद शिव बहादुर सिंह की स्मृति में बड़नपुर में आयोजित वालीबाल प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले में रायबरेली को शिकस्त देकर अयोध्या की टीम विजेता रही। सांसद संगम लाल गुप्ता ने शहीद शिव बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि दी और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने प्ररिभाग किया। फाइनल मुकाबला अयोध्या और रायबरेली स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में अयोध्या की टीम ने रायबरेली स्पोर्टिंग क्लब को सीधे सेटों में 15 -11और 15 -13 के अंतर से हराकर मुकाबला अपने नाम किया। विनोद यादव, कर्मराज सिंह मंजीत,शमशेर खान रेफरी एवं समशुद्दीन,प्रिंस सिंह स्कोरर व कमेंट्री तफज्जुल ने किया। विजेता एवं उपविजेता टीम को शहीद की पत्नी हेमलता सिंह, व्यवसायी शरद सिंह,नगर पंचायत गड़वारा चेयरमैन प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू ने ट्राफी,नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। समापन समारोह को भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, महामंत्री नीतीश श्रीवास्तव, बीएसएस एकेडमी के निदेशक विनोद सिंह, चेयरमैन जकी खान, प्रधान राजीव यादव, पूर्व प्रधान अशोक सिंह ने संबोधित किया। संयोजक अमित कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। पूर्व प्रधान धीरेंद्र सिंह, प्रधान जयकरन सरोज, प्रधान विजय राज,बीडीसी अनिल सिंह,भीम सिंह,छोटू सिंह आदि मौजूद रहे।

शहीद शिव बहादुर सिंह की स्मृति में आयोजित हुई वालीबॉल प्रतियोगिता

पीबीपीजी कॉलेज ने एमडीपीजी को दी शिकस्त

जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप

संवाददाता, प्रतापगढ। अमृत विचार : जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में एसोसिएट प्रोफेसर डा.वीपी सिंह स्मृति जनपद स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप के दिलचस्प मुकाबले में पीबीपीजी कालेज सिटी की टीम ने एमडीपीजी कालेज की टीम को 35 - 33 के अंतर से शिकस्त दी। इसके पूर्व क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। लालमणि सिंह, लालजी त्रिपाठी,आसिफ खान निर्णायक,शैलेश सिंह शैलू, कौशलेंद्र प्रताप सिंह,रवि प्रकाश सिंह स्कोरर रहे। जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने दिवंगत एसोसिएट प्रोफेसर डा.वीपी सिंह के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उन्हें याद किया। विजेता खिलाड़ियों को गाजीपुर में होने वाली स्टेट चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी। संयोजक विभव प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन करते हुए सचिव डा.धीरेंद्र प्रताप सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रभात कुमार त्रिपाठी,धर्मेंद्र बहादुर सिंह, अहमद अली, दिवाकर सिंह, पुष्पा सिंह,विद्या सागर सिंह आदि मौजूद रहे।

इलाहाबाद विवि के असिटेंट प्रोफेसर के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। अमृत विचार : इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के प्राचीन इतिहास विभाग के असिटेंट प्रोफेसर अजय सागर के खिलाफ कर्नलगंज थाने में रविवार की रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया। शनिवार को बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने यौन शोषण का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया था। अब इस मामले में कालेज प्रशासन की गठित अंतरिक टीम असिटेंट प्रोफेसर के मामले में जांच करेगी। जांच के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग में पढ़ने वाली बीए तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सागर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। छात्रा ने तहरीर में लिखा था कि प्रोफेसर अजय कुमार ने उसे द्वितीय वर्ष के समय ही प्रेम प्रस्ताव दिया था। जिसके बाद उस प्रस्ताव को इंकार करने पर फोन कर परेशान करना शुरु कर दिया था। अजय कुमार ने खुद को कैंसर का मरीज बताकर इमोशनल ब्लैकमेल करना शुरु कर दिया था। मुझे बुलाकर मेरे साथ जबरियन शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते थे। छात्रा ने शनिवार को इस मामले में थाना कर्नलगंज में लिखित शिकायत कर असिटेंट प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया था। रविवार को कर्नलगंज पुलिस ने मामले में रविवार की रात असिस्टेंट प्रोफेसर अजय सागर के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वहीं अब इस मामले में विवि प्रशासन की गठित टीम प्रोफेसर के खिलाफ जांच करेगी। जांच के बाद विभागीय कराई जाएगी।

कॉलेज प्रशासन की गठित कमेटी करेगी जांच, विभागीय जांच के बाद होगी कार्रवाई

दूसरे दिन काजल ने डिस्कस थ्रो व ऊंची कूद में बाजी मारी

हेमवती नंदन बहुगुणा कॉलेज के 30वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह

संवाददाता, नैनी प्रयागराज। अमृत विचार : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी का 30वां त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन गोला एवं भाला प्रक्षेप, डिस्कस थ्रो, ऊंची व लंबी कूद का आयोजन किया गया। इसमें छात्र– छात्राओं ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। काजल मिश्रा ने डिस्कस थ्रो एवं ऊंची कूद में प्रथम रही जबकि लंबी कूद में दूसरा एवं भाला में तीसरा स्थान रहा। दूसरे दिन के परिणाम में भाला प्रक्षेप छात्र में विशाल सिंह विजयी रहे। मोहित द्विवेदी दूसरे और आकाश सिंह तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार छात्राओं में नेहा मिश्रा ने बाजी मारी। हेमा और काजल मिश्रा दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। गोला प्रक्षेप छात्रा में नेहा मिश्रा, लक्ष्मी देवी, सपना यादव, छात्र में शिवम कुमार कामत, अमन मिश्रा, राज वर्मा, डिस्कस थ्रो छात्रा में काजल मिश्रा, संजना पाल, लक्ष्मी देवी, छात्र में अमन मिश्रा, श्याम कृष्ण पांडे, हर्ष मिश्र, लंबी कूद छात्र में राज, आकाश सिंह, अमन मिश्रा, छात्रा में प्रज्ञा मौर्य, काजल मिश्रा, लक्ष्मी देवी पाल, ऊंची कूद छात्रा में काजल मिश्रा, दीपा केसरी, प्राची शुक्ला तथा छात्रों में मोहित द्विवेदी, राज एवं विशाल क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राएं, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं का आंखों देखा हाल एवं मंच का साझा संचालन प्रो एके झा, डा अर्चना राय तथा डॉ पियूष चंद्र मिश्र द्वारा किया गया।वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन छह फरवरी को महाविद्यालय प्रांगण में होगा, जिसके मुख्य अतिथि निदेशक उच्च शिक्षा प्रो ब्रह्मदेव होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ अमित कुमार मिश्र ने दी है।

वर्ग पहेली-334

बाएं से दाएं

1.1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार

4. भारवाहक, भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति, कुली।

7.1. स्त्री, औरत 2. पत्नी, बहू।

ऊपर से नीचे

2.1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति, चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।

3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।

4.1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।

5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।

6. पवित्र करने वाली।



वर्ग पहेली - 333 का हल

1 खो	2 ख	ला	■	■	■
■	जु	■	3 सु	■	4 म
5 दु	रा	था	र	■	नो
■	हो	■	धे	■	भ
6 पिं	■	7 अ	नु	भ	व
ड	■	टै	■	■	■
ल	■	8 क	पै	सि	टी

सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3		9			4			2
				1			3	
5			9			6		
					6		9	
	3	2				5	1	
	8		7					3
		4			5		2	
	7			8				
6			1			3		4

सुडोकू - 50 का हल

2	8	5	4	9	7	6	1	3
4	6	7	2	3	1	8	9	5
3	1	9	6	8	5	4	7	2
5	7	6	8	4	9	2	3	1
9	2	4	3	1	6	5	8	7
8	3	1	7	5	2	9	6	4
7	9	8	1	2	4	3	5	6
1	5	2	9	6	3	7	4	8
6	4	3	5	7	8	1	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-एकादशी 16 .07 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- एकादशी व्रत।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 07 .35 तक तत्पश्चात मूल 7 फरवरी 06 .27 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज सहकर्मियों के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। अपने करियर को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

वृष — आज व्यापार से जुड़े लोगों को चोरी और सामान गुमने जैसी स्थितियों के लिए कुछ सावधान रहना चाहिए। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

मिथुन — आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों से काफी लाभ हो सकता है। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

कर्क — आज साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। छोटी दूरी की यात्रा में आपको कुछ समस्या हो सकती है। ऑनलाइन कारोबार में उत्तम लाभ मिल सकता है। स्त्री वर्ग को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए।

सिंह — आज नए कार्यों की शुरुआत न करें। अनावश्यक बहसबाजी से अंतत: आपका ही नुकसान होगा। मंत्र और देवपूजा आदि की तरफ आप प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यक्षमता को लेकर कुछ शंका में रहेंगे।

कन्या — आज आप कई सारे काम होने के कारण थोड़े भ्रमित से रहेंगे। निर्णय लेने में थोड़ी परेशानी होगी। परिजनों के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

तुला — आज किसी सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बनेगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

वृश्चिक — आज अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों पर किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को सुनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

धनु — आज जॉब कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में ज्यादा काम मिल सकता है। मशीनी कार्यों में कुछ सुधार करना पड़ सकता है। व्यापार में सुधार होने से प्रसन्न रहेंगे,लेकिन अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें।

मकर — आज पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें।

कुंभ — आज लोगों के विश्वासपात्र बने रहेंगे। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा हो सकती है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

मीन — आज इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी — सुबह : 09 .41
- अनाड़ी — रात : 07 .00

SONY MAX
- पीके — सुबह : 09 .50
- मलंग — रात : 07 .00

SONY PIX
- जिओस्ट्राम — सुबह : 08 .47
- स्पाइडर मैन :होमकमिंग — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- खलनायक — सुबह : 10 .30
- यमला पगला दीवाना 2 — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- चिराग — दोपहर : 12 .25
- आंदोलन — रात : 07 .55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे है। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी – क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	71,731.42	21,771.70
नुकसान	354.21	82.10
प्रतिशत में	0.49	0.38

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 6 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 900 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

रूसी तेल आयात 12 महीने के निचले स्तर पर

एनर्जी कार्गो ट्रैकर वोर्टेक्सा के आंकड़ों के अनुसार भारत में अभी भी दीर्घकालिक मांग बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात जनवरी में लगातार दूसरे महीने गिरकर 12 महीने में सबसे निचले स्तर पर आ गया। हालांकि, दीर्घकालिक मांग अब भी बरकरार है। एनर्जी कार्गो ट्रैकर 'वोर्टेक्सा' के आंकड़ों के अनुसार, रूस ने जनवरी में भारत को प्रति दिन 12 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति की, जो दिसंबर में 13.2 लाख बैरल और नवंबर 2023 में 16.2 लाख बैरल से कम है। हालांकि, रूस अब भी भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

वोर्टेक्सा के अनुसार, भारत ने दिसंबर 2021 में रूस से सिर्फ 36,255 बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से 10.5 लाख बैरल प्रति दिन और सऊदी अरब से 952,625 बैरल प्रति दिन आयात किया। रूस से आयात पिछले साल जून में 21 लाख बैरल प्रति दिन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जो भारत द्वारा आयातित कुल तेल का करीब 40 प्रतिशत है। उद्योग से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की दीर्घकालिक मांग बरकरार है।

एक अधिकारी ने कहा कि एक महीने में गिरावट तथा दूसरे महीने में बढ़ोतरी पूरी कहानी बयां नहीं करती। तथ्य यह है कि भारतीय कंपनियां तब तक रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखेंगी जब तक यह आर्थिक रूप से सही रहेगा। अन्य एक अधिकारी ने कहा-जब तक रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति लागत वैकल्पिक स्रोतों की तुलना में कम रहेगी तब तक भारतीय रिफाइनर इसे खरीदेंगे।

आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल को पहले 9 महीनों में 69,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का लाभ चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 69,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो तेल संकट से पहले के वर्षों की उनकी वार्षिक कमाई से कहीं अधिक है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशल लि. (एचपीसीएल) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में संयुक्त रूप से तेल संकट से पहले के वर्षों में रही 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर है। सार्वजनिक क्षेत्र की इन पेट्रोलियम कंपनियों की तरफ से शेयर बाजारों को दी गई सूचना से यह आंकड़ा सामने आया है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों ने दैनिक मूल्य संशोधन व्यवस्था पर लौटने और उपभोक्ताओं को दरों में आई नकमी का लाभ देने की मांग का विरोध किया है। उनका तर्क है कि कीमतें बेहद अस्थिर बनी हुई हैं और उनके पिछले नुकसान की पूरी तरह से भरपाई नहीं हुई है।

सेबी ने चार कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव को दी मंजूरी

नई दिल्ली। हयात ब्रांड के तहत होटल श्रृंखला चलाने वाली जुनिपर होटल्स और रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स समेत चार कंपनियों को बाजार नियामक सेबी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से निर्गम लाने की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में लॉजिस्टिक फर्म सीजे डार्कल लॉजिस्टिक्स और कृषि उपकरण विनिर्माता इंडो फार्म इक्विपमेंट भी शामिल हैं। सेबी ने सोमवार को इन कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी। इन फर्मों ने सितंबर और अक्टूबर, 2023 के बीच सेबी के समक्ष आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। हालांकि, बाजार नियामक ने क्रोनॉक्स लैब साइंसेज और श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी के आईपीओ प्रस्तावों को लौटा दिया है।

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एचएसबीसी इंडिया के सर्वेक्षण में हुआ खुलासा



भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग के दम पर जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जनवरी में 61.8 पुहंच गया। यह दिसंबर में 59 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

नए व्यवसाय का विस्तार तेज गति से हुआ और भविष्य की गतिविधि के लिए प्रबंधकों की उम्मीदें मजबूत बनी हैं। कारोबारी गतिविधि सूचकांक में तेजी आई, जिससे संकेत मिलता है कि भारत का सेवा निर्यात मजबूत बना हुआ है। नई निर्यात बिक्री 3 महीनों में सबसे तेज़ गति से बढ़ी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,900-48,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	72,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	720(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,800।

सरसों फसल का रकबा 5 प्रतिशत बढ़कर 100.39 लाख हेक्टेयर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एसईए ने रबी सत्र 2023-24 के जारी किए आंकड़े

फसल वर्ष 2023-24 के रबी सत्र में सरसों फसल का रकबा पांच प्रतिशत बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर से अधिक होने का अनुमान है। उद्योग जगत के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक बयान में सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि उसने अखिल भारतीय सरसों फसल सर्वेक्षण के लिए आरएमएसआई क्रॉपलिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड को नामित किया है। सरसों एक महत्वपूर्ण तिलहन है।

आरएमएसआई ने सुदूर संवेदी माध्यम (रिमोट सेंसिंग) पर आधारित तीसरी रिपोर्ट सौंपी है। एसईए ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार-अखिल भारतीय सरसों फसल का रकबा 100.39 लाख हेक्टेयर बताया गया है, जो पिछले साल के रिमोट सेंसिंग-आधारित अनुमान 95.76 लाख हेक्टेयर से पांच प्रतिशत अधिक है। गुजरात और राजस्थान के कई जिलों में किसानों ने कम कीमत मिलने के कारण सरसों के बजाय अन्य फसलों की खेती का विकल्प चुना है।

केरल बजट: शराब के दाम, अदालत शुल्क में हुई बढ़ोतरी

तिरुवनंतपुरम। विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त धन जुटाने के लिए केरल की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (मार्क्सवादी) सरकार ने सोमवार को पेश बजट में शराब के दाम और न्यायिक अदालत शुल्क में बढ़ोतरी की है।

मुख्यमंत्री पिनराई विजयन नीत सरकार के लिए चौथा बजट पेश करते राज्य के वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल ने कहा कि 200 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न करने के लिए भारतीय निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारूती व भारतीय एयरटेल में बिकवाली से सेंसेक्स में 354 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

▸▸ निफ्टी 82.10 अंक की गिरावट के साथ 21,771.70 पर बंद

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 354 अंक के नुकसान में रहा।

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली से तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,731.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 72,385.93 अंक तक गया और नीचे में 71,602.14 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,771.70 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार शुरुआत में मजबूत खुला लेकिन बाद में सीमित दायरे में रहा और अंत में तेज गिरावट के साथ बंद हुआ।

पेटीएम के शेयर में तीसरे सत्र में गिरावट

नई दिल्ली। पेटीएम के शेयर में सोमवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में और 10 प्रतिशत गिर गए। बीएसई पर शेयर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 438.35 रुपये पर आ गए। एनएसई पर 9.99 प्रतिशत गिरकर 438.50 रुपये पर पहुंच गए।

राष्ट्रीय

एक नजर

छत्तीसगढ़ में कई हत्याओं में शामिल दो माओवादी गिरफ्तार

कांकेर। छत्तीसगढ़ में हत्या के कुछ मामलों और सुरक्षाकर्मियों के साथ कई मुठभेड़ों में कथित तौर पर संलिप्तता के लिए कांकेर जिले से दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि बीजापुर जिले के रहने वाले इन दोनों माओवादियों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि 2022 से माओवादियों के उत्तरी बस्तर संभाग में समन्वय दल के कमांडर के रूप में सक्रिय विनोद अवलम (21) और उपकमांडर आसु कोर्सा (23) को रविवार को कांकेर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंजालगोडी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

तेजस्वी की याचिका पर आदेश सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद की एक अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि के मामले को राज्य के बाहर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। तेजस्वी ने कथित तौर पर 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' टिप्पणी की थी, जिसको लेकर वह आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं।

हथियारों सहित दो अपराधी गिरफ्तार

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा मे पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस उपाधीक्षक जसप्रीत सिंह ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुये बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवजोत सिंह और करण दोनों निवासी गांव मरकावेद जिला कपूरथला के रूप में हुई है, जिन्हें एएसआई निर्मल सिंह के नेतृत्व में सीआईए की एक टीम ने नाकाबंदी के दौरान बदमाशों की जांच के दौरान गिरफ्तार किया था। पुलिस उपाधीक्षक जसप्रीत ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों पर विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कुल सात मामले दर्ज थे। उपाधीक्षक ने कहा कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट फगवाड़ा के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उन्हें आगे की पूछताछ के लिए पांच दिनों के लिए पुलिस रिमांड में भेज दिया।

अगर कोई जुर्रत करेगा तो देंगे मुंहतोड़ जवाब

लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलएसी को लेकर कांग्रेस नेता के सवाल पर किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है तथा अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया। चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने कहा कि अभिभाषण में देश की सुरक्षा का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सवाल किया कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पूर्व की यथास्थिति की बहाली का क्या हुआ? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक हाल बुरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में चीन से संबंधित नीति लगातार विफल रही है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संदर्भ में चौधरी ने जो भी कुछ कहा है कि वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा-मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। भारत अब ताकतवर भारत बन गया है। अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। संसद के पटल पर देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

जम्मू के लिए 1.18 लाख करोड़ का बजट पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2024-25 का 1.18 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 20,760 करोड़ रुपये और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान रखा गया है। संसद में पेश अंतरिम बजट के अनुसार, 2024-25 लिए पूंजीगत व्यय 38,566 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। यह जीएसडीपी का 14.64 प्रतिशत है।

उपासना स्थल अधिनियम को समाप्त करने की मांग

भाजपा के सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यह कानून संविधान के तहत प्रदान किए गए हिंदुओं, सिखों, जैनियों और बौद्धों के धार्मिक अधिकारों का अतिक्रमण करता है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने यह भी दावा किया कि कानून देश में सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा-उपासना स्थल अधिनियम पूरी तरह से अतार्किक और असंवैधानिक है।

गठबंधन से पहले केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

▸▸ दिल्ली शराब घोटाला : कोर्ट 7 फरवरी को सुनाएगी फैसला

अमृत विचार: झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह परिवर्तन निदेशालय द्वारा जारी पांच सम्मनों को उनके द्वारा ठुकराना है। एक अन्य मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच भी सक्रिय हो गई है।

जमीन घोटाले को लेकर पिछले 8 महीने से प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका की जांच कर रहे थे। वह देश के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें पद पर रहते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है इसके बाद ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा ठीक उसी तरह दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल की भूमिका को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई महीनो से जांच कर रहा है और बारी-बारी से पांच बार उन्हें तलब कर चुका है। अब अटकलें लगाई जा रही है कि सोरेन की गिरफ्तारी और केजरीवाल के खिलाफ निदेशालय का अदालत में जाना, इस बात का मार्ग प्रशस्त कर सकता है कि लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाए।

हालांकि भाजपा सरकार के खिलाफ चुनाव पूर्व बनने वाले इंडिया गठबंधन को लेकर अब केजरीवाल मुख्य भूमिका में हैं। अभी तक यह भूमिका बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निभा रहे थे। लेकिन उनके पलट जाने के बाद यह काम केजरीवाल ने संभाला है। लगभग सभी राजनीतिक दलों की निगाहें आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच चल रही चुनावी तालमेल की वार्ता पर टिकी हुई हैं। ऐसे समय में परिवर्तन निदेशालय एवं दिल्ली पुलिस की विशिष्ट शाखा क्राइम ब्रांच का सक्रिय होना बहुत मायने रखता है। 2 नवंबर से 2 फरवरी तक परिवर्तन निदेशालय दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को पांच बार पूछताछ के लिए नोटिस भेज चुका है। लेकिन नोटिस को गैरकानूनी बताते हुए निदेशालय के समक्ष वे पेश नहीं हुए हैं। अब परिवर्तन निदेशालय ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अदालत 7 फरवरी को अपना फैसला सुनाएगी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले में मुख्यमंत्री की घेराबंदी शुरू कर दी है। तीसरा उप राज्यपाल सक्सेना ने भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर केजरीवाल से जवाब मांगा है।

वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव के रूप में कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपूर्व चंद्र की जगह ली है, जिन्हें स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है। तेलंगाना कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी जाजू नवंबर 2022 से राज्य सरकार में सेवा दे रहे थे। जाजू इससे पहले रक्षा उत्पादन विभाग में अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम के निदेशक रह चुके हैं।

चुनौती देने वाली हरियाणा की याचिका पर जवाब दे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

नौकरियों में आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय का निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के स्थानीय निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को "असंवैधानिक" करार देने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर राज्य सरकार की याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार से उनका जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने हरियाणा सरकार द्वारा दायर अपील पर केंद्र सरकार और फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को नोटिस जारी किया। हरियाणा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला तर्कहीन है। राज्य सरकार ने 17 नवंबर, 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवार रोजगार अधिनियम, 2020 को भी अधिकार क्षेत्र से परे करार दिया था।

सिसोदिया हफ्ते में एक बार बीमार पत्नी से मिल सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी पैरोल

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। बैठक के दौरान डॉक्टर भी उनसे मिलेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

कोर्ट ने उनकी नियमित जमानत पर सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे तय की है। बता दें, इससे पहले कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी थी।

बता दें, दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उनकी पत्नी लंबे समय से बीमार चल रही है। वह कई बार कोर्ट से गुहार लगा चुके हैं कि उन्हें पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें कई बार पत्नी से मिलने की अनुमति दे चुके हैं। अब वह हर हफ्ते ही पत्नी से मिल सकेंगे।

दरअसल, मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा एक ऐसी बीमारी से बीते 23 साल से ग्रसित हैं, जिससे उनके मस्तिष्क का नियंत्रण उनके शरीर पर कम रहता है। ऐसे में उन्हें चलने-बैठने आदि में परेशानी होती है। सीमा सिसोदिया को मल्टीपल स्क्लेरोसिस नामक बीमारी है। यह बड़ी ही अजीब बीमारी है जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। सिसोदिया कोर्ट में याचिका दायर कर पत्नी के साथ कुछ समय रहने की मांग की थी।

उनकी पत्नी मल्टीपल स्क्लेरोसिस ऑटोइम्युन की बीमारी है। इस बीमारी में अपनी प्रतिरोधक क्षमता शरीर की कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाने लगती है, जो मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। इस वजह मस्तिष्क का शरीर के अन्य हिस्सों पर नियंत्रण कम होने लगता है। साथ ही मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं।

झारखंड में चंपई सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

रांची, एजेंसी

▸▸ पक्ष में 47 और विरोध में 29 विधायकों का मत

झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया जबकि 29 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। निर्दलीय विधायक सरयू रॉय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

विधानसभा में मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित रहे। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्तारूढ़ गठबंधन को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (लिबरेशन) के इकलौते विधायक ने बाहर से समर्थन दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत विपक्षी गठबंधन में भाजपा के 26 और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के तीन विधायक हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चंपई सोरेन को सदन में अपनी सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया गया। उन्होंने फैसला किया था कि वह पांच फरवरी को विश्वास मत हासिल करेंगे।

आरोप साबित हुए तो राजनीति छोड़ दूंगा: हेमंत सोरेन

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर आरोप साबित हो गए तो वह राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा में झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा पेश किए विश्वास प्रस्ताव में भाग लेते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा साजिश रचे जाने के बाद राजभवन ने उनकी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभायी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन ने कहा-मैं भाजपा को मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देता हूं। अगर आरोप साबित हुए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। सोरेन अभी ईडी की हिरासत में हैं।

दिल्ली में विश्व वैष्णव सम्मेलन 8 फरवरी से

नई दिल्ली, अमृत विचार: राजधानी में 8 फरवरी को विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के हजारों सनातन धर्मावलंबी एवं साधु-सन्यासी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। हौज खास स्थित गौडीय मठ में आयोजित पत्रकार वार्ता में गौडीय मिशन के अध्यक्ष भक्ति सुंदर सन्यासी महाराज ने बताया कि दिल्ली में गौडीय मठ की स्थापना करने वाले श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जन्म दिवसोत्सव के उपलक्ष्य में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी एक डाक टिकट एवं 150 रुपये का सिक्का भी जारी करेंगे।

इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व: रोहित

पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों को सराहा

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की चला रही श्रृंखला के दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर 1-1 से बराबर करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। रोहित ने पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने मैन ऑफ द मैच बुमराह के बारे में कहा, वह हमारे लिए एक

चैंपियन खिलाड़ी है। वह पिछले कुछ समय से हमारे लिए यह काम कर रहा है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई। पहली पारी में 209 रन बनाने वाले जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, वह अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छे से समझता है। उसे लंबा सफर तय करना है। जाहिर है कि यह एक विशेष पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बना रहेगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन कई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

मैं आंकड़ों को नहीं देखता: बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि मैं आंकड़ों को नहीं देखता हूं। अगर आप आंकड़ों के बारे में सोचेंगे तो बहुत दबाव होगा। मैं खुश हूं कि हम जीते और मैंने इसमें योगदान दिया। बुमराह ने पहली पारी में ओली पोप को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया था। इस बारे में उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब मेरी पहली गेंद यॉर्कर ही होती थी। इसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था। तब मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि हम गेंदबाजी विभाग में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और इस गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है।

पहली पारी		दूसरी पारी	
ओवर 15.5	विकेट 06	ओवर 17.2	विकेट 03

हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि लक्ष्य पा सकते हैं : स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी टीम जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। कुछ समय से टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट होकर लक्ष्य से 106 रन दूर रह गयी। स्टोक्स ने कहा कि हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य पा सकते हैं। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने

कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था।

खेल डायरी

फज्र बैडमिंटन चैलेंज: मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोड़ी विजेता

नई दिल्ली, एजेंसी। सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गई।

मेस्सी के हांगकांग में नहीं खेलने से प्रशंसक नाराज

हांगकांग, एजेंसी। हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के आयोजक को

लियोनल मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। मैच आयोजक टैटलर एशिया के अध्यक्ष मिशेल लामुनिअर ने कहा कि इंटर मियामी के साथ उसके अनुबंध के अनुसार मेस्सी और टीम के कुछ अन्य फुटबॉल सितारों को मुकाबले में खेलने की जरूरत थी, बशर्ते वे चोटिल नहीं हों।

बांग्लादेश से हार के बाद नेपाल से भिड़ेगा भारत

ढाका, एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 की निराशाजनक हार से उबरकर मंगलवार को यहां अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप में नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। रविवार को भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इंजरी टाइम में गोल खाया था जिससे उसे शिकस्त मिली। भारतीय टीम ने बांग्लदेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बावजूद मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता लग रहा था। बांग्लादेश ने मैच के अंतिम लम्हों में गोल दागकर जीत दर्ज की। 2019 में हुई सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भारत ने नेपाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसका सामना बांग्लादेश से हुआ था।

अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप

अर्जेंटीना, फ्रांस डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण में

रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी। अर्जेंटीना ने क्वालीफाइंग दौर में कजाकिस्तान को 3-2 से हराकर डेविस कप फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई। सेबेस्टियन बेज ने रविवार को दो मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए दिमित्री पोपको हराकर अर्जेंटीना की जीत पक्की की। अन्य मुकाबलों में बेल्जियम ने जिजौ बर्ग्स की डुजे अजदुकोविच को, चेक गणराज्य ने इजराइल को तो फ्रांस ने ताइवान को मात दी।

फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यू जर्सी में होगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी। फुटबॉल विश्व कप 2026 का फाइनल अमेरिका के न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यू जर्सी ने टेक्सास और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों को पछाड़कर यह अधिकार पाया। 48 देशों और 104 मैचों वाले इस विश्व कप का फाइनल 19 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। फीफा ने रविवार को मियामी टेलीविजन स्टूडियो में 39-दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी का अधिकार न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम को दिया। विश्व कप का आगाज 11 जून को होगा और इस मैच की मेजबानी का अधिकार मैक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज्टेका को मिला है। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने कहा कि यह हमारी विविधता और हमारे मूल्यों का उत्सव होगा। बड़ी तस्वीर यह है कि हम आने वाले दशकों के लिए क्या पैमाना तय करते हैं।

106 रन की जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में की 1-1 की बराबरी

इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेटकर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर किया कड़ा प्रहार

पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जायेगा

विशाखापत्तनम, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की। जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया। इस जीत से भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। भारत के यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था। दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे। उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। इंग्लैंड ने हैदराबाद में हुए पहले मैच को 28 रन से जीता था। पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा।

दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

दूसरी पारी में इंग्लैड के जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली। उन्होंने धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद में आठ चौके और एक छक्का जड़े। भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की। वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट लेने का कारनामा पूरा नहीं कर सके और वे इस रिकॉर्ड से 1 विकेट दूर है। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 67 रन से की। टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाए लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। लंच से पहले पांच गेंद के अंदर कुलदीप ने क्राउली (73) को आउट किया जबकि बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (26) को चलता कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन था। लंच के बाद श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर कप्तान बेन स्टोक्स (11) के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गयी। बेन फॉक्स (36) व टॉम हार्टले (36) ने 8वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा परेशान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने जल्दी ही बाकी बचे दोनों विकेट लेकर औपचारिकता पूरी की।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 292/10 (69.2 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशजैक क्राउली पगबाधा कुलदीप	73	132	8/1
बेन डकेट का भरत बो अश्विन	28	27	6/0
रेहान अहमद पगबाधा अक्षर	23	31	5/0
ओली पोप का रोहित बो अश्विन	23	21	5/0
जो रूट का अक्षर बो अश्विन	16	10	2/1
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बुमराह	26	36	5/0
बेन स्टोक्स रन आउट (अय्यर)	11	29	1/0
बेन फॉक्स का एवं बो बुमराह	36	69	4/1
टॉम हार्टले बो बुमराह	36	47	5/1
शोएब बशीर का भरत बो मुकेश	00	08	0/0
जेम्स एंडरसन नाबाद	05	08	1/0

अतिरिक्त: 15, **विकेट पतन:** 1-50, 2-95, 3-132, 4-154, 5-194, 6-194, 7-220, 8-275, 9-281, **गेंदबाजी:** बुमराह 17.2-4-46-3, मुकेश 5-1-26-1, कुलदीप 15-0-60-1, अश्विन 18-2-72-3, अक्षर 14-1-75-1

युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली को परखने का मौका

भुवनेश्वर, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग चरण में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का मौका होगा।

उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। भारत पिछले सत्र में पोडियम स्थान हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गया था। भारतीय टीम नीदरलैंड,

ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया (एचआई) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप

बेहतरीन फॉर्म में चल रहा भारत मंगलवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई है और लगभग सभी मुकाबलों में टीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दबदबा बनाया है।

भारतीय टीम किसी विशेष खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही है बल्कि जरूरत पड़ने पर सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है। बल्लेबाज जहां ढेरों रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों को विरोधी टीमों को समेटने में सफलता मिली और जीत का अंतर भी अच्छा खासा रहा। दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 18 साल के मुशीर खान

भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई

मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह पांच मैच में 83.50 के औसत से 334 रन बना चुके हैं। भारतीय कप्तान उदय सहारन भी अच्छी फॉर्म में हैं और एक शतक तथा दो अर्धशतक से 61.60 की औसत के साथ 304 रन अपने नाम दर्ज कर चुके हैं। सचिन धास ने नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर सिक्स मैच में 116 रन की पारी खेली जब टीम 62 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। विरोधी टीमों को भारतीय उप कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने ने 2.17 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट चटकाए हैं और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

पांडे ने रन गति पर अंकुश लगाकर विरोधी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा जिसका फायदा नमन तिवारी (नौ विकेट) और राज लिम्बानी (चार विकेट) को मिला। इस टूर्नामेंट में सफलता के अलावा भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है जो उसे जीत का दावेदार बनाता है। भारत अगर जीत दर्ज करता है तो फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत की संभावना बन सकती है। पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।



अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है ।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है ।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इस गाने के लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखा है, जबकि कंपोजर विक्रम मोंट्रोस हैं। 'शंभू' गाना में अक्षय कुमार, महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं।

फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल की आने वाली फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल फिल्म क्रैक में नजर आयेंगे ।विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर क्रैक का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में इंटेंस अवतार में विद्युत और अर्जुन चीखते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बाजू पर बम टाइमर लगा हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा, डर नहीं डार्लिंग से। क्रैक- जीतेगा तो जीयेगा। फिल्म क्रैक 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।इस फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा

मुंबई, एजेंसी । बॉलीवुड अभिनेता नील नितीन मुकेश ने अपनी आने वाली फिल्म मायावन का पहला शेडयूल पूरा कर लिया है। नील नितीन मुकेश ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'मायावन' के सेट से तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कि उन्होंने फिल्म का पहला शेड्यूल भी पूरा कर लिया है। नील नितिन मुकेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की है। इन फोटो में वह अभिनेता सुदीप किशन के साथ बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब 'हीरो' और 'विलेन' खुश होते हैं, निर्देशक खुश है। यह तेलुगु, तमिल और हिंदी में बनी एक अखिल भारतीय एक्शन साइंस-फिक्शन थ्रिलर 'मायावन' के मेरे पहले शेड्यूल का समापन है'। 'चाहे यह कितना भी कठिन और थका देने वाला हो, पूरी टीम के साथ काम करना बेहद आनंददायक रहा। आपके प्रिय होने के लिए प्रिय सुदीप किशन को धन्यवाद। इतना शानदार अभिनेता, कोस्टार, दोस्त और सपोर्ट सिस्टम। इतना अद्भुत निर्देशक होने के लिए सी वी कुमार सर को धन्यवाद। आप और आपकी टीम तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं और अद्भुत हैं। मैं हमारे अगले कठिन कार्यक्रम का इंतजार कर रहा हूं'। फिल्म मायावान में संदीप किशन, आकांशा रंजन कपूर और नील नितिन मुकेश प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

31 मई को रिलीज होगी वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' 31 मई को रिलीज होगी। वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है .फिल्म 'बेबी जॉन' के टीजर में वरुण धवन काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज डेट भी आउट हो गई है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज किया है। वरुण धवन बड़े बालों में नजर आ रहे हैं और हाथ में बंदूक लिए अपना खूंखार अंदाज दिखा रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का खतरनाक अंदाज देखने को मिलने वाला है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। इस फिल्म को एटली कुमार के साथ ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

प्रदीप पांडेय- आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर

प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 फरवरी को होगा। फिल्म विवाह 3 का ग्रैंड टेलिविजन प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा और दंगल प्ले ऐप पर 10 फरवरी को संध्या 5 बजे से किया जा रहा है। फिल्म का प्रसारण रविवार 11 फरवरी को भी सुबह 10 बजे से किया जाएगा। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह सीरीज की फिल्म को टेलीविजन पर भी खूब प्यार मिलता रहा है। इसके पहले और दूसरे पार्ट को भी खूब सराहा गया था। यह तीसरा पार्ट तो उससे भी धमाकेदार है, जिसके लिए टेलीविजन के दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहा है। जो दर्शकअभी तक इस फिल्म को नहीं देख पाए हैं और जिन्हें यह फिल्म फिर से देखनी है, उनके लिए यह शनिवार और रविवार एक सुनहरा मौका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

चिली के जंगलों की नहीं थम रही भीषण आग, अब तक 99 की मौत

सैंटियागो। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 99 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। लगभग 10 लाख की आबादी वाले मध्य चिली के वालपराइसो क्षेत्र के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे नाजुक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है।

न्यूजीलैंड में पंजाब के गुरजीत की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

वेलिंगटन। पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में पंजाब के रहने वाले गुरजीत सिंह की हत्या कर दी थी। उनका शव न्यूजीलैंड स्थित घर के बाहर मृत पाया गया था। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड भेजने के लिए उनके पिता ने अपनी जमीन बेच दी थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी से जुड़ा विवरण को साझा नहीं किया है। पोस्टमार्टम के परिणामों से पता चला कि गुरजीत की हेली स्ट्रीट स्थित उनके आवास पर किसी नुकीली हथियार से किए गए कई घावों के कारण मौत हुई थी। सोमवार को डुनेडिन पहुंचे गुरजीत सिंह के पिता निशान सिंह ने कहा कि पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

सूडान-द. सूडान के बीच नहीं थम रहा सीमा विवाद, 40 की मौत

जुबा (सूडान)। सूडान और दक्षिण सूडान की सीमा पर एक बार फिर से दो गुटों बीच झड़प हुई है, जिसमें करीब 40 लोग मारे गए हैं। दो गुटों के बीच हुई झड़पों में कई नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं, इस हिंसा से बचने के लिए सैकड़ों लोगों ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के परिसर में शरण ली है। अधिकारी के हवाले से कहा कि अबेई क्षेत्र में डिंका जातीय समूह और प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच अक्सर इस तरह की झड़पें होती रहती है। दोनों के बीच झड़पें होने का महत्वपूर्ण कारण 'सीमा विवाद' का होना है, जहां सीमा पार से होने वाले व्यापार के कारण महत्वपूर्ण कर राजस्व एकत्र किया जाता है।

पूनम की सर्विकल से मौत की अफवाह में शामिल कंपनी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे की मौत की फर्जी खबर फैलाने में शामिल रही मीडिया कंपनी श्वांग ने सर्विकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अपनाये गए तरीके की आलोचना के बाद माफी मांगी है। मुंबई स्थित कंपनी ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक बयान में, झूठी खबर का हिस्सा होने की बात स्वीकार की, जिसकी सोशल मीडिया पर मशहूर हस्तियों और उपयोगकर्ताओं ने कड़ी आलोचना की है। कंपनी ने कैंसर से प्रभावित लोगों से माफी मांगी, लेकिन दावा किया कि उनके इस अभियान से इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।

विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने को राजी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।

ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है अन्यथा चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सूचीबद्ध करेगी। बता दें कि ने सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को स्पीकर के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने दो सप्ताह के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। 10 जनवरी को पारित अपने आदेश में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को खारिज कर दिया था। उद्धव ठाकरे गुट ने विस अध्यक्ष के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

साइबर सुरक्षा... ट्रांजेक्शन पूरा होते ही एप से करें लॉग आउट

2025 तक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में शीर्ष पर होगा भारत

भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की एक बड़ी आबादी है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। साल 2022 में एक माह में 52 फीसदी से अधिक आबादी या 759 मिलियन लोगों ने इंटरनेट का उपयोग किया था। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिये सिस्टम में कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। यही कारण है कि भारत को साइबर खतरों का सामना करना पड़ता है, जो भारत के रणनीतिक, आर्थिक एवं राष्ट्रीय हित को निशाना बनाते हैं। हमारी वित्तीय सुरक्षा के लिए स्मार्ट बैंकिंग की आदत बहुत महत्वपूर्ण है। बता दें, कुछ सुझावों का पालन करने से वित्तीय सुरक्षा मजबूत की जा सकती है।

अपना डिवाइस सुरक्षित रखें

सुनिश्चित करें कि स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसे सभी उपकरण एंटीवायरस और सुरक्षा पैच से लैस हैं। यह मैलवेयर का जोखिम कम करता है। संवेदनशील जानकारी को भी संभावित खतरों से बचाता है।

जटिल पासवर्ड बनाएं



अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों के मिश्रण से जटिल पासवर्ड बनाएं। जन्मदिन या नाम जैसी जानकारी का उपयोग करने से बचें। लेन-देन पूरा करने के बाद हमेशा ऑनलाइन बैंकिंग सत्र से लॉग आउट करें। ऑनलाइन बैंकिंग खातों के लिए टू स्टेप वेरिफिकेशन एक्टीवेट करें।

आधिकारिक बैंकिंग एप ही करें इस्तेमाल

अधिकृत एप स्टोर से सिर्फ आधिकारिक बैंकिंग एप डाउनलोड और इस्तेमाल करें। इन एप्स में मजबूत सुरक्षा सुविधाएं होने की अधिक संभावना है, जो वित्तीय लेनदेन के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। इसके अलावा अपने बैंकिंग एप लगातार अपडेट करें।

ओटीपी, पिन किसी से न करें साझा

पिन या ओटीपी किसी के साथ भी साझा करने से बचें। बैंक कभी भी ईमेल या कॉल के जरिये ऐसी जानकारी नहीं मांगता है। ओटीपी का मैसेज इस्तेमाल के बाद मिटा दें।

खातों की करें नियमित निगरानी

संदिग्ध गतिविधियों का तुरंत पता लगाने के लिए बैंक खाते और लेनदेन की बार-बार समीक्षा करें। एक निश्चित सीमा से ऊपर के लेनदेन के लिए अलर्ट सेट करें। किसी भी लिंक पर क्लिक करते समय सावधानी बरतें। जानकारी प्राप्त से पहले स्रोत की वैधता सत्यापित करें।

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- देश की संप्रभुता से समझौता नहीं

10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैनिक

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को संसद की बैठक में भारत पर एक बार फिर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा कि हमारी सरकार देश की संप्रभुता को ताक पर रखकर किसी भी देश के साथ कोई संधि नहीं करेगी।

मुइज्जू ने बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा। वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा। संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है।

मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार ऐसे किसी भी राज्य समझौते की अनुमति नहीं देता है, जो देश की संप्रभुता से समझौता करें। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। अन्य देशों के साथ राष्ट्रपति मुइज्जू की कूटनीतिक चर्चाएं भी जारी है।

मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मार्च तक वापस बुला लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान की गई है। मुइज्जू ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ नहीं करने वाला है जिससे देश की संप्रभुता से समझौता करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर देश की संप्रभुता को खतरा होता है तो वह किसी भी बाहरी दवाब के सामने नहीं झुकेंगे।

56 सांसदों ने सरकार के फैसले का किया बहिष्कार

विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने सरकार के अलोकतांत्रिक तरीकों के कारण संसद के बहिष्कार का फैसला किया। कुल 56 सांसदों ने राष्ट्रपति के संबोधन का बहिष्कार किया। इनमें डेमोक्रेट के 13 और एमडीपी के 44 सांसद शामिल हैं। सुबह 9 बजे जब बैठक शुरू हुई तो केवल 24 सांसद ही संसद में मौजूद थे। बता दें, मालदीव की संसद (पीपुल्स मजलिस) के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन के दौरान केवल 24 सांसद शामिल हुए।

मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं भारतीय सैनिक

मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं।

प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ चुनाव आयोग ने दलों से कहा चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएं

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को किसी भी चुनाव अभियान और रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजे गए एक निर्देश में चुनाव-प्रचार के दौरान किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही है। आयोग ने कहा कि आयोग किसी भी तरह से राजनीतिक अभियान में बच्चों के भागीदारी पर रोक लगाता है, जैसे बच्चों द्वारा कविता पाठन हो, उनके द्वारा किसी पार्टी को लेकर बोले गए शब्द हो या फिर किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन शामिल हो। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है और उनसे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश

- राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी चुनाव में बच्चों को शामिल नहीं करें।
- रैलियों, नारे लगाने, पोस्टर वितरित करने सहित अभियान से बच्चों को दूर रखें।
- चुनाव प्रचार या रैलियों के दौरान राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को अपने वाहन में बच्चे को गोद में रखने या ले जाने की भी अनुमति नहीं है।
- बच्चों के किसी और तरीके के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया।
- अपने माता-पिता के साथ मौजूदगी को बच्चों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक को चीन में मिली निलंबित सजा

बीजिंग। चीन की अदालत ने सोमवार को चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक यांग हेंगजुन को जासूसी का दोषी मानते हुए मौत की निलंबित सजा सुनाई है। 19 जनवरी, 2019 को न्यूयॉर्क से अपनी पत्नी और सौतेली बेटी के साथ चीन के शहर ग्वांगझू पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मई 2021 में उन पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया गया। पूर्व चीनी राजनयिक और राज्य सुरक्षा एजेंट यांग आस्ट्रेलिया में राजनीतिक टिप्पणीकार और जासूसी उपन्यास के लेखक बन गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बताया जासूसी करने का दोषी मानते हुए हेंगजुन को दो साल की सजा काटने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। सालों से मामला उठा रही ऑस्ट्रेलियाई सरकार चीनी अदालत के फैसले से स्तब्ध है और इसे यांग के स्वजनों व समर्थकों के लिए डरावनी खबर बताया।

माइनस 8 डिग्री में मार्च...

लद्दाख : लेह लद्दाख को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में माइनस 8 डिग्री की सर्दी में 30 हजार लोगों ने मार्च निकाला और पोलो ग्राउंड पर रैली की। पूरे लद्दाख में बंद रखा गया। लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों से लोग रैली में शामिल हुए। मशहूर शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने रैली में कहा कि केंद्र सरकार बिना देरी किए लद्दाख को राज्य का दर्जा प्रदान कर स्वायत्तता के लिए संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करे। लद्दाख 2019 के बाद से केंद्र शासित प्रदेश है। ● एजेंसी

खैबर पख्तूनख्वा: पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, 10 की मौत

खैबर पख्तूनख्वा, एजेंसी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान जिले के एक पुलिस स्टेशन में हमले के बाद कम सम कम दल पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह इस हमले में घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरबान तहसील में सुबह तीन बजे के करीब कुछ आतंकियों ने भारी हथियार के साथ पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया।

पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ,सभी आतंकी फरार हो गए। इस हमले के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकवादियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

आतंकवादी हमले में हो रही वृद्धि

स्थानीय अखबार ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में वृद्धि देखी गई है। इस साल जनवरी में कम से कम 93 आतंकवादी हमले हुए जिसमें 90 लोग मारे गए और करीब 135 घायल हुए हैं। वहीं 15 व्यक्तियों के अपहरण का मामला भी सामने आया है।

मौलाना अजहरी के समर्थन में जुटी भीड़ के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई। भाषण के जरिए नफरत फैलाने के आरोप में गुजरात एटीएस ने रविवार को मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद घाटकोपर पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ इकट्ठा हुई, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भीड़ के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस अबतक तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था।

एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को मिलेगा काम का अधिकार

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ भारतीयों को मिलेगा लाभ, सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को राहत

अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों को लगभग एक लाख लोगों को काम का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जो एच-1बी वीजा धारकों के पति, पत्नी या बच्चे हैं। इससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ मिलेगा।

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी बातचीत के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के लगभग ढाई लाख ऐसे बच्चों के लिए भी समाधान प्रदान करता है, जो उम्र सीमा पार कर चुके हैं। यह कदम उन सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते हैं और उनके बच्चों को उम्र सीमा पार कर जाने के कारण निर्वासन का खतरा है। ग्रीन कार्ड, जिसे अमेरिका में आधिकारिक तौर स्थायी निवासी कार्ड के रूप में जाना जाता है। भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर है कि विधेयक में लंबी अवधि वाले एच-1बी वीजा धारकों के उम्र सीमा पार कर चुके बच्चों को सुरक्षा देते हुए उनकी एच-4 स्थिति को आठ वर्ष बरकरार रखा जाएगा। बिल में यह सुनिश्चित किया गया है कि अगले पांच वर्ष तक प्रति वर्ष 18 हजार और रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। यह बिल प्रति वर्ष करीब 25 हजार के-1, के-2 और के-3 गैर आप्रवासी वीजा धारकों को काम का अधिकार प्रदान करता है।

विज्ञान चीनी वैज्ञानिकों ने किया नया शोध, विशाल अकाशगंगाओं के समूहों से पता चली वास्तविक आयु

उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारा ब्रह्मांड उम्रदराज नही बल्कि युवा है। कंम्प्यूटर सिमुलेशन के जरिए किए शोध से इसकी सही उम्र का पता चलता है। इस शोध से पिछले अनुमानों को झुठला दिया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

यह शोध चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने किया है। ब्रह्मांड की आयु की वास्तविकता का पता लगाने के लिए विशाल अकाशगंगाओं के समूहों को शामिल किया गया। जिसमें आकाशगंगाओं की गति का मापन किया गया। स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे (एसडीएसएस) के जरिए इसकी गणना की गई। शोधकर्ताओं ने केंद्रीय आकाशगंगा समूह से उपग्रहों के वेग ऑफसेट से विश्लेषण किया।



ब्रह्मांड की नई तस्वीर का काल्पनिक चित्र।

दरसल ब्रह्माण्ड विज्ञान का मानक मॉडल बिग बैंग सिद्धांत पर आधारित है , जो ब्रह्मांड के निर्माण व विकास को समझाने वाला प्रमुख सिद्धांत है। मगर चीनी वैज्ञानिकों ने शोध में विशाल आकाशगंगा समूह के चारों ओर आकाशगंगाओं की गति को मापकर पता लगाया कि पूर्व में जताए अनुमान के विपरीत यह अधिक युवा है।

शोधकर्ता टीम का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक क्यूई गुओ शोध को लेकर कहा है कि ब्रह्मांड विज्ञान का मानक मॉडल कहता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत एक धमाके से हुई। इसके बाद छोटी संरचनाओं का निर्माण हुआ। वे संरचनाएं फिर बड़ी संरचनाओं में विलीन हो गईं। अंततः विशाल आकाशगंगा समूहों की निर्माण हो पाया। इस आधार पर ब्रह्मांड की आयु के साथ विकास की जानकारी का पता लगाया।

27 अरब वर्ष मानी जाती थी ब्रह्मांड की उम्र

पूर्व में ब्रह्मांड की उम्र 27 अरब साल मानी जाती थी। जिसमे 10 हजार करोड़ आकाशगंगाओं का विशाल समूह है। इधर हमारी अपनी आकाशगंगा की आयु 13 .61 अरब वर्ष मानी जाती है, जबकि हमारे सौर मंडल की आयु 4 .571 वर्ष है। नए शोध में ब्रह्मांड को युवा तो बताया है, लेकिन उम्र का जिक्र नही किया है।

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में 76 साल के इतिहास में सबसे कम विश्वसनीय आम चुनाव

पाकिस्तान में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। आठ फरवरी से आम चुनाव होने वाले हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं।

वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा दौर में हो रही कार्रवाई, पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक है और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस्लामाबाद स्थित राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार जैगम खान का कहना है कि इन चुनावों की कोई वैधता नहीं होगी, यहां तक कि 2018 के चुनावों से भी कम टिकेंगे।

दूसरी तरफ आम चुनाव में इमरान की पार्टी की नइया डावांडोल है। इस्लामाबाद शहर के बाहरी छोर पर जुटे दो दर्जन लोगों की मीटिंग कहीं से भी राजनीतिक दिखाई नहीं पड़ती। चुनाव प्रचार के लिए कोई पोस्टर-पेम्फलेट नहीं। कोई साउंड सिस्टम नहीं। यहां तक कि प्रत्याशी आमिर मुगल खुद महीनों पहले पीटीआई पर सैन्य कार्रवाई के डर से छुप गए थे। अधिकारियों ने पहले ही उनके घर पर छापा मारा था, उनके दो बेटों को गिरफ्तार किया था और सैन्य विरोधी प्रदर्शनों के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। मीडिया को सुरक्षित जगह दिए साक्षात्कार में उन्होंने बताया है कि सेना हम पर पार्टी छोड़ने का दबाव बना रही है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले इसकी ताकतवर सेना अपने पुराने अंदाज में आते हुए पीटीआई का दरकिनार कर रही है।

मनोबल तोड़ने में लगी सेना

पाकिस्तान के सरकारी अधिकारी किसी भी धांधली से इंकार कर रहे हैं। सैन्य कार्रवाइयों के बाद ये पाकिस्तान में होने जा रहे अब तक के सबसे खामोश चुनाव साबित हो रहे हैं। आमतौर पर लोगों से भरी रहने वाली सड़कें चुनावी मौसम में खाली हैं। विश्लेषकों का कहना है कि सेना को उम्मीद है कि पीटीआई समर्थकों का मनोबल तोड़ने से लोग वोट डालने नहीं आएंगे।

चुनावी मैदान में उतरे हाफिज के रिश्तेदार

मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का नया चेहरा माना जाता है। पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। आतंकवाद रोधी अदालतों ने कई मामलों में हाफिज को 31 साल की सजा सुनाई है। लाहौर की जेल में बंद है।

3 हजार महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में

पाकिस्तान में 3 हजार से अधिक महिलायां प्रतिद्वंद्वी पुरुष प्रत्याशियों को ललकारती नजर आ रही है। तीन दिन बाद होने वाला संसदीय एवं प्रांतीय विधानसभा चुनाव उन उल्लेखनीय महिलाओं के लिए इतिहास में दर्ज हो जायेगा, जिन्होंने पाकिस्तानी समाज, राजनीति और संसद के पितृसत्तात्मक आधिपत्य के सामने सपने देखने की हिम्मत की और वहां तक पहुंचने का साहस किया। लोकसभा के 3 हजार से अधिक महिलाओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।